सूर्योदय 7:00 सूर्यास्त 6:12

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.0 न्यू | 19.0 अधि |
| धर्मशाला | 11.0 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,734 |
| निफ्टी | 25,819 |
| सोना 1,52,300 | चांदी 2,37,300 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 19 फरवरी 2026 | 8 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 53, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सलमान के पिता सलीम खान को ब्रेन हेमरेज

**एजेंसी, मुंबई।** सलमान खान के पिता और दिग्गज स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान को ब्रेन हेमरेज हुआ है, जिसके बाद उनकी एक छोटी सी सर्जिकल प्रोसीजर की गई है। लीलावती अस्पताल के डॉक्टर जलील पार्कर ने मीडिया से बातचीत में बताया कि सलीम खान की डिजिटल सब्स्ट्रैक्शन एंजियोग्राफी की गई है। यह कोई ब्रेन सर्जरी नहीं है। डॉक्टर पार्कर के अनुसार, फिलहाल सलीम खान को डिस्चार्ज नहीं किया जाएगा। उन्हें कुछ दिनों तक डॉक्टर्स की निगरानी में रखा जाएगा। हालांकि, उनकी हालत स्थिर है और वे रिकवरी कर रहे हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो उन्हें आज या कल तक वेंटिलेटर सपोर्ट से हटाया जा सकता है, लेकिन डिस्चार्ज को लेकर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है।

### राहुल देश की सुरक्षा के लिए खतरा : रिजिजू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी भारत की सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक इंसान बन गए हैं। वे भारत विरोधी ताकतों से जुड़े हैं। वे नक्सलियों, उग्रवादियों और जॉर्ज सोरोस जैसे लोगों से मिलते हैं। रिजिजू ने ये बातें न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कहीं। रिजिजू ने आगे कहा कि संसद में राहुल का बर्ताव बचकाना और गैर-जिम्मेदाराना है। एक लीडर ऑफ अपोजिशन पूरे विपक्ष को रिप्रेजेंट करता है। संसद के बाहर जाकर लोगों को देशद्रोही कहना, ड्रामा वाले सिट-इन करना और एक अनप्रकाशित किताब लहराना यह सब बच्चों जैसा बर्ताव है। (अनंत ज्ञान)

### महाराष्ट्र में मुस्लिमों के 5% आरक्षण का आदेश रद्द

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के सोशल जस्टिस डिपार्टमेंट ने मंगलवार को एक सरकारी रेजोल्यूशन जारी किया। इसके जरिए सरकार ने अपने 10 साल पुराने उस सरकारी आदेश को कैंसिल कर दिया। जिसमें मुस्लिम कम्युनिटी को एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन और सरकारी और सेमी-गवर्नमेंट नौकरियों में 5% रिजर्वेशन देने की बात कही गई थी। हालांकि पिछले 10 सालों से यह आदेश इनवैलिड रहा है क्योंकि 2014 में कांग्रेस सरकार की तरफ से लाया गया अध्यादेश तय समय (6 हफ्ते) में विधानसभा से पास नहीं कराया जा सका, जिससे यह खुद ही इनवैलिड हो गया था। (अनंत ज्ञान)

### श्रद्धालु अब कोणार्क मंदिर के गर्भगृह में जा सकेंगे

**एजेंसी, कोणार्क।** ओडिशा में स्थित 13वीं शताब्दी के कोणार्क मंदिर के गर्भगृह में अब श्रद्धालु जा सकेंगे। अभी इसमें रेत भरी हुई है जिसे हटाने का काम जारी है। मंदिर के पीछे 15 फीट उंची दीवार है। इसे गिरने से बचाने के लिए अंग्रेजों ने 1903-04 में मंदिर के गर्भगृह में हजारों टन रेत भरवा दी थी। एक सदी से ज्यादा वक्त बीत चुका है, लेकिन आज तक मंदिर के गर्भगृह (जगमोहन हॉल) में कोई नहीं जा सका है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- दैनिक शिक्षण में जीवन कौशल को शामिल करें शिक्षक -पेज 2
- 23 को सभी बच्चों को कृमिनाशक दवा पिलाने का लक्ष्य -पेज 4
- जोनल अस्पताल धर्मशाला में ईडीएल टेंडर प्रक्रिया शुरू -पेज 5
- नई गतिविधियों से कलरफुल होगा होली उत्सव सुजानपुर: एडीसी -पेज 6
- 1.69 लाख के चालान, एक डंपर पर फर्जी नंबर प्लेट्स -पेज 12

# विधानसभा में आरडीजी पर संग्राम

## बजट सत्र के आखिरी दिन सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे के खिलाफ की नारेबाजी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की सियासत का मिज़ाज बुधवार को कुछ यूं गरमाया कि विधानसभा का बजट सत्र बहस से ज्यादा बहसबाजी का अखाड़ा बन गया। राजस्व घाटा अनुदान यानी आरडीजी के मसले ने ऐसा तूल पकड़ा कि सत्ता और विपक्ष आमने-सामने आ डटे। सदन की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई, नारेबाजी के बीच विपक्ष वेल में उतर आया और माहौल में तल्खी साफ झलकने लगी।

सत्र की शुरुआत प्रश्नकाल से हुई, लेकिन असली सियासी तपिश आरडीजी पर चर्चा के दौरान देखने को मिली। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जीएसटी व्यवस्था लागू होने के बाद हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य को आर्थिक झटका लगा है और राजस्व घाटा अनुदान खत्म करना प्रदेश के हितों के खिलाफ है। इस बयान पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सवाल उठाए और सरकार की वित्तीय रणनीति पर निशाना साधा।



विधानसभा परिसर में नारेबाजी करते सीएम व कांग्रेस विधायक। अनंत ज्ञान

### सदन की कार्यवाही 18 मार्च तक स्थगित

**विधानसभा** अध्यक्ष ने हंगामे के बीच कार्यवाही 18 मार्च सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी। अब 18 मार्च से सत्र का दूसरा चरण शुरू होगा, जिसमें राजस्व घाटा अनुदान से जुड़े विधेयक पर निर्णायक चर्चा और संभावित मतदान की राह साफ होगी। साफ है कि हिमाचल की राजनीति में यह मसला महज़ आर्थिक बहस नहीं, बल्कि सियासी अस्तित्व और श्रेय की जंग का प्रतीक बन चुका है। आने वाले दौर में सदन के भीतर और बाहर दोनों जगह इस मुद्दे पर सियासी घमासान और तेज होने के आसार हैं।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्ष जानबूझकर सदन का माहौल बिगाड़ रहा है और गंभीर मुद्दों पर चर्चा से बच रहा है। जवाब में विपक्षी सदस्य अपनी सीटों से उठ खड़े हुए और नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गए। सत्ता पक्ष की ओर से भी जवाबी नारे लगे। कुछ देर के लिए सदन का दृश्य किसी चुनावी रैली से कम नहीं था।

हंगामे के बीच विधायक निधि रोके जाने का मुद्दा भी उठा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पर सर्वदलीय सहमति से निर्णय लिया जाएगा और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर निधि जारी की जाएगी। वहीं, कांग्रेस विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने छोटे बागवानों की पीड़ा को सदन में मुखर किया। उन्होंने आरोप लगाया कि आढ़ती किसानों का पैसा लेकर फरार हो रहे हैं और कार्रवाई महज़ औपचारिकता बनकर रह गई है।

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने स्वीकार किया कि कई मामले लंबित हैं और करोड़ों रुपये की वसूली अभी बाकी है।

### विधानसभा में नई ट्रांसफर पॉलिसी का मुद्दा भी गूंजा

**सदन** में नई ट्रांसफर पॉलिसी का मुद्दा भी गूंजा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नई नीति को अंतिम रूप देने में समय लगेगा और तब तक पुरानी ट्रांसफर पॉलिसी ही लागू रहेगी। उन्होंने कहा कि नई नीति में पारदर्शिता, संतुलन और प्रशासनिक दक्षता को प्राथमिकता दी जाएगी। विपक्ष ने प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की, जबकि सरकार ने संस्थागत सुधारों के साथ चरणबद्ध क्रियान्वयन का पक्ष रखा।

### आरडीजी बहाली का प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजा

**बजट** सत्र के तीसरे दिन राजस्व घाटा अनुदान की बहाली को लेकर सदन में जबरदस्त राजनीतिक घमासान देखने को मिला। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक, आरोप-प्रत्यारोप और नारेबाजी के बीच सरकार द्वारा लाया गया संकल्प ध्वनिमत से पारित हो गया। इसके साथ ही प्रदेश सरकार ने यह प्रस्ताव केंद्र सरकार को प्रेषित कर दिया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में विपक्ष की ओर मुखातिब होते हुए कहा, 'यदि आप राजस्व घाटा अनुदान के पक्ष में समर्थन दे दें तो मैं अपना वक्तव्य यहीं समाप्त कर दूँगा।' उन्होंने कहा कि 'दस हजार करोड़ रुपए का यह अनुदान बंद होना प्रदेश के हित में नहीं है। इसे इतिहास की भूल न बनने दें।' मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकार पर प्रहार करते हुए आरोप लगाया, 'पांच हजार बीघा भूमि एक रुपये के पट्टे पर दे दी गई। प्रदेश के हितों के साथ समझौता किया गया। जो लोग पहले अनुदान की मांग करते थे, वही आज विरोध कर रहे हैं।'

# पंचायत चुनाव : 31 मार्च से पूर्व जारी होगा आरक्षण रोस्टर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पंचायत चुनावों को लेकर प्रदेश सरकार ने बुधवार को डिलिमिटेशन यानी सीमांकन का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है, जिससे गांव-गांव में चुनावी हलचल तेज हो गई है। तय कार्यक्रम के अनुसार 31 मार्च 2026 तक पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों का अंतिम आरक्षण रोस्टर जारी कर दिया जाएगा। रोस्टर जारी होते ही चुनावी तस्वीर काफी हद तक साफ हो जाएगी और प्रत्याशियों की रणनीति को नई दिशा मिलेगी।

◆ **सरकार ने सीमांकन का शेड्यूल किया जारी**

शेड्यूल के मुताबिक 20 फरवरी 2026 तक डिलिमिटेशन प्रस्ताव की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। इसके बाद 27 फरवरी तक सात दिनों की अवधि में आम जनता से आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे, ताकि प्रक्रिया को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाया जा सके। प्राप्त आपत्तियों के आधार पर 2 मार्च 2026 तक सीमांकन का प्रारंभिक प्रकाशन होगा। यदि किसी पक्ष को निर्णय पर एतराज होता है तो वह 11 मार्च 2026 तक अपील दायर कर सकेगा। अपीलों की सुनवाई मंडलीय आयुक्त द्वारा सात दिनों के भीतर की जाएगी और सभी आपत्तियों के निपटारे के बाद 20 मार्च 2026 तक सीमांकन का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि 31 मार्च 2026 तक पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों का अंतिम आरक्षण रोस्टर जारी कर दिया जाएगा। इसी के साथ चुनाव प्रक्रिया औपचारिक रूप से आगे बढ़ेगी और आचार संहिता लागू होने की राह भी प्रशस्त हो सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप तैयारी

**प्रदेश** सरकार ने सभी जिला प्रशासन को समयबद्ध तरीके से प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं, ताकि चुनाव निर्धारित समयसीमा के भीतर संपन्न कराए जा सकें। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय निकाय चुनावों को तय अवधि में कराने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद प्रशासनिक महकमा पूरी तेजी से काम में जुटा है। माना जा रहा है कि रोस्टर जारी होने के तुरंत बाद राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव तिथियों की घोषणा कर सकता है।

### केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा की 37 सीटों पर चुनाव की तारीखों का किया ऐलान

# हिमाचल की एक राज्यसभा सीट पर चुनाव 16 मार्च को

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने बुधवार को 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। 37 सीटों के लिए 16 मार्च को चुनाव कराया जाएगा। जो सीटें खाली हो रही हैं उनमें 12 एनडीए के पास हैं, 25 पर विपक्ष का कब्जा है। सबसे ज्यादा महाराष्ट्र की 7, तमिलनाडु की 6 और पश्चिम बंगाल-बिहार की 5-5 सीटों पर चुनाव कराया जाएगा। हिमाचल की एक सीट पर भी मतदान होगा। प्रदेश से राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का छह वर्ष का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 को पूरा हो रहा है। इससे पहले नए सदस्य के चयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। आयोग की अधिसूचना के साथ ही राजनीतिक गलियारों में हलचल, कयासबाजी और जोड़-तोड़ की चर्चाएं तेज हो गई हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा 26 फरवरी 2026 को अधिसूचना जारी होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 5 मार्च तय की गई है, जबकि 6 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 9 मार्च तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 16 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा और उसी दिन शाम 5 बजे से मतगणना शुरू कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। 68 सदस्यीय हिमाचल विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 35 है। कांग्रेस के पास वर्तमान में 40 विधायक हैं, जो बहुमत से पांच अधिक हैं, जबकि भाजपा के पास 28 सदस्य हैं। पिछले वर्ष हुए राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के कारण सत्तारूढ़ कांग्रेस को अप्रत्याशित झटका लगा था और भाजपा प्रत्याशी को बढ़त मिली थी।



◆ **सांसद गोस्वामी का 9 अप्रैल को पूरा हो रहा कार्यकाल**

### कांग्रेस में तीन दावेदार, भाजपा ने नहीं खोले पत्ते

**कांग्रेस** खेमे में संभावित उम्मीदवारों को लेकर चर्चाओं का बाज़ार गर्म है। पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल के नाम प्रमुख दावेदारों के रूप में उभरकर सामने आ रहे हैं। पार्टी नेतृत्व अंतिम निर्णय पर मंथन कर रहा है। दूसरी ओर भाजपा ने अभी तक अपने प्रत्याशी के नाम को लेकर पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन अंदरखाने रणनीति तैयार की जा रही है। ऐसे में 16 मार्च का यह चुनाव केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतिष्ठा और शक्ति प्रदर्शन की कसौटी भी माना जा रहा है। हिमाचल की सियासत एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ी है, जहां हर वोट का महत्व बढ़ गया है।

# हिमाचल में 11 डीएसपी बने एएसपी

## राज्य सरकार ने स्क्रीनिंग कमेटी की अनुशंसा पर की प्रमोशन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पुलिस महकमे के भीतर एक अहम प्रशासनिक कदम उठाते हुए सरकार ने 11 डीएसपी को पदोन्नत कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर आसीन कर दिया है।

इन अधिकारियों के तैनाती आदेश अलग से जारी किए जाएंगे, लेकिन अगले आदेश तक सभी पदोन्नत अधिकारी अपनी वर्तमान तैनाती स्थल पर ही कार्य करते रहेंगे। सरकार का यह कदम न केवल वरिष्ठता और सेवा रिकॉर्ड के सम्मान का प्रतीक है, बल्कि कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने की मंशा भी दर्शाता है। विभाग के भीतर इस फैसले को सकारात्मक और प्रेरणादायक कदम के रूप में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि क्रम संख्या दो पर पदोन्नत अधिकारी का प्लेसमेंट आदेश एफआईआर संख्या 91/2016 में उनके बरी होने के खिलाफ दायर की जा सकने वाली किसी भी संभावित अपील के अंतिम निर्णय पर निर्भर करेगा। ऐसे में प्रशासनिक प्रक्रिया को कानूनी पहलुओं से जोड़ते हुए सरकार ने संतुलित रुख अपनाया है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों सुनिश्चित हों।

राज्य सरकार ने स्क्रीनिंग कमेटी की अनुशंसा पर हिमाचल प्रदेश पुलिस सर्विस के 11 अधिकारियों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत करने की अधिसूचना जारी की है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, इन अधिकारियों के औपचारिक तैनाती आदेश शीघ्र जारी किए जाएंगे। तब तक सभी अधिकारी अपनी वर्तमान जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहेंगे।

### इन अफसरों को मिला पदोन्नति का तोहफा

**पदोन्नत** अधिकारियों में कुलदीप कुमार, अमित ठाकुर, प्रताप सिंह, अमित शर्मा, मनोहर लाल, विकास कुमार धीमान, हेमंत कुमार, कुलविंद्र सिंह, खजाना राम, राम प्रसाद जसवाल और लाल मान शामिल हैं। इन सभी अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यकाल में विभिन्न जिलों और इकाइयों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं।

# स्वास्थ्य मंत्री की बेटी को सेवाविस्तार देने पर बवाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** आर्थिक चुनौतियों से जूझ रही राज्य सरकार के एक फैसले ने सियासी गलियारों में नई बहस छेड़ दी है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल की बेटी गीतांजलि कश्यप को सेवानिवृत्ति से ठीक पहले छह महीने का सेवाविस्तार दिया गया है। स्कूल शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार उन्हें 1 मार्च से 31 अगस्त तक एक्सटेंशन प्रदान की गई है।

गीतांजलि डाइट सोलन में प्रवक्ता (मनोविज्ञान) के पद पर कार्यरत हैं और इसी माह 58 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाली थीं। सरकार के इस निर्णय के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। विपक्षी दलों और युवा संगठनों ने आरोप लगाया है कि एक ओर सरकार आर्थिक तंगी का हवाला देकर खर्चों में कटौती की बात करती है, वहीं दूसरी ओर प्रभावशाली लोगों को सेवाविस्तार दिया जा रहा है। कई लोगों ने इसे पारदर्शिता और समान अवसर के सिद्धांतों के खिलाफ करार दिया है। इस मामले ने सियासत में एक नया मोड़ ला दिया है और बयानबाजी का सिलसिला तेज हो गया है।

◆ **सोशल मीडिया पर सरकार की हो रही तीखी आलोचना**

हस पूरे घटनाक्रम को और दिलचस्प बनाती है परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि। गीतांजलि कश्यप के पति डॉ. राजेश कश्यप भाजपा से जुड़े रहे हैं और सोलन सीट से चुनाव भी लड़ चुके हैं। दूसरी ओर उनके ससुर धनीराम शांडिल कांग्रेस सरकार में मंत्री पद पर आसीन हैं।

# पहले पत्नी को मार, फिर खुद लगा लिया फंदा

## भरमौर के लोथल में दिल दहलाने वाली वारदात, तीन बच्चे हुए अनाथ

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** हिमाचल प्रदेश के हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र भरमौर उपतहसील धरवाला की ग्राम पंचायत लोथल के गांव लोथल में बुधवार देर रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। यहां एक व्यक्ति ने कथित रूप से अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी की पहचान श्रवण कुमार (लगभग 35-40 वर्ष) पुत्र तानी निवासी गांव लोथल के रूप में हुई है, जो खेतीबाड़ी का काम करता था। बताया जा रहा है कि देर रात वह शराब के नशे में घर पहुंचा और पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ गया कि उसने कथित रूप से पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद उसने घर में पेड़ से लटक कर ही फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।



◆ **फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जुटाए साक्ष्य**

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चंबा अस्पताल भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार आरोपी पहले भी आत्महत्या का प्रयास कर चुका था और अक्सर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था। मृतका परिवार के पालन-पोषण के लिए घोड़े-खच्चर चलाने का कार्य करती थी। दंपती के दो बेटियां और एक बेटा हैं, जिनमें एक बेटी की शादी हो चुकी है। इस घटना से तीनों बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया है।

ग्रामीणों ने मेडिकल कॉलेज परिसर में पहुंचकर गहरा शोक व्यक्त किया और प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल पाएगा।

# नाड़ा खींचना, ब्रेस्ट पकड़ना रेप की कोशिश : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी लड़की के पायजामे का नाड़ा खींचना और ब्रेस्ट पकड़ना रेप की कोशिश माना जाएगा। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें इसे रेप की कोशिश की जगह रेप की तैयारी बताया गया था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई की।



◆ **इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को पलटा**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने आपराधिक कानून के स्थापित सिद्धांतों का गलत इस्तेमाल किया है। कोर्ट ने कहा,'हम हाईकोर्ट की इस बात से सहमत नहीं हैं कि आरोप केवल तैयारी तक सीमित हैं। आरोपियों की हरकत साफ तौर पर रेप की कोशिश की ओर इशारा करती है। पहली नजर में शिकायतकर्ता और अभियोजन ने रेप की कोशिश का मामला बना दिया है।' दरअसल इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 17 मार्च, 2025 को दिए आदेश में कहा था कि ये कृत्य रेप या रेप की कोशिश की केटेगरी में नहीं आते, इसके बाद 'अटेंप्ट टू रेप' का आरोप हटाने का निर्देश दिया था। (अनंत ज्ञान)

# गलगोटिया विवि एआई समिट से बाहर

## पहले चीनी रोबोटिक डॉग और उसके बाद ड्रोन को अपना इनोवेशन बताया

**एजेंसी नई दिल्ली**

चीनी रोबोट और कोरियन ड्रोन को अपना प्रोजेक्ट बताने वाली गलगोटिया यूनिवर्सिटी को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एक्सपो से बाहर निकाल दिया गया है। आयोजकों ने पहले यूनिवर्सिटी के पवेलियन की बिजली काटी, फिर ताला लगाकर बेरीकेडिंग कर दी गई।

◆ **कांग्रेस बोली- सरकार ने देश की इमेज को किया खराब**

यह कार्रवाई उस वीडियो के वायरल होने के बाद हुई है, जिसमें यूनिवर्सिटी ने एक चाइनीज कंपनी के रोबोटिक डॉग को अपनी खुद की खोज बताया था। चीनी रोबो डॉग के साथ ही यूनिवर्सिटी ने कोरियन कंपनी के एक ड्रोन को भी अपना बताया था।

इस पूरे मामले पर कांग्रेस ने कहा कि सरकार ने देश की इमेज खराब की है। चीनी मीडिया ने हमारा मजाक उड़ाया है। यह भारत और करोड़ों देशवासियों के लिए वाकई शर्मिंदगी की बात है। (अनंत ज्ञान)

### ब्राजील के राष्ट्रपति एआई समिट में शामिल होने पहुंचे



**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा बुधवार दोपहर भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। वह यहां इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने आए हैं। दिल्ली पहुंचने पर उनका स्वागत विदेश राज्य मंत्री पवित्रा मार्गेरिटा ने किया। वे 18 से 22 फरवरी तक भारत में रहेंगे। यह दौरा प्रधानमंत्री पीएम मोदी के निमंत्रण पर हो रहा है। इस बार राष्ट्रपति लूला अपने साथ 260 कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल लेकर आए हैं। उनके साथ करीब 14 मंत्री भी पहुंचे हैं।

**बदहाली** एचआरटीसी की 80 फीसदी बसें खटारा होने के बावजूद अपने गंतव्य पर जाने को मजबूर

# 17 लाख किमी का सफर पूरा, फिर भी सड़कों पर दौड़ रहीं बसें

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** एचआरटीसी के 'बेड़े' में खटारा बसों का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। हर महीने इसकी तादाद में इजाफा हो रहा है। 80 फीसदी बसें खटारा हो चुकी हैं, लेकिन फिर भी अपने गंतव्य पर जाने के लिए मजबूर हैं। 17 लाख का सफर जो बस मुकम्मल कर चुकी हो और फिर भी सवारियों को ढोने में लगी हुई हो, यकीन मानिए ऐसी हालत शायद पहली मर्तबा देखी जा रही है, लेकिन अधिकारी मजबूर हैं। यह स्थिति कोई हमीरपुर डिपो तक ही सीमित नहीं है, प्रदेश के ज्यादातर डिपो में यही हालत है। सड़कों पर बसों के ब्रेकडाउन होने का सिलसिला भी लगातार बढ़ रहा है। 'कल पुर्जों' की कमी है। अधिकारियों की मजबूरी यह है कि प्रेशर के बीच में न चाह कर भी खटारा बसों को वे अब विश्राम देने की स्थिति में नहीं लग रहे हैं।

### पंजाब को जाने वाली ज्यादातर बसें खटारा



**पंजाब** के अलग-अलग शहरों में जिन बसों को भेजा जा रहा है, उनकी शक्ल-सूरत देखकर सवारी बैठने से ही कतरा जाती है। वे खटारा हो चुकी हैं। प्रतिस्पर्धा की इस जमाने में नुकसान एचआरटीसी को ही हो रहा है। दरअसल, वर्ष 2017 के बाद 2 साल तक तो कुछ नई बसें 'बेड़े' में शामिल होती रहीं। नई बसों के आने पर पुराना फ्लीट हटा दिया जाता था, मगर अब पिछले कई सालों से नई बसे बेड़े में शामिल नहीं हुई हैं। बसों की दिक्कत तो है ही कर्मचारियों की भर्ती भी नहीं हो पा रही है, वह भी अधर में लटकी हुई है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### नए रूट्स के लिए केवल प्रपोजल्स ही बन रहे

**हमीरपुर** डिपो में ही करीब 20 बसें 17 लाख किमी से ज्यादा का सफर तय कर चुकी हैं। ऐसी बसें किसी भी सूरत में रोड पर नहीं होनी चाहिए। इन्हें नीलाम कर दिया जाना चाहिए, लेकिन इन खटारा बसों में यात्रियों को ढोया जा रहा है। नियमों के तहत ऐसी बसों को किसी भी सूरत में नहीं चलाया जाना चाहिए। हमीरपुर डिपो में लॉन्ग रूट के जिन नए रूट को शुरू किया जाना चाहिए था और उनकी डिमांड भी है, उन पर केवल प्रपोजल्स तैयार हो रही हैं। दो-ढाई साल से कोई भी नया रूट शुरू नहीं हो पाया है। कुछ रूटों को मॉडिफाई करके उनका रूट बढ़ाया गया है, लेकिन मुकम्मल तौर पर नई बसें इक्का-दुक्का चली हों तो उसका ज्यादा मतलब नहीं है।

### क्या कहते हैं निगम के अधिकारी?

**हमीरपुर** परिवहन निगम के वरिष्ठ अधिकारी और डीएम राजकुमार पाठक का कहना है कि पुरानी बसों का रखरखाव अच्छे से करके उन्हें चलाया जा रहा है। कुछ दिक्कतें हैं, लॉन्ग रूट पर जहां नई बसें होनी चाहिए हैं, लेकिन अभी उनका इंतजार हो रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं को दिए संवैधानिक अधिकारों के टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के गंज बाजार स्थित वाइब्रेशन हॉल में हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग की ओर से महिलाओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोग की अध्यक्षा विद्या नेगी ने की। इस अवसर पर महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों, सुरक्षा से जुड़े कानूनों और विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। अध्यक्षा ने कहा कि शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों तक भी जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं को उनके हक और अधिकारों के प्रति सजग किया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर और जागरूक बन सकें। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. तहसीम ने महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी ममता पॉल ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, महिला आयोग के प्रतिनिधि, छात्राएं और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### महानगर खेलो कुंभ युवाओं में दिखा जोश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिमला महानगर इकाई की ओर से युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, संगठन शक्ति और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महानगर खेलो कुंभ का शुभारंभ किया गया। इस आयोजन में शहर के विभिन्न महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों से आए युवाओं ने उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। खेल मैदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी और जोश ने पूरे वातावरण को प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. किमी सूद ने कहा कि राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव सशक्त, अनुशासित और स्वस्थ युवा शक्ति से ही पड़ती है। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को सही दिशा देने का प्रभावी माध्यम हैं और इस प्रकार के आयोजन नेतृत्व क्षमता, टीम भावना तथा संघर्षशीलता को विकसित करते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित खेलो भारत की राष्ट्रीय सह-संयोजक शिवानी चौहान ने भी परिषद के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और सकारात्मक परिवर्तन का आधार हैं। महानगर खेलो कुंभ के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने खेल भावना के साथ प्रदर्शन किया। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया।

### व्यापारियों व ढाबा मालिकों को दिए सड़क सुरक्षा के टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला। सिविल अस्पताल जुन्गा में बुधवार को सड़क सुरक्षा तथा प्राथमिक उपचार विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय व्यापार मंडल के सदस्यों के साथ सड़क किनारे होटल, ढाबा और दुकानों का संचालन करने वाले व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोज वर्मा ने कहा कि सड़क दुर्घटना के समय सर्वप्रथम आसपास के दुकानदार, ढाबा संचालक और स्थानीय नागरिक ही राहत व बचाव कार्य में जुटते हैं, इसलिए उन्हें प्राथमिक उपचार की विधियों का व्यावहारिक ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान घायलों को चिकित्सकीय दल के पहुंचने से पूर्व उपलब्ध संसाधनों से प्राथमिक उपचार देने, पट्टी बांधने, रक्तस्राव रोकने, हृदयगति रुकने की स्थिति में कृत्रिम श्वसन अर्थात सीपीआर देने तथा फ्रैक्चर होने पर लकड़ी की पट्टियों के सहारे अस्थायी स्थिरीकरण करने की विधियां समझाई गईं। डॉ. वर्मा ने सड़क हादसों को चार श्रेणियों–रेड, येलो, ग्रीन और ब्लैक–में विभाजित करते हुए बताया कि गंभीर अवस्था वाले रेड श्रेणी के घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत अस्पताल पहुंचाना चाहिए, जबकि येलो और ग्रीन श्रेणी के घायलों को क्रमवार उपचार हेतु भेजा जाना चाहिए तथा ब्लैक श्रेणी में आने वाले मृत व्यक्तियों को भी नियमानुसार अस्पताल ले जाना आवश्यक होता है। उन्होंने दुर्घटना की सूचना तुरंत प्रशासन अथवा पुलिस को देने की अपील की ताकि राहत कार्य समयबद्ध ढंग से संचालित हो सकें। शिविर में व्यापार मंडल प्रधान राजेश कौशल, संदीप सूद, प्रताप ठाकुर, मनीराम होटल संचालक, दीपक सहित विभिन्न वर्गों के लोगों की उपस्थिति रही।

# अतिक्रमण नीति पर सुप्रीम कोर्ट के कारण बताओ नोटिस में फंसी सरकार

## राहत बनाम सख्ती का दिख रहा टकराव, नीति, न्याय व पर्यावरण की होगी परीक्षा

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में जंगलों और सरकारी भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर न्यायिक गलियारों में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए पूछा है कि 16 दिसंबर 2025 को दिए गए निर्देशों के बाद अब तक अतिक्रमण नीति बनाने की दिशा में क्या ठोस कदम उठाए गए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जायमाल्य बागची की खंडपीठ ने न केवल सरकार से जवाब तलब किया है, बल्कि हाई कोर्ट के समक्ष चल रही संबंधित कार्रवाइयों पर भी रोक लगा दी है। अगली सुनवाई 6 अप्रैल को निर्धारित है, जहां सरकार को अपनी अनुपालन रिपोर्ट पेश करनी होगी।

जानकारी के अनुसार दरअसल, 16 दिसंबर 2025 को शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया था कि अतिक्रमण जैसे संवेदनशील विषय पर राज्य को एक समग्र और न्यायसंगत पॉलिसी बनानी चाहिए, ताकि छोटे किसानों और बागवानों को अनावश्यक बेदखली से राहत मिले, जबकि बड़े पैमाने पर वन भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। इसके समानांतर हाईकोर्ट ने शिमला जिला के बाघी और रतनाड़ी क्षेत्रों से जुड़े मामलों में विस्तृत रिपोर्ट तलब कर दी थी, जिसमें हर अतिक्रमणकारी का नाम, निजी भूमि का ब्योरा और वन भूमि पर कब्जे का विवरण मांगा गया। यही समानांतर आदेश अब न्यायिक चूहा-दौड़ का रूप लेती दिखाई दे रहे हैं।

राज्य सरकार की दुविधा भी कम नहीं है। एक ओर वह दावा करती रही है कि हिमाचल ने हरित क्षेत्र बढ़ाने में देश में मिसाल कायम की है और पर्यावरण संरक्षण के एवज में विशेष आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए। दूसरी ओर, जंगलों में बढ़ते अतिक्रमण के आरोप उसकी नीतियों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। यदि सरकार छोटे किसानों को राहत देती है तो बड़े अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई का दबाव बढ़ता है; और यदि सख्ती दिखाती है तो सामाजिक और राजनीतिक प्रतिरोध सामने आ जाता है। ऐसे में यह मुद्दा अब केवल कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संतुलन का भी बन गया है।

बुद्धिजीवियों का मत है कि वास्तविकता को समझे बिना केवल आदेशों और स्थगनों की श्रृंखला से समाधान नहीं निकलेगा। छोटे स्तर पर चार-पांच बीघा भूमि पर आश्रित परिवारों और बड़े स्तर पर वन संपदा पर कब्जा जमाए प्रभावशाली लोगों में स्पष्ट अंतर करना होगा। अक्सर देखा गया है कि निचले तबके पर कार्रवाई तेज होती है, जबकि बड़े मामलों में कानूनी दांव-पेंच और आंदोलन की आड़ में प्रक्रिया लंबी खिंच जाती है। इससे आम जनता में यह धारणा बनती है कि नीति और न्याय के बीच कहीं न कहीं असंतुलन है।

### पारदर्शी और संतुलित नीति लाने की जरूरत

**अब** सवाल यह है कि क्या सरकार एक पारदर्शी, संतुलित और व्यावहारिक अतिक्रमण नीति ला पाएगी, या यह मामला अदालतों के बीच लंबित रहकर और उलझेगा। पर्यावरण संरक्षण आज केवल नारा नहीं, बल्कि अस्तित्व का प्रश्न है। यदि जंगल बचेंगे तो हिमाचल की पहचान बचेगी। ऐसे में न्यायपालिका, सरकार और समाज, तीनों को मिलकर एक ऐसी राह निकालनी होगी, जहां न तो पर्यावरण की बलि चढ़े और न ही न्याय की आवाज दबे। आने वाले हफ्ते तय करेंगे कि यह विवाद समाधान की ओर बढ़ेगा या फिर एक और लंबी कानूनी जंग का आगाज होगा।

# दिल्ली में कांग्रेस की अहम बैठक 20 को : विनय कुमार

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि 20 फरवरी को नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी। इस बैठक में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश मंत्रिमंडल के सभी सदस्य, प्रदेश मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल तथा सह प्रभारी चेतन चौहान और विदित चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। नई दिल्ली रवाना होने से पूर्व विनय कुमार ने कहा कि बैठक में प्रदेश की ताजा सियासी सूरत-ए-हाल और संगठन के पुनर्गठन को लेकर गंभीर विचार-विमर्श किया जाएगा।

◆ **प्रदेश के मुद्दों पर होगा गहन मंथन**

उन्होंने बताया कि 16वें वित्त आयोग द्वारा प्रदेश का राजस्व घाटा अनुदान बंद किए जाने से उत्पन्न हालात पर विस्तार से चर्चा होगी और केंद्रीय आलाकमान को पूरी वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाएगा। विनय कुमार ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा हिमाचल के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है, जिससे प्रदेश की आर्थिक सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि इस मसले पर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री से मिलने का समय भी मांगेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हाल ही में अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते से हिमाचल के सेब बागवानों को संभावित नुकसान का मुद्दा भी बैठक में प्रमुखता से उठाया जाएगा। इसके साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कानून, मनरेगा को कमजोर करने के विरोध में प्रदेश में चल रहे आंदोलन की पूरी रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष रखी जाएगी, ताकि संगठनात्मक और राजनीतिक रणनीति तय की जा सके।

# एनएच-5 पर एसडीएम कार्यालय के समीप पैदल अंडरपास का होगा निर्माण

अनंत ज्ञान



**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** नगर परिषद रामपुर के तहत एनएच-5 पर उपमंडलाधिकारी (ना.) कार्यालय के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर बढ़ते यातायात और पैदल चलने वालों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पैदल अंडरपास निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है। इस संबंध में उपमंडलाधिकारी (ना.) रामपुर बुशहर द्वारा अधिशाषी अभियंता (राष्ट्रीय राजमार्ग), लोक निर्माण विभाग रामपुर को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि एसडीएम कार्यालय एनएच-5 के किनारे स्थित है, जहां दिनभर भारी एवं तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। लगातार बढ़ते यातायात के कारण सड़क पार करना आम लोगों के लिए अत्यंत जोखिम भरा हो गया है।

पूर्व में इसी स्थान पर पैदल ओवरब्रिज निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन था, लेकिन वह किसी कारण संभव नहीं हो पाया। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए जनसुरक्षा एवं सुविधा के मद्देनजर अब पैदल अंडरपास निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र परीक्षण करने का आग्रह किया गया है। प्रशासन का मानना है कि अंडरपास के निर्माण से दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा राष्ट्रीय राजमार्ग पर पैदल आवाजाही सुगम और सुरक्षित होगी।

# हिमाचल में बढ़ी ठंड, तापमान में आई गिरावट

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर अचानक करवट बदल ली है और पहाड़ों पर सर्दी की वापसी ने लोगों को चौंका दिया है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है, जबकि निचले इलाकों में ठंडी हवाओं और बादलों ने तापमान को नीचे खींच लिया है। जनजातीय और दुर्गम पर्वतीय इलाकों में रात से हल्की बर्फबारी दर्ज की गई, जिससे पूरे प्रदेश में ठंड का असर फिर गहरा गया है। राजधानी शिमला में भी सुबह से सर्द हवाओं ने लोगों को गर्म कपड़ों, हीटर और अलाव का सहारा लेने पर मजबूर कर दिया।

◆ **अटल टनल के पास बर्फबारी, 23 फरवरी को फिर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ**

जानकारी के अनुसार दोपहर बाद अटल टनल रोहतांग के छोर पर बर्फ के फाहे गिरने लगे तो वहां मौजूद पर्यटकों की खुशी देखते ही बनी। बर्फबारी की हल्की चादर ने आसपास की वादियों को सफेद आभा से ढक दिया। पर्यटन कारोबारियों के चेहरे पर रौनक लौट आई है, क्योंकि फरवरी के इस पड़ाव पर बर्फबारी को सीजन के लिए शुभ संकेत माना जा रहा है। सोशल मीडिया पर भी बर्फबारी के वीडियो तेजी से साझा किए जा रहे हैं।

मौसम विभाग शिमला के अनुसार ताजा पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और चंबा की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है। कई स्थानों पर दिनभर बादल छाए रहने से धूप का असर कम रहा और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि 19 से 22 फरवरी तक अधिकांश क्षेत्रों में मौसम सामान्यत: शुष्क रह सकता है, लेकिन 23 फरवरी को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जिससे ऊंचे क्षेत्रों में फिर बर्फबारी और कुछ स्थानों पर वर्षा हो सकती है।

### मोदी सरकार विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण को प्रतिबद्ध : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार भारत और हिमाचल प्रदेश में विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि बजट 2026-27 में कनेक्टिविटी और पूंजीगत व्यय पर विशेष ध्यान दिया गया है। हिमाचल को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कर हस्तांतरण के तहत 13,949 करोड़ आवंटित किए गए हैं। पिछले दशक में राज्य को कर देवोल्यूशन के माध्यम से लगभग 76,799 करोड़ और अनुदान सहायता के रूप में 1.41 लाख करोड़ से अधिक राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि विशेष सहायता योजना के तहत 50 वर्षीय ब्याज-मुक्त ऋण से वर्ष 2020-21 से जनवरी 2026 तक हिमाचल को 8,309 करोड़ से अधिक मिले, जिससे सड़कों और सार्वजनिक परियोजनाओं को गति मिली है।



उन्होंने बताया कि भानुपल्ली-बिलासपुर-मनाली-लेह रेल लाइन सहित लगभग 255 किलोमीटर की नई रेलवे परियोजनाओं पर 13,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश जारी है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अंब इंदौरा, बैजनाथ पपरोला, पालमपुर हिमाचल और शिमला स्टेशनों का विकास हो रहा है, जबकि अंब इंदौरा-नई दिल्ली वंदे भारत सेवा से तेज कनेक्टिविटी मिली है। राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क भी तेजी से बढ़ा है और भारतमाला परियोजना के अंतर्गत 167 किलोमीटर के रणनीतिक कॉरिडोर पर कार्य जारी है। किरतपुर-नेरचौक खंड तथा अटल टनल, रोहतांग जैसी परियोजनाओं ने प्रदेश में हर मौसम संपर्क सुनिश्चित किया है।

# सीपीएम 24 मार्च को दिल्ली में करेगी शक्ति प्रदर्शन




शिमला में आयोजित बैठक में उपस्थित माकपा नेता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में 24 मार्च को दिल्ली कूच का ऐलान किया है। पार्टी के अनुसार हिमाचल प्रदेश से इस रैली में एक हजार से अधिक कार्यकर्ता भाग लेंगे।

◆ **9-19 मार्च तक हिमाचल में चलेगा जत्था अभियान**

इसके तहत 9 से 19 मार्च तक पूरे प्रदेश में जत्था अभियान चलाया जाएगा। पांवटा साहिब से शुरू होकर शिमला में समाप्त होने वाले इस अभियान के दौरान कुल्लू, रोहड़ू, रामपुर, कांगड़ा, धर्मशाला, चंबा, ऊना, बिलासपुर और सोलन सहित विभिन्न जिलों में जनसभाएं, नुक्कड़ नाटक और गांव-गांव संपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पार्टी ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते, चार लेबर कोड, बिजली विधेयक 2025, मनरेगा में कटौती और स्मार्ट मीटर जैसी नीतियां जनविरोधी हैं। इनके कारण किसान, बागवान, श्रमिक और आम उपभोक्ता प्रभावित होंगे। पार्टी ने लोगों से एकजुट होकर केंद्र की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया।

### राजस्व घाटा अनुदान बंद करना हिमाचल के साथ अन्याय : प्रतिभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि प्रदेश के साथ होने वाला कोई भी अन्याय कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने भाजपा नेताओं से आग्रह किया कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राजस्व घाटा अनुदान बंद करने के निर्णय के खिलाफ साफ और सच्चे मन से आवाज उठाएं। उनका कहना है कि इस फैसले से हिमाचल की आर्थिकी पर प्रतिकूल असर पड़ेगा, जो प्रदेश के भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है।



◆ **केंद्र के फैसले पर पुनर्विचार की मांग**

प्रतिभा सिंह ने जारी प्रेस बयान में स्पष्ट किया कि राजस्व घाटा अनुदान बंद करना पहाड़ी राज्य के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं शीघ्र ही दिल्ली जाकर केंद्रीय नेताओं से मुलाकात करेंगी और प्रदेश की वास्तविक स्थिति से उन्हें अवगत करवाएंगी, ताकि हिमाचल की आवाज मजबूती से राष्ट्रीय स्तर पर रखी जा सके। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि वह इस फैसले पर पुनर्विचार करते हुए राजस्व घाटा अनुदान को बहाल करे, ताकि विकास योजनाओं को रफ्तार मिल सके। उनका कहना था कि प्राकृतिक आपदाओं ने पहले ही प्रदेश को गहरे जख्म दिए हैं और पुनर्निर्माण कार्यों से आर्थिक बोझ बढ़ा है। ऐसे हालात में केंद्र को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए हिमाचल की मदद जारी रखनी चाहिए।

# यूजीसी रेगुलेशन 2026 पर शिमला में मंथन

## एसएफआई सेमिनार में उच्च शिक्षा में समानता और पारदर्शिता पर जोर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला के कैथू स्थित चितकारा पार्क में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) शिमला जिला कमेटी द्वारा यूजीसी रेगुलेशन 2026 के समर्थन में एक सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, अधिवक्ताओं और शिक्षा से जुड़े बुद्धिजीवियों ने भाग लिया।

सेमिनार में उच्च शिक्षा के समक्ष चुनौतियां, विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता, शिक्षा की गुणवत्ता, पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था तथा छात्र-शिक्षक अधिकारों की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य वक्ता के रूप में एसएफआई हिमाचल प्रदेश के राज्य अध्यक्ष अनिल ठाकुर और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के अधिवक्ता विश्वभूषण उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने कहा कि हाल ही में लागू यूजीसी नियम उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। अधिवक्ता विश्वभूषण ने बताया कि पिछले वर्षों में जातिगत भेदभाव से जुड़ी शिकायतों में वृद्धि हुई है और अनुसूचित जाति वर्ग के संकाय सदस्यों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने समान अवसर प्रकोष्ठ और एससी/एसटी प्रकोष्ठ की लोकतांत्रिक संरचना, निष्पक्ष प्रतिनिधित्व और छात्र सहभागिता सुनिश्चित करने की मांग की।



यूजीसी रेगुलेशन के समर्थन में आयोजित सेमिनार में उपस्थित छात्र। अनंत ज्ञान

एसएफआई नेताओं ने कहा कि यूजीसी विनियम पहला कदम है और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से स्वतंत्र बाहरी वैधानिक समिति के गठन, आपराधिक मामलों में स्पष्ट नियमों और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की।

कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष विवेक नेहरा और जिला सचिव पवन कुमार ने छात्र समुदाय से सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

# दैनिक शिक्षण में जीवन कौशल को शामिल करें शिक्षक : डॉ. राजेश शर्मा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल सरकार ने स्कूली शिक्षा को अधिक व्यवहारिक, संवेदनशील और जीवनोपयोगी बनाने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए स्कूलों में लाइफ स्किल-माइंडफुलनेस आधारित शिक्षण लागू करने की शुरुआत की है। इसी क्रम में समग्र शिक्षा द्वारा भारती एयरटेल फाउंडेशन के सहयोग से तैयार किए गए पाठ्यक्रम पर बुधवार से शिमला के होटल होलीडे होम में शिक्षकों की दो दिवसीय कार्यशाला आरंभ हुई। कार्यशाला में समग्र शिक्षा के निदेशक डॉ. राजेश शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

डॉ. राजेश शर्मा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन कौशल को केवल पाठ्य सामग्री तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उसे विद्यार्थियों के व्यवहार,



संबोधित करते डॉ. राजेश शर्मा।

◆ **शिक्षकों पर अतिरिक्त भार नहीं, समन्वित ढंग से होगा क्रियान्वयन**

संवाद और सोच का हिस्सा बनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पाठ्यक्रम को इस प्रकार तैयार किया गया है कि शिक्षकों पर किसी प्रकार का अतिरिक्त शैक्षणिक बोझ न पड़े। इसे मौजूदा पाठ्यक्रम के साथ समन्वित करते हुए सहज रूप में कक्षा शिक्षण में शामिल किया जाएगा। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने जिलों में अन्य शिक्षकों तक इस ज्ञान और अनुभव को पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाएं।

कार्यशाला में प्रदेश की विभिन्न डाइटों के रिसोर्स पर्सन्स, जिला परियोजना अधिकारी, डाइट प्राचार्य तथा शिमला जिला के शिक्षा खंडों से आए प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षक शिल्की भाटिया प्रतिभागियों को समस्या समाधान, आत्म-जागरूकता, प्रभावी संवाद, रचनात्मक एवं आलोचनात्मक चिंतन, समय प्रबंधन, सहानुभूति और तनाव प्रबंधन जैसे प्रमुख जीवन कौशल पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दे रही हैं।

भारती एयरटेल फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑपरेशन हेड समीर शाह ने कहा कि इस पहल को वर्तमान शिक्षण प्रक्रिया के साथ जोड़ते हुए लागू किया जाएगा और समय-समय पर इसकी समीक्षा कर इसे और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

### 28 तक करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर की अध्यक्षता में आज वर्चुअल माध्यम से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेशभर से अधिकारी और कर्मचारी जुड़े। बैठक में बोर्ड की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा पंजीकृत श्रमिकों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि प्रदेश में बोर्ड के अंतर्गत 4.77 लाख श्रमिक पंजीकृत हैं। इन सभी पंजीकृत श्रमिकों की ई-केवाईसी प्रक्रिया जारी है, जो 28 फरवरी तक पूर्ण की जानी है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे इस कार्य को समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी श्रमिक को योजनाओं के लाभ से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने पंजीकृत श्रमिकों से आग्रह किया कि वे अपने नजदीकी कार्यालयों अथवा फील्ड में लगाए जा रहे विशेष शिविरों में पहुंचकर शीघ्र ई-केवाईसी की औपचारिकता पूरी करें। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी पूर्ण होने से पारदर्शिता बढ़ेगी और लाभ सीधे पात्र श्रमिकों तक पहुंचेगा।

**झटका** — बागवानों को नहीं मिल रहीं उन्नत किस्में, महंगे दामों में खरीदने पड़ रहे पौधे

# हिमाचल में बेहतर फलदार पौधों का बढ़ा संकट

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बागवानी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के दावे एक बार फिर सवालों के घेरे में हैं। राज्य बागवानी विभाग ने उन्नत फलदार पौधों के साथ बड़े पौधरोपण अभियान की शुरुआत तो कर दी, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से मेल नहीं खा रही। फरवरी का आधा महीना बीतने के बाद शुरू हुए इस अभियान को लेकर बागवानों में असंतोष और मायूसी साफ झलक रही है।

जानकारी के अनुसार उपोष्णकटिबंधीय परियोजना के तहत लगाए जा रहे पौधों को लेकर प्रचार-प्रसार तो खूब हुआ, मगर कई जिलों के अलावा खासकर शिमला जिला के जुब्बल-कोटखाई और आसपास के इलाकों में बागवानों को उनकी मांग के अनुरूप उन्नत किस्में उपलब्ध नहीं हो पा रहीं। विभागीय नर्सरियों में केवल सीमित प्रजातियां जैसे जापानी फल या प्लम ही उपलब्ध हैं, जबकि जिन उन्नत वैरायटियों, अर्ली रॉयल, रॉयल डिलिशियस और अन्य उच्च गुणवत्ता वाली किस्मों का वादा किया गया था, वे अधिकांश स्थानों पर नदारद हैं। बागवानों का कहना है कि उन्हें न तो समय पर सूचना दी गई और न ही समुचित मार्गदर्शन। कई ग्रामीणों को तो यह भी पता नहीं कि किस पंचायत में कब पौधे वितरित किए जा रहे हैं। प्रचार के अभाव और देरी से शुरू हुए अभियान ने स्थिति को और उलझा दिया है। परिणामस्वरूप मजबूरन बागवानों को निजी नर्सरियों की ओर रुख करना पड़ रहा है, जहां पौधे महंगे दामों पर मिल रहे हैं और उनकी गुणवत्ता भी संदेह के घेरे में रहती है।



गंभीर चिंता यह भी है कि कई निजी नर्सरियां पंजीकृत नहीं हैं। ऐसे में रोगग्रस्त या निम्न गुणवत्ता वाले पौधों के बागों में फैलने का खतरा बना रहता है। विभाग भले ही बाहरी राज्यों से आने वाले अप्रमाणित पौधों पर छापेमारी और निगरानी के दावे करता रहा हो, लेकिन जमीनी स्तर पर यह कार्रवाई केवल औपचारिकता भर दिखाई दे रही है। बागवानों का आरोप है कि कुछ स्थानों पर दिखावटी कार्रवाई कर खानापूर्ति की जाती है, जबकि वास्तविक समस्या जस की तस बनी रहती है।

### समय पर रोग मुक्त पौधे उपलब्ध कराने की जरूरत

**बागवानी** विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय पर प्रमाणित और रोगमुक्त पौधे उपलब्ध न कराए गए तो आने वाले वर्षों में उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। हिमाचल की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा बागवानी पर टिका है, ऐसे में योजनाओं का कागजी रह जाना प्रदेश की ग्रामीण आजीविका पर सीधा प्रहार होगा।

### गुणवत्तापूर्ण पौधों की प्रतीक्षा में बागवान

**सरकार** और विभाग के बड़े-बड़े दावों के बीच बागवान आज भी गुणवत्तापूर्ण पौधों की प्रतीक्षा में हैं। सवाल यह है कि जब अभियान की योजना पहले से थी तो पौधों की पर्याप्त उपलब्धता और पारदर्शी वितरण व्यवस्था सुनिश्चित क्यों नहीं की गई। यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो यह महत्वाकांक्षी अभियान भी खोखले वादों की सूची में शामिल हो सकता है।

# विधायक निधि पर सदन में घमासान

## आरडीजी और आर्थिक संकट के बीच सियासी संग्राम, महिला मंडलों को राशि देने पर मुख्यमंत्री का तीखा तंज

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में बुधवार को विधायक निधि और राजस्व घाटा अनुदान को लेकर ऐसा सियासी तूफान उठा कि पूरा सदन गरमा गया। प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी भाजपा विधायकों ने सरकार पर निधि रोकने का इल्जाम लगाया और नारेबाजी करते हुए कड़ा एहतिजाज दर्ज कराया। जवाब में सरकार की ओर से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पलटवार करते हुए वित्तीय हालात और पूर्व सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए। सदन का माहौल देर तक तल्ख रहा।



### प्रकाश राणा बोले–विधायक निधि नहीं तो इस्तीफा देना बेहतर



**जोगिंद्रनगर से** भाजपा विधायक प्रकाश राणा ने प्रश्नकाल में कहा कि यदि विधायकों को वित्तीय शक्तियां ही नहीं दी जानी हैं तो उनके पद का क्या औचित्य रह जाता है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ऐसी स्थिति में इस्तीफा दे देना बेहतर होगा। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आपदा के बाद विधायकों ने अपने क्षेत्रों में जो घोषणाएं की थीं, उनके लिए बजट पारित होने के बावजूद राशि जारी नहीं की जा रही। उन्होंने 31 मार्च से पहले निधि जारी करने की मांग की।

### सुक्खू ने विधायक निधि पर दी सफाई आर्थिक हालात को बताया चुनौतीपूर्ण



**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि 1.10 करोड़ रुपए के टोकन शीघ्र जारी कर दिए जाएंगे और आरडीजी पर विस्तृत चर्चा के बाद विपक्ष के वरिष्ठ विधायकों के साथ बैठक कर स्थिति स्पष्ट की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश की आर्थिक हालत चुनौतीपूर्ण है और केंद्र से राजस्व घाटा अनुदान बंद होने का सीधा असर पड़ा है। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने प्रकाश राणा पर पलटवार करते हुए कहा कि कुल निधि का केवल 10 प्रतिशत ही विशेष मदों में खर्च किया जा सकता है, फिर 543 महिला मंडलों को बड़ी राशि कैसे दे दी गई। उन्होंने तंज किया कि विधायक आर्थिक रूप से समर्थ हैं तो दान अपनी ओर से दें, विधायक निधि विकास कार्यों पर खर्च होनी चाहिए।

### पूर्व सरकार पर डिप्टी सीएम का हमला

**उधर,** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पूर्व भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन की 37.85 करोड़ रुपए की राशि से धर्मपुर और सराज में 19 रेस्ट हाउस बना दिए गए, जबकि मिशन का उद्देश्य पेयजल योजनाओं को सुदृढ़ करना था। अब भारत सरकार ने इस निर्माण पर आपत्ति जताते हुए धनराशि देने से मना कर दिया है, जिसका बोझ राज्य सरकार को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में कैबिनेट की मंजूरी के बिना कोई रेस्ट हाउस निर्माण नहीं होगा।

### सियासत बनाम विकास का सवाल

**सदन** में जारी आरोप-प्रत्यारोप के बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समय राजनीति करने का नहीं, बल्कि प्रदेश के विकास के लिए साझा जिम्मेदारी निभाने का है। विपक्ष ने जहां निधि रोकने को लोकतांत्रिक अधिकारों पर चोट बताया, वहीं सरकार ने वित्तीय अनुशासन और सीमित संसाधनों का हवाला दिया। कुल-मिलाकर बजट सत्र का तीसरा दिन तीखी बहस, नारेबाजी और तल्ख बयानबाजी के नाम रहा, जिसने प्रदेश की सियासत में नई गरमी भर दी।

# हिमाचल विधानसभा में गरजा जनादेश

## आरडीजी पर तीन दिन की बहस, सत्ता पक्ष का ठोस प्रस्ताव पारित

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में बुधवार को सियासत अपने शबाब पर रही। जनादेश की ताकत और कार्य–अंकुश की नीति के साथ आगे बढ़ रही सुक्खू सरकार ने राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) के मुद्दे पर अपना रुख पूरी दृढ़ता से रखा। सदन के भीतर तीन दिन चली बहस के बाद सरकार ने आरडीजी बहाली का संकल्प पारित कर केंद्र को भेजने का निर्णय लिया। इस दौरान विपक्ष के हंगामे से कुछ देर के लिए कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी, लेकिन दोबारा शुरू होते ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पूरे आत्मविश्वास के साथ जवाब देकर सत्ता पक्ष का तेवर साफ कर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट से पहले वे चार बार केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगड़िया से मिल चुके हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आरडीजी की टेपरिंग से हिमाचल को हुए नुकसान को देखते हुए 2026 से 2031 तक इसे समान स्तर पर बनाए रखने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की माली हालत बिगड़ी, जबकि मौजूदा सरकार सीमित संसाधनों के बावजूद जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है और पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल कर कर्मचारियों से किया वादा निभाया है।



### हिमाचल की सियासत को मिली नई धार

**वित्त** आयोग की सिफारिशों और आरडीजी पर जारी खींचतान ने हिमाचल की सियासत को नई धार दे दी है। अब निगाहें केंद्र सरकार के अगले कदम पर टिकी हैं, जबकि राज्य सरकार ने साफ कर दिया है कि प्रदेश के हितों से कोई समझौता नहीं होगा।

सदन में आरडीजी पर लाए गए सरकारी संकल्प पर सत्ता और विपक्ष दोनों पक्षों के सदस्यों ने अपनी–अपनी बात रखी। कांग्रेस ने केंद्र पर आरडीजी बंद करने की सिफारिश को लेकर सवाल उठाए, वहीं विपक्ष ने राज्य सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन के आरोप लगाए। बहस के दौरान शोर–शराबे के बीच विपक्ष वेल में पहुंच गया, जिस पर स्पीकर को दस मिनट के लिए कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। बाद में कार्यवाही पुनः शुरू हुई तो माहौल और भी राजनीतिक रंग में रंग गया।

सरकार का तर्क है कि भाजपा सरकार को आरडीजी और जीएसटी प्रतिपूर्ति के रूप में करीब 70 हजार करोड़ रुपए मिले, जबकि वर्तमान सरकार को तीन वर्षों में लगभग 17 हजार करोड़ रुपए ही प्राप्त हुए हैं। इसके बावजूद कांग्रेस सरकार विकास की रफ्तार बनाए हुए है और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को मजबूती दे रही है। सत्र के बाद सत्ता पक्ष के विधायकों ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा के रुख के खिलाफ नारेबाजी भी की, जिससे स्पष्ट संदेश गया कि कांग्रेस अपने अधिकारों की लड़ाई सदन से सड़क तक लड़ने को तैयार है।

# सदन में जयराम ठाकुर ने 15वें वित्त आयोग के मुद्दे पर सरकार को घेरा

## सरकार के आंकड़ों को बताया गलत, नहीं मिला जवाब देने का समय

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पहले चरण में विधानसभा सत्र के समापन के बाद नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मीडिया से बातचीत में प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सदन में लगातार गलत आंकड़े पेश किए जा रहे हैं और मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आंकड़े वित्त विभाग की प्रस्तुति से मेल नहीं खाते। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने जवाब देने के लिए समय मांगा, लेकिन अवसर नहीं दिया गया। इसके विरोध में भाजपा विधायक दल को मजबूर होकर सदन के वेल में जाकर नारेबाजी करनी पड़ी।

जयराम ठाकुर ने कहा कि 15वें वित्त आयोग के समक्ष उनकी सरकार ने हिमाचल के हित में मजबूत और तर्कपूर्ण प्रस्तुति दी थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों, आर्थिक चुनौतियों और विशेष जरूरतों को विस्तार से रखा गया था, जिसके परिणामस्वरूप केंद्र सरकार से सहायता मिली। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र द्वारा मिले सहयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा आज भी अपने उस पक्ष पर कायम है। उनका आरोप था कि यदि प्रदेश को राजस्व घाटा अनुदान नहीं मिल रहा है तो इसके लिए वर्तमान सरकार जिम्मेदार है, जो प्रदेश के हितों की प्रभावी पैरवी नहीं कर पा रही है।



सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते भाजपा विधायक। अनंत ज्ञान

◆ **15वें वित्त आयोग में रखे पक्ष पर कायम, केंद्र से मिली मदद का किया उल्लेख**

### हिमाचल की विद्युत नीतियों पर भी उठाए सवाल सदन के बाहर प्रदर्शन

**नेता** प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा लगातार प्रदेश के हितों की आवाज उठाती रहेगी, लेकिन वर्तमान सरकार राजनीतिक स्वार्थ में उलझी हुई है। विधानसभा सत्र के समापन के बाद भाजपा विधायकों ने हिमाचल की विद्युत नीतियों के विरोध में जोरदार नारेबाजी की। विधायकों ने सरकार पर प्रदेश के संसाधनों को नुकसान पहुंचाने, सुविधाएं छीनने और सदन को गुमराह करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार को हठधर्मिता छोड़कर प्रदेश के व्यापक हित में काम करना चाहिए।

# सदन में गूंजा 8 करोड़ से अधिक ठगी का सेब घोटाला

◆ **379 मामलों में करोड़ों अटके**

◆ **एपीएमसी की कार्यप्रणाली और बकाया भुगतान बना मुख्य मुद्दा**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में आज सदन का माहौल उस समय गरमा गया जब सेब बागवानों से करोड़ों रुपए की ठगी और राजस्व घाटा अनुदान के मुद्दे पर तीखी बहस हुई। प्रश्नकाल के दौरान सरकार ने खुलासा किया कि बीते तीन वर्षों में 379 बागवानों से 8 करोड़ 5 लाख 65 हजार 242 रुपए की ठगी के मामले सामने आए हैं। यह जानकारी कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर के सवाल के जवाब में दी।

सरकार की ओर से बताया गया कि शिमला जिले में 144 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें 4.24 करोड़ रुपए की पेमेंट अटकी पाई गई। इनमें से 35 मामलों में 78.79 लाख रुपए का भुगतान करवाया जा चुका है, जबकि शेष राशि आढ़ती–लदानियों के पास लंबित है। कुल्लू और लाहौल–स्पीति में 44 मामलों में 45.38 लाख रुपए की ठगी सामने आई, जिनमें से 15.09 लाख रुपए की अदायगी करवाई जा चुकी है। सोलन में 12 शिकायतों का निपटारा कर 98.34 लाख रुपए बागवानों को दिलाए जाने की बात भी सदन में रखी गई।



चंद्र कुमार



कुलदीप सिंह राठौर

विपक्ष ने इस पूरे प्रकरण में एपीएमसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिना ठोस जांच के बाहरी कारोबारियों को अनुमति देना बागवानों के हितों के खिलाफ है। कुलदीप सिंह राठौर ने सदन के बाहर भी कहा कि कई मामले ऐसे हैं जो पुलिस में दर्ज हैं, लेकिन बड़ी संख्या में बागवान शिकायत दर्ज ही नहीं करा पाते। उन्होंने व्यवस्था में व्यापक सुधार और जवाबदेही तय करने की मांग की।

वहीं, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने आरडीजी बंद करने की 16वें वित्त आयोग की सिफारिश का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे छोटे पहाड़ी राज्य हिमाचल को हर वर्ष हजारों करोड़ रुपये का नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 275 के तहत राजस्व घाटा झेल रहे राज्यों को वित्तीय सहायता मिलनी चाहिए और इसे समाप्त करना संघीय ढांचे को कमजोर करने जैसा होगा। सदन में आरडीजी पर तीन दिन तक चर्चा चली, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने अपनी–अपनी दलीलें रखीं। सरकार ने आश्वासन दिया कि बागवानों का बकाया दिलाने और डिफॉल्टर आढ़तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# 124 प्रतिशत रही विस में पहले चरण की उत्पादकता : कुलदीप सिंह पठानिया

अनंत ज्ञान

◆ **तीन बैठकों में 18 घंटे 24 मिनट चली कार्यवाही**

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के 14वीं विधानसभा के 11वें सत्र का प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है।



बुधवार को शिमला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि 16 फरवरी से आरंभ हुआ यह चरण 18 फरवरी तक चला और इस दौरान तीन बैठकों में लगभग 18 घंटे 24 मिनट तक कार्यवाही संचालित हुई। उन्होंने जानकारी दी कि सत्र की उत्पादकता 124 प्रतिशत रही, जो सदन की सक्रियता और गंभीरता को दर्शाती है। अब सदन की कार्यवाही 18 मार्च 2026, बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी गई है और इसी दिन बजट सत्र का दूसरा चरण पुनः आरंभ होगा।

अध्यक्ष ने बताया कि राज्यपाल के अभिभाषण के उपरांत सदन ने पूर्व विधायक स्वर्गीय भगत राम चौहान को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रथम चरण में 34 प्रश्नों, जिनमें 24 तारांकित और 10 अतारांकित थे, के उत्तर सरकार की ओर से दिए गए। शून्य काल में 10 महत्वपूर्ण विषय उठाए गए, जिनका संबंधित मंत्रियों ने उत्तर दिया। नियम 102 के अंतर्गत लाए गए उस सरकारी संकल्प पर भी विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें संविधान के अनुच्छेद 275 और 280 के तहत प्राप्त राजस्व सहायता अनुदान को 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के बाद बंद किए जाने पर चिंता व्यक्त की गई थी। सदन ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति को देखते हुए राजस्व घाटे के अनुरूप सहायता राशि प्रदान की जाए। यह संकल्प बहुमत से पारित किया गया। साथ ही, राज्यपाल द्वारा पुनर्विचार हेतु लौटाए गए दो विधेयकों को भी चर्चा के बाद पुनः पारित कर दिया गया। पठानिया ने सत्र की सफलता के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान सहित पक्ष–विपक्ष के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# डॉ. जनक राज ने विधानसभा में उठाई सलून गांव को जोड़ने की मांग

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** पांगी–भरमौर क्षेत्र के विधायक डॉ. जनक राज ने विधानसभा में दुर्गम क्षेत्र होली की ग्राम पंचायत सांह के अंतर्गत आने वाले सलून गांव को जोड़ने वाले क्षतिग्रस्त मार्ग का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान यह रास्ता बुरी तरह तबाह हो गया था, जिसके कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



विधायक ने सदन को अवगत कराया कि वर्तमान में ग्रामीणों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए नदी पार करनी पड़ रही है, जो जोखिम भरा और असुरक्षित है। उन्होंने चेतावनी दी कि जैसे ही ग्लेशियर का पानी पिघलेगा, नदी का जलस्तर और बढ़ जाएगा, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है। डॉ. जनक राज ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी को बताया कि लगभग 200 मीटर का पैदल मार्ग तत्काल बहाल किया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि सलून गांव के लोग सुरक्षित आवागमन कर सकें। उन्होंने मांग की कि प्राथमिकता के आधार पर इस मार्ग को पैदल चलने योग्य बनाया जाए।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग को आपदा के दौरान ही क्षतिग्रस्त रास्ते को बहाल करने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने आश्वासन दिया कि संबंधित विभाग से पुनः विचार–विमर्श कर जल्द से जल्द सलून गांव का मार्ग प्रारंभिक तौर पर बहाल कर दिया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# नाहन मेडिकल कॉलेज को केंद्र से मिली सहायता का बिंदल ने मांगा हिसाब

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने राज्य सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि केंद्र से करोड़ों रुपए की सहायता मिलने के बावजूद नाहन मेडिकल कॉलेज आज भी शून्य की स्थिति में खड़ा है।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल द्वारा प्रस्तुत आधिकारिक रिपोर्ट में चंबा, हमीरपुर, टांडा मेडिकल कॉलेज, चमियाना सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और आईजीएमसी को वित्तीय सहायता मिलने का उल्लेख है, जबकि नाहन मेडिकल कॉलेज को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। उनका आरोप है कि सवा तीन वर्षों से निर्माण कार्य ठप पड़ा है, जबकि पूरी राशि केंद्र सरकार ने दी। उन्होंने प्रश्न उठाया कि 11 मंजिला भवन और 500 बेड अस्पताल अब तक शुरू क्यों नहीं हुआ, 50 बेड माता–शिशु अस्पताल का काम लंबित क्यों है और नर्सिंग कॉलेज के लिए स्वीकृत धनराशि कहां गई। उन्होंने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि महंगे टेस्ट, पर्ची शुल्क, दवाइयों और डॉक्टरों की कमी तथा बंद पड़े स्वास्थ्य केंद्र जनता के साथ नाइंसाफी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने गंभीरता से चर्चा में भाग लिया, लेकिन जब सरकारी रिपोर्ट के तथ्यों को सामने रखने की कोशिश की गई तो बीच में टोका–टोकी की गई। उनका आरोप है कि कांग्रेस नेताओं ने पूरा दोष केंद्र पर मढ़ने की कोशिश की और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया, जिसके विरोध में भाजपा ने वॉकआउट किया।

**पैरवी** | राजस्व घाटा अनुदान पर घिरा हिमाचल, बजट का 13 प्रतिशत दांव पर

# दिल्ली में हक की हुंकार को लेकर पूरा मंत्रिमंडल राजधानी कूच

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** पहाड़ की सियासत व अर्थव्यवस्था के क्षितिज पर असाधारण हलचल है। राजस्व घाटा अनुदान पर तलवार लटकने के बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पूरे मंत्रिमंडल के साथ दिल्ली कूच का एलान कर दिया है। इसे राज्य के हक की सामूहिक हुंकार के रूप में देखा जा रहा है। बजट का लगभग तेरह प्रतिशत जिस अनुदान पर टिका हो, उसके भविष्य पर अनिश्चितता ने राजकोष को बेचैन कर दिया है और इसी बेचैनी को निर्णायक मोड़ देने के लिए सरकार ने राजधानी में शक्ति प्रदर्शन

जानकारी के अनुसार राज्य की कुल आय में राजस्व घाटा अनुदान की हिस्सेदारी लगभग तेरह प्रतिशत बताई जा रही है। पहाड़ी भूगोल और सीमित संसाधनों वाले हिमाचल के लिए यह जीवनरेखा जैसा है। पहले वस्तु एवं सेवा कर मुआवजा बंद हुआ, फिर उधार सीमा में कटौती ने आर्थिक सांसें संकरी कर दीं। जल परियोजनाओं पर जल उपकर के जरिए अतिरिक्त आमदनी का प्रयास भी न्यायालय की आपत्ति में उलझ गया। ऐसे में यदि यह अनुदान थमता है तो अगले वर्षों में हजारों करोड़ की कमी राज्य की योजनाओं और विकास की रफ्तार पर गहरा असर डाल सकती है।

मुख्यमंत्री ने संकेत दिए हैं कि पूरा मंत्रिमंडल दिल्ली पहुंचकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से भेंट करेगा और केंद्रीय वित्त मंत्री से भी समय मांगा गया है। आवश्यकता पड़ी तो प्रधानमंत्री से भी मुलाकात की कोशिश होगी। यह कदम साधारण नहीं माना जा रहा, क्योंकि आम तौर पर ऐसे मुद्दों पर प्रतिनिधिमंडल जाता है, पर इस बार पूरा मंत्रिमंडल साथ खड़ा दिखेगा। संदेश साफ है–यह किसी दल का नहीं, बल्कि प्रदेश के अधिकार का सवाल है।

### केंद्र–राज्य रिश्तों की नई परीक्षा के संकेत

**वित्त** आयोग की सिफारिशों के बाद जिन राज्यों के लिए अनुदान पर पुनर्विचार की बात उठी है, उनमें हिमाचल भी शामिल है। सरकार का तर्क है कि पर्वतीय परिस्थितियां, सीमित उद्योग और भौगोलिक बाधाएं विशेष सहारे की मांग करती हैं। यदि सहायता में कटौती होती है तो कर्मचारियों के वेतन, सामाजिक योजनाओं और आधारभूत ढांचे पर सीधा दबाव पड़ेगा। विपक्ष इसे वित्तीय कुप्रबंधन बता रहा है, तो सत्ता पक्ष इसे पहाड़ के साथ नाइंसाफी करार दे रहा है। सियासी बयानबाजी के बीच असली कसौटी दिल्ली की वार्ता होगी। राजधानी दिल्ली की यह यात्रा हिमाचल की आर्थिक दिशा तय करने वाली घड़ी मानी जा रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने स्पष्ट किया है कि राज्य अपने अधिकारों के लिए पीछे नहीं हटेगा और हर संवैधानिक दरवाजे पर दस्तक देगा। अब निगाहें दिल्ली की बैठकों पर टिकी हैं, क्या पहाड़ की पुकार सुनी जाएगी या राजकोष पर संकट और गहराएगा, इसका जवाब आने वाले दिनों में सामने होगा।

◆ **केंद्र से टकराव की आहट पहाड़ की अर्थव्यवस्था पर गहराता साया**

◆ **मुख्यमंत्री की अगुवाई में सामूहिक शक्ति प्रदर्शन निर्णायक वार्ता की तैयारी**

# विधानसभा में गूंजे नारे कार्यवाही स्थगित होने के बाद भी दिखा आक्रोश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** बजट सत्र के तीसरे और अंतिम दिन हिमाचल प्रदेश विधानसभा में कार्यवाही स्थगित होते ही परिसर का वातावरण अचानक गरमा गया। सदन के भीतर तीखी नोकझोंक के बाद बाहर आते ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य आमने–सामने आ खड़े हुए और एक–दूसरे के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी करने लगे। दोनों दलों के विधायकों ने परस्पर आरोपों की झड़ी लगा दी, जिससे परिसर में कुछ समय तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।

विपक्ष ने सरकार पर प्रदेश के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया और आर्थिक हालात को लेकर सवाल उठाए, जबकि सत्ता पक्ष ने पलटवार करते हुए विपक्ष पर सदन की कार्यवाही बाधित करने और मुद्दों से ध्यान भटकाने का इल्जाम लगाया। राजस्व घाटा अनुदान और वस्तु एवं सेवा कर से जुड़े विषयों पर शुरू हुआ विवाद नारेबाजी तक पहुंच गया।

# वी–वॉक को मेन स्ट्रीम में लाने की गूंज

## बजट सत्र में युवाओं की आवाज बने केवल सिंह पठानिया

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया द्वारा हिमाचल प्रदेश सरकार के बजट सत्र में वी–वॉक डिग्री कोर्स को मुख्यधारा (मेन स्ट्रीम) में शामिल करने की मांग उठाए जाने से प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में नई उम्मीद जगी है।

उपमुख्य सचेतक ने सदन में इस मुद्दे को मजबूती से रखते हुए बताया कि यह कोर्स पिछले लगभग दस वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। प्रारंभ में इसे एडीबी के सहयोग से शुरू किया गया था और इसके उत्कृष्ट परिणामों को देखते हुए अब प्रदेश सरकार एवं शिक्षा विभाग अपने बजट से इसका संचालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वी–वॉक एक पूर्णतः जॉब–ओरिएंटेड कोर्स है, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई पूरी करते ही सीधे रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। होटल मैनेजमेंट एवं हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के विद्यार्थी देश–विदेश के प्रतिष्ठित ब्रांड्स ताज, ओबरॉय, हयात, लेमन ट्री, आईटीसी, मेरियट इंटरनेशल जबकि वहीं रिटेल सेक्टर के विद्यार्थी केप्सन, टौमी हिलफिगर, टाटा, रीलाईन्स, आइकोनिक में जॉब कर रहे हैं।

केवल सिंह पठानिया ने इस कोर्स को मुख्यधारा में लाने तथा इसमें कार्यरत प्रशिक्षकों के लिए स्थायी नीति बनाने की मांग रखते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को और अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया तथा इस कोर्स को सशक्त बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने का आग्रह किया। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने भी इस महत्वपूर्ण सुझाव का स्वागत करते हुए कहा कि वी–वॉक योजना का मुख्य उद्देश्य स्किल बेस्ड एजुकेशन को रोजगार से जोड़ना है। प्रारंभिक चरण में इसे 12 महाविद्यालयों में आरंभ किया गया था, जो वर्तमान में 20 महाविद्यालयों तक विस्तारित हो चुका है। पिछले दो वर्षों से यह योजना राज्य सरकार और शिक्षा विभाग की फंडिंग से संचालित हो रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस विषय पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### पर्यावरण संरक्षण पर पेंटिंग स्पर्धा करवाई

**अनंत ज्ञान, डरोह।** द हंस फाउंडेशन भवारना की ओर से पुढ़बा स्कूल में वन अग्नि एवं पर्यावरण संरक्षण के विषय पर बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में जंगलों में आग से होने वाले नुकसान तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता पैदा करना था। छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से वन संरक्षण एवं प्रकृति बचाने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य बीआरभट्ट ने इस सराहनीय पहल के लिए द हंस फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

### बढलठोर में निशुल्क मेडिकल कैंप 22 को

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जोहल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से 22 फरवरी को बढलठोर में मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। यह पेट्रोल पंप के पास सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में हड्डी रोग, हृदय रोग तथा सामान्य मेडिसिन के विशेषज्ञ मरीजों की जांच की जाएगी। ऑर्थो विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र और मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. महेश अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। आयोजकों ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे अपनी पुरानी पर्ची व जांच रिपोर्ट साथ लेकर आएं, ताकि डॉक्टर सही परामर्श दे सकें।

### डॉ. पंकज कौंडल अब हमीरपुर में देंगे सेवाएं



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** आदर्श स्वास्थ्य संस्थान सिविल अस्पताल डाडासीबा में पिछले 12 वर्षों से अपनी उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाएं दे रहे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पंकज कौंडल अब बाल रोग विशेषज्ञ की उच्च शिक्षा के लिए हमीरपुर रवाना हो रहे हैं। व्यापार मंडल डाडासीबा द्वारा प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा की अगुवाई में डॉ. पंकज कौंडल को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डाडा सीबा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश फोतेदार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान व्यापारियों ने डॉ. कौंडल को पुष्पगुच्छ एवं प्रशस्ति-पत्र भेंट कर उनके 12 वर्षों के समर्पित एवं अनुकरणीय सेवाकाल की सराहना की। प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा ने कहा कि डॉ. कौंडल की कर्मनिष्ठा, सादगी और सेवा-भाव सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे।

### रोजगार मेले में 184 स्टूडेंट्स का चयन



**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में करियर काउंसिलिंग गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। शुभारंभ नगर निगम कमिश्नर नेत्रा मेति ने किया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराना महाविद्यालय का लक्ष्य है। संयोजिका डॉ. शैलजा वासुदेवा ने बताया कि 27 कंपनियों ने भाग लिया। 520 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार दिया, जिनमें 150 महाविद्यालय तथा 34 क्लस्टर कॉलेजों के विद्यार्थी चयनित हुए। कार्यक्रम को विभिन्न संस्थानों ने प्रायोजित किया। सह संयोजक प्रो. विवेक चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन डॉ. मीनाक्षी ठाकुर और प्रो. अतुल चौधरी ने किया।

## बोर्ड पेंशनर्स के लिए अध्यक्ष की पहल, महामंथन कार्यक्रम का किया आयोजन

# सरकार-शिक्षा विभाग से 85 करोड़ लेने को 200 करोड़ ग्रांट की रखेंगे मांग : डॉ. राजेश

- बोले, पेंशनर्स को कर्मचारियों के वेतन से पहले मिलेगी पेंशन
- धर्मशाला में सच्ची चौपाल में पेंशनर्स की समस्याओं का किया हल



महामंथन कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षा बोर्ड पेंशनर्स। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष की पहल पर बोर्ड पेंशनर्स के लिए महामंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बोर्ड के सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। वहीं, पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं को सुना गया। इस अवसर पर बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि 85 करोड़ सरकार व शिक्षा विभाग से लेने को है, जोकि जल्द मिल जाने पर बोर्ड वित्तीय संकट से उभर सकेगा। एक सौ करोड़ इकट्ठा आने पर पेंशनर सरप्लस में डाल दिया जाएगा। सरकार से भी 200 करोड़ की मांग रख सकते हैं, जिससे पेंशन फंड में डाल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेंशन पहले फिर वेतन कर्मियों को दिया जाएगा, इस पर जल्द ही अमल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य विपदा के दौर से गुजर रहा है, आरडीजी बंद कर दी गई है, लेकिन ओपीएस बंद नहीं होगी, अन्य सुविधाएं जारी रहेगी। उन्होंने कहा पहली बार इस तरह का प्रयास हुआ है कि बोर्ड को बुलंद करने वाले पूर्व कर्मचारियों को बुलाकर सम्मानित किया गया है। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा बोर्ड की अधिकतर फाइलों को डिजिटल कर दिया गया है, जिससे बेहतरीन कार्य समय पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने पेंशनरों से निवेदन किया है कि वह अपने उपयोगी सुझाव बोर्ड को लिखित रूप से ईमेल व हार्ड कॉपी के रूप में भेज सकते हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा संबंधी व बोर्ड को आत्मनिर्भर निभाने के लिए भी लिख सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह खुद भी एचपी बोर्ड से पढ़े हैं और पूरे राज्य में छठा स्थान मिला था, इसमें भी पूर्व कर्मचारियों का ही हाथ था। पेंशनर्स संघ की ओर से 2016 के बाद एरियर देय है, उसे जल्द जारी कर दिया जाएगा। मेडिकल बिलों की जल्द अदायगी जारी रहेगी, डीए 35 लाख के करीब जारी कर दिया गया है व लाईफ सर्टिफिकेट डिजिटल कर दिया गया है।

## गढ़ जमूला स्कूल के विद्यार्थी ट्यूलिप गार्डन को देखकर हुए आनंदित




साइंस सेंटर पालमपुर का भी किया भ्रमण। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़ जमूला में रोड सेफ्टी के तहत स्लोगन राइटिंग और पेंटिंग कंपटीशन का परिणाम घोषित किया गया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आए विद्यार्थियों को इनाम बांटे गए।

इस दौरान रोड सेफ्टी प्रभारी हरवंश लाल और सभी स्टाफ उपस्थित रहा। इसके साथ विद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत हुआ। इसमें विद्यार्थी ट्यूलिप गार्डन और साइंस सेंटर पालमपुर गए। सभी विद्यार्थी ट्यूलिप गार्डन में रंग-बिरंगे फूल खिले हुए देख बहुत आनंदित हुए। सभी विद्यार्थी राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के प्रभारी विकास नाग के साथ विज्ञान केंद्र पालमपुर गए। इन सभी कार्यक्रमों में हमारे विद्यालय का स्टाफ शिवानी, रेनू, रमन कश्यप, अनिल, विशाल, सतीश राणा, अनिल कुमार अरुण वालिया, सुप्रिया, निशा, चंचल, विकास अवस्थी, सन्नी परमार, संदीप गुलेरिया, राजेश भारिया आदि शामिल हुए।

## निखिल जम्वाल एनएसयूआई के राज्य उपाध्यक्ष नियुक्त

**कपिल वासुदेवा, अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** एनएसयूआई में संगठनात्मक मजबूती और छात्र हितों के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए निखिल जम्वाल को प्रदेश महासचिव पद से पदोन्नत कर राज्य उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। निखिल ने इस दायित्व के लिए अपने आदर्श एवं प्रेरणास्रोत पूर्व मंत्री स्व. विकास पुरुष जीएस बाली को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी विचारधारा और सिद्धांत हमेशा उन्हें जनसेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कैबिनेट रैंक आरएस बाली का विशेष आभार व्यक्त किया, जिनके विश्वास और मार्गदर्शन से उन्हें संगठन में नई जिम्मेदारी निभाने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने राजनीतिक गुरु एवं एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा का भी धन्यवाद किया, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से उन्होंने संगठनात्मक कार्यों में महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किया।

## नेता प्रतिपक्ष जयराम के खिलाफ अभद्र शब्द असंसदीय : परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने सदन में कांग्रेस विधायक सुंदर सिंह द्वारा नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के प्रति एक्सीडेंटल मुख्यमंत्री जैसे शब्दों का प्रयोग को असंसदीय करार दिया है। परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री को खुश करने के लिए तथा मंत्री पद को हथियाना के लिए कांग्रेस विधायक किस प्रकार के हथकंडों को अपना सकते हैं तथा सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों का प्रयोग कर सकते हैं। विधानसभा में जो भी विधायक आए हैं, वह लोगों के आशीर्वाद के द्वारा आए हैं, परंतु विधानसभा सत्र में आरडीजी (रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट) पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक सुंदर सिंह ने प्रतिपक्ष नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के खिलाफ जिन शब्दों का प्रयोग किया है, उन शब्दों ने सदन की गरिमा का उल्लंघन किया है। कांग्रेस विधायक ने जो टिप्पणियां की उसे समय नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सदन में मौजूद नहीं थे। परमार ने कहा कि जयराम को सिराज की जनता ने 6 बार जितवाकर सदन में भेजा है। भाजपा के निर्णय के बाद जयराम ठाकुर प्रदेश के मुख्यमंत्री चुने गए। कांग्रेस विधायक सुंदर सिंह ने जयराम के खिलाफ एक्सीडेंटल मुख्यमंत्री जैसे जिन शब्दों का प्रयोग किया है, उन्हें सदन से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के जयराम ठाकुर के खिलाफ जिन शब्दों का प्रयोग किया गया है उन शब्दों को सदन से हटाया जाए, क्योंकि यह असंसदीय है।

## जेएनवी पपरोला के 5 होनहारों ने जेईई मेन्स में पाई सफलता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, पपरोला के प्राचार्य राजेश कुमार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में आयोजित जेईई मेन्स परीक्षा में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय नाम गौरवान्वित किया है। 5 विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

यह उपलब्धि विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है तथा विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्राचार्य ने सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने बताया कि यह सफलता न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि पूरे विद्यालय के लिए प्रेरणादायक है और आने वाले वर्षों में अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करेगी।

# एडीसी बोले- 23 को सभी पात्र बच्चों को कृमिनाशक दवा पिलाने का लक्ष्य

- 5 वर्ष तक के बच्चों को दी जाएगी विटामिन-ए की खुराक
- 1-19 वर्ष के बच्चों को दी जाएगी कृमिनाशक दवा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं विटामिन-ए के संबंध में जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी विनय कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 23 फरवरी को 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के लिए कृमि नाशक दवा दी जाएगी, जबकि 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक प्रदान की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि शिक्षा एवं जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्रत्येक बच्चे को इस अभियान के तहत कवर किया जाए। उन्होंने बताया कि बच्चों के पेट में कीड़े होने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे दूषित जल स्रोतों से पानी पीना, मिट्टी में खेलना और बिना हाथ धोए भोजन करना, सब्जियों को बिना धोए या छीले उपयोग करना अथवा असावधानी से पकाना। इस संक्रमण से एनीमिया, कुपोषण तथा बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में बाधा उत्पन्न हो सकती है, इसलिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किए जाते हैं। सीएमओ डॉ. विवेक करोल ने बताया कि विटामिन-ए की खुराक 5 वर्ष तक के बच्चों को आंखों की बीमारियों से बचाव के लिए दी जाती है, जबकि अल्बेंडाजोल की खुराक 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को दी जाती है। उन्होंने बताया कि जो बच्चे 23 फरवरी को दवा की खुराक नहीं ले पाएंगे, वे 'माप-अप डे' 28 फरवरी को दवा ले सकते हैं। उस दिन छूटे हुए बच्चों को अल्बेंडाजोल की खुराक भी दी जाएगी।

## कल्याण भंडारी को तीसरी बार आम आदमी पार्टी के राज्य प्रवक्ता की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आम आदमी पार्टी ने चंगर क्षेत्र के प्रबुद्ध व्यक्तित्व, पूर्व शिक्षक नेता एवं सेवानिवृत्त प्रिंसिपल कल्याण भंडारी को लगातार तीसरी बार राज्य प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें समन्वय समिति के सदस्य की भी अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए कल्याण भंडारी ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि मुझ पर निरंतर विश्वास जताने के लिए मैं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. संदीप पाठक, प्रदेश प्रभारी ऋतु राज गोविंद झा और सह-प्रभारी अजय सिंह राजपूत का सहृदय आभार व्यक्त करता हूं।



भंडारी ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में वर्तमान में चल रही मैराथन बैठकों और जनसंवाद की प्रक्रिया संगठन को जमीनी स्तर पर अभेद्य बनाएगी। साथ में उनकी अपनी आगामी कार्ययोजना में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली-पानी, परिवहन और महिला सुरक्षा की काम की राजनीति के दिल्ली-पंजाब मॉडल को हिमाचल के हर घर तक पहुंचाना, मीडिया के हर प्लेटफॉर्म पर आम जनमानस के मुद्दों को पूरी मजबूती व तथ्यों के साथ प्रस्तुत करना, समन्वय समिति के सदस्य के रूप में पार्टी के भीतर संवाद और सामंजस्य को सशक्त कर संगठनात्मक एकजुटता सुदृढ़ करना तथा प्रदेश की जनता के सामने एक स्वच्छ, ईमानदार एवं पारदर्शी राजनीति का विकल्प पेश करना शामिल है। उनका स्पष्ट कहना है कि पार्टी की वैचारिक प्रतिबद्धता और ईमानदारी मेरी कार्यशैली का आधार है। हम कंधे से कंधा मिलाकर हिमाचल में बदलाव की इस अलख को और तेज करेंगे।

## बैजनाथ में राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव के तहत आयोजित दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न

# सीनियर वर्ग में सोनू बने विजेता

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव के तहत बैजनाथ में दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग की जूनियर तथा सीनियर श्रेणियों के पहलवानों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कुश्ती के समापन समारोह में उपमंडलाधिकारी बैजनाथ एवं मेला समिति के अध्यक्ष संकल्प गौतम बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न वर्गों के विजेता एवं उपविजेता पहलवानों को बधाई देते हुए कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं में अनुशासन आत्मविश्वास एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा भविष्य में भी खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। महिला वर्ग अंडर-20 के फाइनल मुकाबले में स्निग्धा विजेता तथा गुलराज उपविजेता रही, जबकि पुरुष वर्ग अंडर-20 फाइनल मुकाबले में रजत विजेता तथा दिनेश उपविजेता रहे। महिला सीनियर वर्ग हिमाचल केसरी के फाइनल प्रतियोगित में नैंसी विजेता तथा अनीता उपविजेता रही। पुरुष सीनियर वर्ग बैजनाथ केसरी मुकाबला सोनू तथा सचिन के मध्य हुआ, जिसमें सोनू विजेता रहे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुराग शर्मा, पूर्व अनुसूचित जाति सैल के उपाध्यक्ष रविंदर बिट्टू, प्रदेश युवा महासचिव रविंदर राव, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र जमवाल तहसीलदार बैजनाथ रमन ठाकुर, नायब तहसीलदार गुरमुख सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



महिला वर्ग अंडर-20 में स्निग्धा विजेता बनी। अनंत ज्ञान

## अंडर-35 टेबल टेनिस सिंगल्स प्रतियोगिता में पंकज चैंपियन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव बैजनाथ में टेबल टेनिस चैंपियनशिप आयोजित करवाई गई। इसमें 35 वर्ष से कम आयु वर्ग में सिंगल्स में एडवोकेट पंकज वर्मा विजेता रहे और आशीष व्यास रनर अप रहे। डबल्स में पंकज वर्मा और आशीष व्यास विनर व अर्णव सूद और मुदित आचार्य रनर अप रहे। 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में सिंगल्स में नीरज वालिया विनर ओर संजीव शर्मा रनरअप रहे । डबल्स में सौरभ सूद और अमृत शर्मा विनर व सुमित पराशर और राहुल रनर अप रहे। प्रतियोगिता के फाइनल में अनुराग शर्मा अध्यक्ष कांगड़ा कांग्रेस, एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया, सचिन शर्मा, अमन शर्मा, राजन शर्मा आशीष कौड़ा, सिराज ठाकुर आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



विजेताओं को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार से नवाजा। अनंत ज्ञान

## सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल की स्थिति चिंताजनक : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता राकेश शर्मा ने प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल में स्थिति हास्यास्पद और चिंताजनक बन चुकी है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का ध्यान केवल अपने मित्रों को कैबिनेट रैंक बांटने और परिवार के सदस्यों को नौकरी व पेंशन के लाभ पहुंचाने तक सीमित रह गया है।

प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवा हर साल एक लाख सरकारी नौकरियों की उस गारंटी के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं, जो कांग्रेस ने चुनाव से पहले दी थी। उन्होंने कहा कि सरकार के तीन साल पूरे होने के बावजूद 10 हजार युवाओं को भी रोजगार नहीं मिल पाया है, जिससे यह स्पष्ट है कि झूठी गारंटियों के सहारे जनता को ठगा गया है। उन्होंने कहा कि हर साल केंद्र से मिले हजारों करोड़ रुपए खर्च नहीं कर पाए। विकास पर ध्यान न देकर सरकार केवल केंद्र को दोष देती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश को जनहित की योजनाओं के लिए पैसा देती है, लेकिन सुक्खू सरकार की नीयत में खोट और विजन में कमी है। जनता के भले के लिए आने वाला पैसा जमीन पर नहीं उतरता।

## तृप्ता पब्लिक स्कूल में मनाया ग्रैंड पेरेंट्स-डे



विभिन्न गतिविधियों में विजेता रहे दादा-दादी को पुरस्कार देकर किया सम्मानित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के किंडरगार्टन सेक्शन ने ग्रैंड पेरेंट्स डे धूमधाम से मनाया। इसमें विद्यालय में लगभग 400 बच्चों के दादा-दादी ने भाग लिया। इस दौरान कई गतिविधियां आयोजित की गईं।

जागो, रस्साकशी स्पून एंड लेमन रेस, आंखों पर पट्टी बांधकर मटकी फोड़, म्यूजिकल चेयर नृत्य आदि गतिविधियां आयोजित की गई, जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया। इस आयोजन का मुख्य विषय बच्चों के साथ दादा-दादी से संस्कार युक्त बातों को सीखना और उनसे उनके अनुभव से सीखना, जीवन आने बाली कठिनाइयों का किस प्रकार से हल किया जा सकता आदि था।

विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। वहीं, गतिविधियों में विजेता रहे दादा-दादी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और आए हुए सभी अतिथियों को उपहार देकर सम्मानित किया। स्कूल के चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने अपने संदेश में कहा कि आजकल के बच्चे दिन प्रतिदिन अपने नैतिक मूल्यों अपने संस्कारों अपने दायित्व को भूलते जा रहे हैं। इन बच्चों को दादा-दादी के साथ रहकर यह सब सीखने को मिलेगा और दादा-दादी उन्हें अच्छे संस्कार युक्त बातों का ज्ञान देते हैं और माता-पिता से भी ज्यादा प्रेमपूर्वक व्यवहार करते हैं।

## कंडवाल के पास 6.50 ग्राम चिट्टे के साथ दो लोग काबू

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पठानकोट-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग पंजाब-हिमाचल प्रदेश सीमा के तहत चक्की पुल पुलिस चौकी कंडवाल के समीप एसआईयू टीम ने नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को 6.50 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी कुलभूषण वर्मा ने बताया कि मंगलवार को पंजाब-हिमाचल सीमा पर कंडवाल निकट पुलिस द्वारा नाका लगाकर वाहनों की तलाशी ली जा रही थी। इस दौरान मोटरसाइकिल नंबर पीबी 35-एक्यू-1068 जिस पर दो लोग सवार थे, को रोककर तलाशी ली गई तो 6.50 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। आरोपियों की पहचान वंश पुत्र संजीव कुमार निवासी मोहल्ला अचारजियां, पठानकोट व सर्वजीत सिंह पुत्र कुलजीत सिंह निवासी मोहल्ला आनंदपुर, राड़ा फिरनी कॉलोनी, पठानकोट (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस थाना नूरपुर में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।



चिट्टे के साथ गिरफ्तार मोटरसाइकिल सवार। अनंत ज्ञान

# लंबागांव क्षेत्र में किसानों की पहल ने ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की कायम की मिसाल

## एफपीओ से जुड़कर 500 किसानों को मिली नई दिशा, गांव बना आत्मनिर्भर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** लंबागांव क्षेत्र में किसानों की एक सामूहिक पहल ने ग्रामीण विकास, आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण की मिसाल कायम की है। यह पहल है लंबागांव मिल्क फेड फार्मर प्रोड्यूसर एफपीओ की, जिसकी स्थापना मई 2023 में की गई। सुआ गांव (ब्लॉक लंबागांव, तहसील जयसिंहपुर) में स्थापित इस एफपीओ का उद्देश्य किसानों को संगठित कर उनकी आय बढ़ाना, खेती को लाभकारी बनाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देना है।

आज इस संगठन से 500 से अधिक किसान जुड़े हैं, जो सामूहिक प्रयासों से अपनी आजीविका को सुदृढ़ कर रहे हैं। इस एफपीओ की सबसे बड़ी विशेषता इसका महिला नेतृत्व है। 10 निदेशकों में से 5 महिलाएं हैं और संचालन की मुख्य जिम्मेदारी भी महिलाओं के हाथों में है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं की निर्णय क्षमता और नेतृत्व कौशल का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करती है। एफपीओ की स्थापना में प्रो. डॉ. अशोक कुमार सरयाल, पूर्व कुलपति कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर, की अहम भूमिका रही। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने अपने गांव लौटकर किसानों को संगठित किया, वैज्ञानिक खेती की अवधारणा से परिचित कराया और सामूहिक उद्यम की मजबूत नींव रखी। वर्ष 2018 में कृषि विभाग के सहयोग से लगभग 7.5 हेक्टेयर क्षेत्र में सोलर फेंसिंग लगाई गई। इस परियोजना पर 20.50 लाख रुपए खर्च हुए, जिसमें 17.50 लाख रुपए कृषि विभाग और 3 लाख रुपए किसानों द्वारा वहन किए गए। इससे फसल सुरक्षा सुनिश्चित हुई और किसान जैविक गेहूं, मक्का व हल्दी की खेती की ओर लौटे।

> **कांगड़ा** जिले में हल्दी की खेती से किसानों की आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हो रही है। हल्दी की खेती को अपनाने से किसान समय पर फसल लेकर बेहतर लाभ कमा रहे हैं।
>
> **-कुलदीप धीमान, कृषि उपनिदेशक, पालमपुर**

> **लंबागांव** में एफपीओ बनाकर किसानों ने विभाग की योजना का लाभ लेकर हल्दी और दुग्ध दोनों क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किया है। इस प्रकार की पहल से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।
>
> **-हेमराज बैरवा, डीसी।**

### जिला निगरानी समिति ने किया अधिकृत

**डीसी** कांगड़ा की अध्यक्षता वाली जिला निगरानी समिति ने एफपीओ को तीन प्रमुख गतिविधियों जैविक हल्दी, जैविक अदरक की खेती तथा दूध एवं दुग्ध उत्पादों के संग्रह व वितरण के लिए अधिकृत किया है। वर्तमान में एफपीओ प्रतिदिन 150-200 लीटर दूध एकत्र कर 100 से अधिक परिवारों तक घर-द्वार पर दूध, पनीर और दही उपलब्ध करा रही है। इससे क्षेत्र के लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है, जबकि डेयरी किसानों के माध्यम से कई युवाओं को अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हो रहा है। बड़े डेयरी किसान प्रतिदिन 35-40 लीटर और छोटे किसान 5-10 लीटर दूध बेचकर अपनी आय में 7,000 से 50,000 रुपये प्रतिमाह तक की वृद्धि कर रहे हैं।

# जोनल अस्पताल धर्मशाला में ईडीएल की टेंडर प्रक्रिया शुरू

## पहले हुए टेंडर में लोगों ने नहीं की थी सहभागिता, इंडोर ब्लॉक में लोनिवि ने शुरू किया रिपेयर वर्क

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय स्थित जोनल अस्पताल में आवश्यक औषधि सूची (ईडीएल) में शामिल दवाओं की टेंडर प्रक्रिया पुनः शुरू कर दी गई है। अस्पताल के इंडोर ब्लॉक में मरम्मत की जरूरत थी, जिस पर लोक निर्माण विभाग ने कार्य शुरू कर दिया है।



अस्पताल में शुरू पर्ची शुल्क के चलते डिजिटल भुगतान के लिए अस्पताल का क्यूआर कोड तैयार हो चुका है, ऐसे में कितनी पर्चियां बनी व कितना पैसा एकत्रित हुआ, इसके आकलन के लिए आवश्यक व्यवस्था के लिए बैंक के समक्ष आवेदन किया गया है। गौरतलब है कि कुछ दवाइयां (ईडीएल) में नहीं होती हैं, लेकिन कई बार मरीजों को उनकी जरूरत रहती है। इसके लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से पहले दो बार टेंडर किए गए थे, लेकिन लोगों ने उसमें सहभागिता नहीं की। जिस पर दवाइयों की लिस्ट को छोटा करके, जो दवाइयां बेहद जरूरी हैं, उसके टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गौरतलब है कि हाल ही में आयोजित अस्पताल की रोगी कल्याण समिति की गवर्निंग बॉडी मीटिंग में विभिन्न निर्णय लिए गए थे, जिस पर अस्पताल प्रशासन कार्य कर रहा है।

### निशुल्क ही हो रहे 133 टेस्ट : डॉ. अनुराधा

**जोनल** अस्पताल धर्मशाला की मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. अनुराधा शर्मा ने बताया कि अस्पताल में 133 टेस्ट निशुल्क करने होते हैं, उनमें कोई शुल्क नहीं लगाया गया है। कुछ चीजों को खरीदने की अनुमति ली गई थी, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कुछ सीसीटीवी अतिरिक्त लगाए जाने हैं। इसके अलावा मरीजों की लाइन के लिए टोकन सिस्टम रिप्लेस होने थे, उसके भी आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### पार्किंग के लिए जगह की जा रही चिन्हित

**डॉ.** अनुराधा ने बताया कि अस्पताल में आने वाले वाहनों की पार्किंग के लिए जगह चिन्हित की जा रही है। इसके लिए डिमार्केशन करनी पड़ेगी, चाहे इसके लिए रोड़ पर पेंटिंग करके भी व्यवस्था की जा सकती है। अस्पताल स्टाफ के लिए कौन सी पार्किंग होगी, जबकि बाहर से आने वाले वाहनों की पार्किंग, जहां शुल्क रहेगा, उसके लिए कौन सी जगह रहेगी और किस दर पर करेंगे। पार्किंग शुल्क के संबंध में टांडा अस्पताल से भी बातचीत की जा रही है कि किस तरह से पार्किंग शुल्क के लिए व्यवस्था की गई है।

### डिजिटल भुगतान को क्यूआर कोड तैयार

**एमएस** ने बताया कि पर्ची शुल्क में भुगतान डिजिटल तौर पर करने की व्यवस्था भी का जा रही है, जिसके लिए क्यूआर कोड तैयार है। सभी मरीजों की रजिस्ट्रेशन फीस ली जाती है, शाम को यह आकलन करना होता है कि कितनी पर्चियां बनी, कितना पैसा आया, इसको अलग-अलग कैलक्यूट करने के लिए बैंक से व्यवस्था की जरूरत होती है, जिसके लिए अस्पताल प्रशासन ने आवेदन किया है।

सीयू के कुलपति ने नेशनल समिट फॉर इंस्टिट्यूशनल लीडर्स में लिया भाग

# संस्थागत विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर रखे विचार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश, धर्मशाला के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में आयोजित नेशनल समिट फॉर इंस्टिट्यूशनल लीडर्स 2026 में विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता की।



बंसल ने बतौर विशिष्ट अतिथि सत्र की अध्यक्षता की। अनंत ज्ञान

इस सम्मेलन का संयुक्त आयोजन विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार तथा राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा किया गया। सम्मेलन के प्रथम दिवस (16 फरवरी) को प्रो. सत प्रकाश बंसल ने आयोजित समानांतर विषयगत सत्र की अध्यक्षता की। सत्र का विषय था संस्थागत विकास योजना के लिए कार्यनीय कार्य सूची। उन्होंने संस्थागत विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, रणनीतिक योजना निर्माण, सुशासन, गुणवत्ता आश्वासन, अनुसंधान उत्कृष्टता तथा हितधारक सहभागिता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि संस्थागत विकास योजना विश्वविद्यालयों के समग्र, संतुलित एवं सतत विकास का सशक्त माध्यम है, जो राष्ट्रीय शिक्षा प्राथमिकताओं के अनुरूप होना चाहिए।देशभर से आए कुलपतियों, शिक्षाविदों एवं शैक्षणिक प्रशासकों ने सत्र में सक्रिय भागीदारी की। प्रो. सत प्रकाश बंसल के मार्गदर्शन एवं विचारों की व्यापक सराहना की गई तथा यह सत्र सम्मेलन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक रहा।

## हैप्पी बर्थडे



जयसिंहपुर की कैरवी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



सरकाघाट के अनिल ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# स्टूडेंट्स को बताए यातायात नियम और नशे के दुष्प्रभाव

## थुरल कॉलेज में सड़क सुरक्षा नियम व नशा मुक्ति अभियान विषय पर जागरुकता व्याख्यान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में सड़क सुरक्षा नियमों तथा नशा मुक्ति अभियान विषय पर विशेष जागरुकता व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में पीटीसी डरोह से इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए यातायात नियमों के पालन, नशे के दुष्प्रभावों और पोक्सो एक्ट की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, मोबाइल फोन का प्रयोग वाहन चलाते समय न करने तथा ट्रैफिक संकेतों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाओं का मुख्य कारण तेज गति, लापरवाही और नशे की हालत में वाहन चलाना है। युवाओं से आग्रह करते हुए कहा कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व समाज को भी जागरूक करें।





विद्यार्थियों को हेलमेट पहनने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने के लिए प्रेरित किया। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों को भीतर से खोखला कर देता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे की लत से न केवल स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है, बल्कि शिक्षा, करियर और सामाजिक प्रतिष्ठा भी प्रभावित होती है। युवाओं को नशे से दूर रहने तथा सकारात्मक गतिविधियों खेल, योग, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक सेवा में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश पुलिस नशा उन्मूलन के लिए निरंतर अभियान चला रही है तथा समाज के सहयोग से ही इस बुराई पर पूर्ण नियंत्रण पाया जा सकता है। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यार्थियों, राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट, रोड सेफ्टी क्लब और महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के 110 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्या राका शर्मा ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जागरुकता कार्यक्रम युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर प्रो. कमल कुमार, प्रो. रवि सिंह पालसरा, प्रो. पवन राणा, प्रो. लेख राम नेगी, डॉ. अमित शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

# बच्चा गोद दिलाने के नाम पर महिला से ठगी, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बच्चा गोद दिलाने के नाम पर महिला से ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति ने एक महिला से बच्चा गोद दिलाने के नाम पर 25 हजार रुपए की धोखाधड़ी की। आरोप है कि व्यक्ति ने सेंट्रल अडाप्शन रिसोर्स एजेंसी के नाम का झूठा प्रयोग करते हुए बच्चा दिलाने का दावा किया था। इस पर महिला ने विभिन्न माध्यमों से उक्त व्यक्ति को 25 हजार रुपए भेज दिए, जबकि व्यक्ति ने सेंट्रल अडाप्शन रिसोर्स एजेंसी का कोई दस्तावेज नहीं प्रस्तुत नहीं किया था। महिला ने जब पुलिस में शिकायत की तो व्यक्ति ने 25 हजार रुपए की राशि वापस कर दी है। उधर, एएसपी राजेंद्र जसवाल ने बताया कि इस संदर्भ में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# पुलिस ने मैक्लोडगंज के निजी होटल में जुआ खेलते 10 को पकड़ा, नकदी बरामद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के निजी होटल में जुआ खेलते हुए पुलिस ने दस लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने मौके से एक लाख से अधिक की राशि भी बरामद की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार रात, मैक्लोडगंज पुलिस को सूचना मिली की निजी होटल में जुआ खेला जा रहा है। इस पर पुलिस टीम ने मौका पर दबिश दी, जहां दस लोग जुआ खेल रहे थे। जुआ खेलते पकड़े गए लोगों में मैक्लोडगंज, शाहपुर, धर्मशाला और बिहार के लोग शामिल हैं। पुलिस ने दबिश के दौरान मौका से एक लाख 40 हजार 540 रुपए की राशि और 11 ताश की गड्डियां भी जब्त की है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने पुष्टि करते हुए बताया कि इस संदर्भ में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



एक लाख से अधिक की राशि की बरामद। अनंत ज्ञान

# पराशर की पहल से 21 लोगों की आंखों में लौटी रोशनी

## कैप्टन संजय ने जालंधर के एक निजी अस्पताल में करवाए बुजुर्गों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जसवां-परागपुर क्षेत्र में जरूरतमंद और बुजुर्ग मरीजों के जीवन में नई रोशनी लाने की दिशा में कैप्टन संजय पराशर के प्रयास जारी हैं। संजय पराशर ने बुधवार को जालंधर स्थित एक निजी अस्पताल में कुल 21 मरीजों के मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन करवाए गए।

ऑपरेशन के माध्यम से मरीजों के जीवन में उम्मीद और आत्मविश्वास की नई किरण भी जगाई गई। इस सेवा कार्य के अंतर्गत जिन मरीजों का ऑपरेशन कैप्टन संजय द्वारा करवाया गया, उनमें रमेश चंद (नाहन नगरोटा), बाबू राम (लेर), विजय कुमारी (टिक्कर), शकुंतला देवी (लेर), स्वर्णा देवी (बसालग-रक्कड़), प्रीतम चंद (शांतला), सोमा देवी (पीरसलुही), रूप सिंह (अलोह), हरमिंदर सिंह (टिक्कर), बिमला देवी (लेर), बंता राम (चपलाह), किशोरी लाल (अलोह), गुरबचन सिंह, गंगो देवी, अजीत सिंह व नरेश राणा (पठियार), लीला (टिक्कर), कश्मीर सिंह (चपलाह), शांति देवी (बुढाहर) और शामिल हैं। ये सभी मरीज मोतियाबिंद की समस्या से जूझ रहे थे और पिछले दिनों संजय पराशर की ओर से लगाए मेडिकल कैंप में इसकी पुष्टि हुई थी।



जसवां-परागपुर क्षेत्र में जरूरतमंद और बुजुर्ग मरीजों के जीवन में नई रोशनी आई। अनंत ज्ञान

विडंबना यह थी कि आर्थिक परिस्थितियों के कारण समय पर उपचार नहीं करवा पा रहे थे। जालंधर के निजी अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में सभी ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। प्रत्येक मरीज की जांच, ऑपरेशन और बाद की देखभाल का विशेष ध्यान रखा गया। इस पूरे सेवा कार्य के दौरान व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने में संजय पराशर की सहयोगी टीम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मरीजों को सुरक्षित अस्पताल तक पहुंचाने और वापस लाने की व्यवस्था की गई। सभी मरीजों ने ऑपरेशन के बाद कहा कि संजय पराशर के सारे सामाजिक कार्य समाज के प्रति उत्तरदायित्व की गहरी भावना को दर्शाते हैं। आज के दौर में जब चिकित्सा सुविधाएं महंगी होती जा रही हैं और ग्रामीण क्षेत्रों के बुजुर्ग आर्थिक रूप से सीमित संसाधनों में जीवन यापन करते हैं, ऐसे में इस प्रकार का सहयोग उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

# बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं के साथ अग्निवीर के फिजिकल टेस्ट, असमंजस में युवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्कूल शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं के साथ ही अग्निवीर फिजिकल टेस्ट एक ही तिथि में होने से युवा असमंजस में डाल दिए हैं। नौ मार्च को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की ओर से जारी डेटशीट के तहत जमा दो की फिजिक्स की परीक्षा आयोजित की जाएगी, जबकि सैन्य रिक्रूटमेंट रैली के तहत लिखित परीक्षा पास कर चुके युवाओं के लिए अग्रिवीर फिजिकल टेस्ट भी नौ मार्च को ही रखा गया है। ऐसे में तिथियों के क्लैश होने पर छात्रों ने शिक्षा बोर्ड से डेटशीट में आंशिक बदलाव की मांग रखी है। स्कूल शिक्षा बोर्ड ने तिथि बदलने की बजाय विशेष मौके के तहत जून-जुलाई में वंचित रहने वाले छात्रों को परीक्षा का विकल्प प्रदान कर दिया है। उधर, स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि बोर्ड की डेटशीट अढ़ाई माह पहले ही घोषित कर दी गई थी। बावजूद इसके इस तरह की स्थिति होने पर छात्रों को स्पेशल एग्जाम में परीक्षा देने का मौका प्रदान किया जाएगा। हालांकि अब तक उनके पास लिखित रूप से कोई इस तरह का प्रपत्र नहीं आया है।

# शाहपुर कॉलेज में रैगिंग न करने और न सहने की दिलाई शपथ



विद्यार्थियों ने एकजुट होकर रैगिंग मुक्त परिसर बनाने का संकल्प लिया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** शाहपुर कॉलेज में एंटी रैगिंग प्रकोष्ठ की ओर से शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रैगिंग के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना था।

प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने कहा कि रैगिंग एक सामाजिक बुराई है, जिसे जड़ से समाप्त करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे आपसी सम्मान, अनुशासन और भाईचारे की भावना को बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की रैगिंग गतिविधि में शामिल न हों। एंटी रैगिंग प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो. सुरिंदर कुमार ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन रैगिंग के प्रति पूर्णतः सजग है और किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय एवं यूजीसी द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों की जानकारी भी दी। सीएससीए अध्यक्ष दीपाक्षा ने साइंस ब्लॉक में तथा सीएससीए सचिव प्रदीप कुमार ने आर्ट्स ब्लॉक में विद्यार्थियों को रैगिंग न करने और न सहने की शपथ दिलाई। सभी विद्यार्थियों ने एकजुट होकर रैगिंग मुक्त परिसर बनाने का संकल्प लिया।

# 10 प्राथमिक स्कूलों में बांटी मेगा स्कूल किट



उत्तम संकल्प एजुकेशन लिमिटेड की ओर से मेगा स्कूल किट वितरण कार्यक्रम आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** उत्तम संकल्प एजुकेशन लिमिटेड ने ट्रस्ट की उपाध्यक्ष सलोचना देवी के नेतृत्व में दो दिवसीय मेगा स्कूल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस सामाजिक पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराकर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 450 से अधिक स्कूल किट (स्कूल बैग, कॉपियां, पेंसिल, शार्पनर एवं रबर) का वितरण लगभग 10 प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को किया गया। यह वितरण कार्यक्रम बेहर, बस्सी, थेड़ू, जम्बल, कनोल, चपलाह तथा तियामल स्थित विद्यालयों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन समन्वयक सीए मस्तान सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें ज्ञानार्जन एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में निरंतर आगे बढने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ट्रस्ट की उपाध्यक्ष सलोचना देवी ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षा ही वह आधार है जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती है। हमारा प्रयास है कि कोई भी विद्यार्थी संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। उत्तम संकल्प एजुकेशन लिमिटेड सदैव समाज के जरूरतमंद वर्ग के साथ खड़ा रहेगा और शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देता रहेगा। साथ ही अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। इस प्रकार की पहल न केवल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करती है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा भी तय करती है। इस आयोजन को सफल बनाने में जसवंत सिंह, शेली राजपूत, महेश जांगड़ा, राजन तथा अन्य सहयोगी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

स्पर्धा — धर्मशाला कॉलेज में अंतर-महाविद्यालयी प्रबंधन प्रतियोगिता एक्सेल्सियर 2026 आयोजित

# धर्मशाला कॉलेज बना ओवरऑल विजेता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय कालेज धर्मशाला के बीबीए विभाग की ओर से अंतर-महाविद्यालयी प्रबंधन प्रतियोगिता एक्सेल्सियर 2026 का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के सात प्रतिष्ठित महाविद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सभी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बीबीए विभाग, राजकीय कॉलेज धर्मशाला ने ओवरऑल विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बौद्धिक क्षमता, प्रबंधन कौशल, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास प्रदर्शित करने का सशक्त मंच साबित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश पठानिया रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. परवेश गिल (समन्वयक, बीबीए विभाग) द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. धीरज कटोच, डॉ. मीनाक्षी सरोच एवं डॉ. ज्योति सिंह भी उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।





एड-मैड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज रैत ने और द्वितीय स्थान कथोग कॉलेज ने हासिल किया। अनंत ज्ञान

इस दौरान आयोजित डिक्लेमेशन प्रतियोगिता में गवर्नमेंट कॉलेज धर्मशाला ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि तृतीय स्थान द्रोणाचार्य पीजी कालेज रैत को मिला।

एड-मैड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज रैत ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान कथोग कॉलेज तथा तृतीय स्थान सिद्धार्थ राजकीय कालेज नादौन को प्राप्त हुआ। एक्सटेंपोर प्रतियोगिता में गवर्नमेंट कॉलेज धर्मशाला ने प्रथम स्थान हासिल किया, द्वितीय स्थान एससीवीबी राजकीय कॉलेज पालमपुर तथा तृतीय स्थान नगरोटा बगवां कॉलेज को मिला।

क्विज प्रतियोगिता में धर्मशाला विजेता रहा, जबकि उपविजेता का स्थान द्रोणाचार्य पीजी कालेज रैत ने प्राप्त किया। डील एंड ड्रोन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज रैत, द्वितीय स्थान गवर्नमेंट कॉलेज धर्मशाला तथा तृतीय स्थान सिद्धार्थ राजकीय कॉलेज नादौन को प्राप्त हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### धनेटा कॉलेज में योग सेवा शिविर आज से

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** धनेटा कॉलेज में 19 से 25 फरवरी तक आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ समिति द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रोवर्स एवं रेंजर्स, रोड सेफ्टी क्लब, इको क्लब और जेंडर चैंपियन के सहयोग से साप्ताहिक योग शिविर आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक रूप से सशक्त बनाना तथा एकाग्रता, धैर्य और सहनशीलता जैसे गुणों का विकास करना है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से बढ़-चढ़कर भाग लेने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। यह शिविर समाज में समानता और सामंजस्य को भी बढ़ावा देगा।

### सीसीटीवी कैमरों के लिए 21 तक मांगी निविदाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव सुजानपुर के दौरान सीसीटीवी कैमरे लगाने और इनसे संबंधित अन्य सेवाओं के लिए 21 फरवरी सुबह 11:30 बजे तक उपायुक्त के सहायक आयुक्त कार्यालय में निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। उपायुक्त के सहायक आयुक्त चिराग शर्मा ने बताया कि ये निविदाएं उसी दिन खोल दी जाएंगी। निविदाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए सहायक आयुक्त कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### सर्वहित रोगी सेवा सभा ने उपलब्ध करवाए रीजेंट

**अनंत ज्ञान, भोटा।** सर्वहित रोगी सेवा सभा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोटा की लैब के लिए रीजेंट उपलब्ध करवाए तथा मशीनों की बिजली अर्थिंग का कार्य कराया, जिस पर 1,25,000 रुपए व्यय हुए। सभा पिछले कई महीनों से मरीजों को समय पर टेस्ट परिणाम उपलब्ध कराने में सहयोग कर रही है, ताकि जांच में किसी प्रकार की असुविधा न हो और स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु रूप से चलती रहें।

### शुक्कर खड्ड से बेरी रोड पर आवाजाही शुरू



**अनंत ज्ञान, भोटा।** शुक्कर खड्ड से बेरी रोड पर जो भूमि स्लाइडिंग होने के कारण बह गई थी उस सड़क पूर्णतया बंद थी, जिसमें लोगों को पैदल चलने में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। इस सड़क पर हिमाचल लोक निर्माण विभाग की ओर से डंगे का काम पूर्ण कर लिया गया है और इस रोड को आवाजाई के लिए खोल दिया गया। इस रोड पर अब बस भी जा रही है इस सड़क को चालू करने के लिए सुनील खरियाल एवं इलाका वासियों ने हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग का बहुत धन्यवाद किया है। अब इस सड़क पर बड़ी गाड़ियां भी आसानी से गुजर रही है।

### जय भोले भंडारा कमेटी ने लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर जय भोले भंडारा कमेटी बिझड़ी के सौजन्य से बुधवार को 14वां विशाल भंडारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं और वातावरण 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा। इससे पूर्व मंगलवार रात्रि को भव्य जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय भजन मंडलियों ने भगवान शिव के भजनों से समां बांधा। कमेटी सदस्यों ने बताया कि पिछले 14 वर्षों से यह आयोजन निरंतर किया जा रहा है और क्षेत्रवासियों का सहयोग बढ़ता जा रहा है। आयोजन में अनुशासन व साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया।

### कंप्यूटर-प्रिंटर्स के लिए 25 तक मांगी निविदाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अणु के मैदान में 9 से 17 मार्च तक आयोजित होने वाली थल सेना भर्ती रैली के दौरान कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर्स और अन्य सेवाओं के लिए 25 फरवरी सुबह ग्यारह बजे तक उपायुक्त के सहायक आयुक्त कार्यालय में निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। सहायक आयुक्त चिराग शर्मा ने बताया कि ये निविदाएं उसी दिन खोल दी जाएंगी। निविदाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए सहायक आयुक्त कार्यालय में संपर्क करें।

# कई नई गतिविधियों से कलरफुल होगा होली उत्सव सुजानपुर : एडीसी

## वॉयस ऑफ हमीरपुर, फैशन शो, फ्लैश मॉब, चित्रकला प्रदर्शनी से सराबोर होगा मेला

◆ **वॉयस ऑफ हमीरपुर के विजेता को 50 हजार उपविजेता को 31 हजार मिलेंगे**



एडीसी अभिषेक गर्ग की अध्यक्षता में हुई बैठक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** एडीसी एवं राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव सुजानपुर-2026 की सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष अभिषेक गर्ग ने बताया कि इस बार के होली उत्सव को और भी 'कलरफुल' बनाने के लिए कई नई गतिविधियों को शामिल किया जा रहा है।

इन गतिविधियों की रुपरेखा तय करने के लिए बुधवार को सांस्कृतिक समिति के अन्य सदस्य अधिकारियों और विभिन्न शिक्षण संस्थानों के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद एडीसी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमीरपुर जिले के प्रतिभाशाली युवा लोक कलाकारों को मंच प्रदान करने के लिए इस बार वॉयस ऑफ हमीरपुर (आवाज-ए-हमीरपुर) प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। 23 और 24 फरवरी को आयोजित होने वाले ऑडिशन के दौरान ही इस प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का भी चयन किया जाएगा। वॉयस ऑफ हमीरपुर के लिए 16 से 30 वर्ष तक के युवा कलाकार पात्र होंगे। अगले राउंड के लिए जिन प्रतिभागियों का चयन होगा, उन्हें उनके मोबाइल नंबर पर सूचित किया जाएगा।

वॉयस ऑफ हमीरपुर के विजेता को 50 हजार रुपये और उपविजेता को 31 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। तीसरे स्थान पर रहने वाले गायक को 25 हजार रुपए मिलेंगे। चयनित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर होली उत्सव-2026 के मुख्य मंच पर प्रस्तुति देने का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। एडीसी ने जिला के प्रतिभाशाली गायकों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला भाषा अधिकारी के मोबाइल नंबर 82196-24178 पर संपर्क किया जा सकता है। एडीसी ने बताया कि फैशन शो, फ्लैश मॉब, सामूहिक लोकनृत्य झमाकड़ा, चित्रकला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी, महिलाओं की रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर और कई अन्य गतिविधियों के माध्यम से भी होली उत्सव को 'कलरफुलल' बनाया जाएगा। इनमें महिलाओं और जिला के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों की भी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## होली मेले के लिए लोक कलाकारों के ऑडिशन अब 23 से 25 तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर में एक मार्च से 4 मार्च तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव की चारों सांस्कृतिक संध्याओं में लोक कलाकारों को अधिक से अधिक समय दिया जाएगा। एडीसी एवं होली उत्सव सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष अभिषेक गर्ग ने बताया कि इन चारों सांस्कृतिक संध्याओं के लिए लोक कलाकारों के चयन के लिए अब 23, 24 और 25 फरवरी को उपायुक्त कार्यालय परिसर हमीरपुर के बचत भवन में ऑडिशन लिए जाएंगे। पहले ऑडिशन 20 फरवरी से आरंभ किए जाने थे, लेकिन अपरिहार्य कारणों से इनकी तिथि में बदलाव किया गया है। अब 23-24 फरवरी को जिला हमीरपुर के लोक कलाकारों और 25 फरवरी को अन्य जिलों के लोक कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे। एडीसी ने सभी कलाकारों से अपील की है कि वे अपने आवेदनों के साथ अपने आधार नंबर, बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड का सही विवरण अवश्य लिखें, क्योंकि लोक कलाकारों के मानदेय की अदायगी डीबीटी के माध्यम से ही की जाएगी। लोक कलाकार अपने आवेदन उपायुक्त कार्यालय परिसर हमीरपुर के कमरा नंबर 207 में स्थित एमए ब्रांच में या ऑडिशन के समय मौके पर भी जमा करवा सकते हैं।

## नशे के खात्मे के लिए सभी दें सक्रिय योगदान : एसडीएम

◆ **खुथड़ीं गांव में विरोधी जागरुकता कार्यक्रम आयोजित**

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** नशा मुक्त अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस सोसायटी और उपमंडलीय नशा निवारण समिति ने भौंखर पंचायत के खुथड़ीं गांव में विभिन्न विभागों के सहयोग से जागरुकता कार्यक्रम 'संकल्प' आयोजित किया। इसमें एसडीएम एवं उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस सोसाइटी एवं उपमंडलीय नशा निवारण समिति के अध्यक्ष शशिपाल शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। एसडीएम ने कहा कि नशे की समस्या को पूरी तरह समाप्त करने के लिए सभी लोगों को आगे आना होगा तथा नशा विरोधी अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। विशेषकर, युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए सभी लोग अलर्ट रहें और किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि का पता चलने पर तुरंत सूचना दें। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने नशे की समस्या तथा इसके दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। जय बाबा कमलाहिया संस्था के लोक कलाकारों, आंगनबाड़ी एवं आशा वर्करों और हाई स्कूल खुथड़ीं के विद्यार्थियों ने गीत-संगीत तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव बताए। कार्यक्रम के दौरान म्यूजिकल चेयर, रस्साकशी और मटका फोड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस अवसर पर पूर्व प्रधान वीरेंद्र कुमार, संतोषी माता मंदिर कमेटी के प्रधान बलवंत सिंह, ग्राम सुधार सभा के अध्यक्ष विनोद कुमार, स्थानीय हाई स्कूल की मुख्यध्यापक संगीता कुमारी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मनोह के ओम प्रकाश, जय बाबा कमलाहिया संस्था के पदाधिकारी एमके भारद्वाज और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## बड़सर में कल होगा स्मार्ट मीटर पखवाड़े का आयोजन

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड उपभोक्ताओं को आधुनिक, पारदर्शी और विश्वसनीय सेवाएं प्रदान करने के लिए स्मार्ट मीटर पखवाड़ा आयोजित कर रहा है। विद्युत सहायक अभियंता बिझड़ी-कोटला ने बताया कि विद्युत मंडल बड़सर के अंतर्गत 20 फरवरी को बड़सर में कार्यक्रम होगा। विद्युत उपमंडल बड़सर, बिझड़ी और भोटा के उपभोक्ता निर्धारित तिथि को उपस्थित हों। स्मार्ट मीटर से जुड़े सभी प्रश्नों का समाधान किया जाएगा। उपभोक्ताओं को मीटर रीडिंग समझाई जाएगी तथा पुराने और स्मार्ट मीटर के माध्यम से बिजली खपत की जानकारी भी दी जाएगी।

## रविंद्र डोगरा अध्यक्ष और अशोक शर्मा उपाध्यक्ष बने

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** दी सुजानपुर ब्राह्मणा को-ऑपरेटिव सोसाइटी बैंक लिमिटेड का पंचवर्षीय चुनाव सर्व समिति से संपन्न हुआ, जिसमें समिति के पांचों सदस्यों ने भाग लिया तथा उपाध्यक्ष पद के लिए रविंद्र डोगरा अध्यक्ष और अशोक शर्मा उपाध्यक्ष के पद के लिए चुने गए तथा सदस्य के रूप में अंबिका अग्निहोत्री, कुसुम तथा राजेश ने भाग लिया।

### भाजपा बड़सर मंडल के अध्यक्ष संजीव और यशवीर ने साधा निशाना, बोले-

## कांग्रेस का मनरेगा के नाम पर घिनौना पाखंड

अनंत ज्ञान



**एसके ठाकुर, बड़सर।** भाजपा बड़सर मंडल के अध्यक्ष संजीव शर्मा एवं वरिष्ठ नेता यशवीर पटियाल ने कहा कि मनरेगा बचाने के नाम पर कांग्रेस नेताओं की राजनीतिक नौटंकी और दिखावा दरअसल जनता को गुमराह करने की सोची-समझी साजिश है। तीन वर्षों की नाकाम कांग्रेस सरकार की असली पहचान अब खोखले वादे और ज़मीन पर शून्य काम है। जब जनता विकास, रोजगार और आपदा राहत का हिसाब मांग रही है, तब कांग्रेस नेता झूठ और भ्रम की राजनीति कर रहे हैं।

भाजपा नेताओं ने कांग्रेस से सवाल पूछते हुए कहा कि क्या कांग्रेस नेता मुख्यमंत्री की नाकामियों और जनविरोधी फैसलों को छुपाने के लिए जनता को गुमराह कर रहे हैं? सच्चाई यह है कि सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और उसी विफलता से ध्यान हटाने के लिए मनरेगा जैसे विषयों पर झूठा शोर मचाया जा रहा है। मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा ने तीखे शब्दों में सवाल उठाते हुए कहा कि बड़सर में कितनी नई सड़कें बनीं, कितनी पेयजल योजनाएं पूरी हुईं, कितने युवाओं को स्थायी रोजगार मिला और आपदा पीड़ितों को समय पर राहत क्यों नहीं मिली? यदि इन सवालों का जवाब कांग्रेस के पास नहीं है, तो मनरेगा के नाम पर धरने और बयानबाज़ी करने का उन्हें कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने स्मार्ट मीटर पर कांग्रेस की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर किस नीति और आधार पर लगाए जा रहे हैं और आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ क्यों डाला जा रहा है? वरिष्ठ नेता यशवीर पटियाल ने कहा कि आपदा पीड़ितों के दर्द पर भी कांग्रेस की राजनीति बंद होनी चाहिए और उन्हें सीधे संवाद करना चाहिए। भाजपा ने कहा कि वह सिर्फ नारे नहीं देती, बल्कि योजनाओं को ज़मीन पर उतारती है और केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया गया विकसित भारत - रोजगार की गारंटी और आजीविका मिशन ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ठोस पहल है। मनरेगा पर कांग्रेस झूठ फैलाना बंद करे और सच्चाई यह है कि अब 100 नहीं, 125 दिन का गारंटीकृत रोजगार, 15 दिनों में काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता अनिवार्य और हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों के लिए केंद्र-राज्य अनुपात 90:10 है। बड़सर की जनता सब जानती है और अब समय आ गया है कि कांग्रेस नेता मुख्यमंत्री की नाकामियों, मनरेगा, स्मार्ट मीटर, आपदा राहत और तीन वर्षों के विकास पर जनता के सामने आकर पूरा हिसाब दें।

## खुशी ने जीता स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब



टौणी देवी स्कूल में विदाई समारोह में भावनाओं, संस्कृति और स्मृतियों का अनुपम संगम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (उत्कृष्ट) टौणी देवी में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने किया। छात्राओं की भावपूर्ण सरस्वती वंदना ने वातावरण को श्रद्धा, शांति और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया।

विदाई समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया। 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों के प्रति सम्मान और स्नेह को प्रस्तुतियों के माध्यम से व्यक्त किया। 12वीं और 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने मंच से अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान प्रश्नोत्तरी, कैटवॉक, भाषण और रचनात्मक गतिविधियां भी करवाई गईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह क्षण भावनात्मक भी है और उत्तरदायित्वपूर्ण भी। उन्होंने कहा कि आज आपकी शिक्षा का एक महत्वपूर्ण चरण पूर्ण हुआ है। आगे का जीवन चुनौतियों से भरा होगा, जहां आपको अपने निर्णय स्वयं लेने होंगे। अनुशासन, आत्मनिर्भरता, परिश्रम और सकारात्मक सोच यही जीवन में सफलता के मूल मंत्र हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से तनावमुक्त होकर आगामी परीक्षाओं की तैयारी करने, लक्ष्य के प्रति अडिग रहने और सदैव नैतिक मूल्यों को अपने साथ रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया गया। स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब खुशी चौहान को, मिस्टर फेयरवेल अतुल ठाकुर को, मिस फेयरवेल अक्षरा को, मिस्टर पर्सनैलिटी कबीर को तथा मिस पर्सनैलिटी शबनम को प्रदान किया गया। तालियों की गूंज और मुस्कानों की चमक ने इन क्षणों को और भी स्मरणीय बना दिया। प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सुरेश, भूपिंदर, राजेश, लीना, प्रोमिला, विजय, पवन, अनिल, हेमलाल, अरुण सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

## बड़ा पंचायत के विघटन से क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाओं का माहौल गर्म

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** नादौन विधानसभा क्षेत्र की बड़ा पंचायत का विघटन कर नई पंचायत चमराल के बनाए जाने की पंचायतवासियों की काफी समय से मांग चली आ रही थी, उसे अधिकारिक अधिसूचना जारी होने से अब विराम मिल गया है। पंचायत बड़ा का विघटन करके नई पंचायत चमराल के गठन की, जबसे आधिकारिक अधिसूचना सोशल मीडिया पर वायरल हुई है, तब से बड़ा पंचायत में राजनीतिक चर्चाओं का माहौल काफी गर्म है। अभी पंचायत बड़ा का विघटन करके नई पंचायत का ही गठन हुआ है, पंचायती चुनावों का रोस्टर आना बाकी है। वहीं, नई पंचायत के गठन से जहां लोगों में खुशी की लहर है। उनका कहना है पंचायत बड़ा में जनसंख्या एवं मतदाताओं की संख्या काफी अधिक हो चुकी थी। इस कारण पंचायत का विघटन कर नई पंचायत बनना निश्चित था। उनका कहना है कि जितनी छोटी पंचायत होगी, क्षेत्र का विकास उतना ही अधिक होगा। पंचायतवासियों को पंचायत के हिसाब से सुविधाएं भी अधिक मिलेंगी। वहीं, कुछ पंचायत प्रतिनिधियों एवं चुनाव लड़ने की इच्छा पाले कुछ लोग नई पंचायत के विघटन से सहमे हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसका मुख्य कारण उनके वोट बैंक पर असर पड़ना है। जिन्होंने इस बार पंचायती चुनावों में चुनाव लड़ने का पूरा मन बनाया हुआ है, वे अपनी पंचायतों में लोगों से आशीर्वाद बनाए रखने के लिए विशेष आग्रह करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### राजपूत महासभा ने सामान्य वर्ग विरोधी नियमों के खिलाफ बनाई रणनीति

## यूजीसी एक्ट वापसी तक जारी रहेगा संघर्ष

अनंत ज्ञान



राजपूत महासभा ने झनियारा पंचायत के गांवों में की बैठकें। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** राजपूत महासभा की बैठकें हमीरपुर ब्लॉक की झनियारा पंचायत के विभिन्न गांवों में महासचिव जोगिंदर ठाकुर, जिला सचिव और पंचायत उप प्रधान प्रकाश ठाकुर, जिला कार्यकारिणी सदस्य वासु देव ठाकुर, महिंदर भारद्वाज, सुदेश ढडवाल और मुख्य सलाहकार कृष्ण कुमार की उपस्थिति में हुईं। इसमें राजपूत समुदाय के साथ-साथ सामान्य वर्ग की विभिन्न मांगों और समस्याओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया।

वहीं, केंद्र सरकार द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों में यूजीसी द्वारा लागू सामान्य वर्ग विरोधी नियमों का विरोध करने की रणनीति तय की गई। महासभा ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार नियमों को वापस नहीं लेती है, तब तक इसका और केंद्र सरकार का बहिष्कार किया जाएगा। सभी बैठकों में इन नियमों को सामाजिक एकता और सौहार्द को तोड़ने का एक राजनीतिक षड्यंत्र बताया गया। राजपूत महासभा के जिला महासचिव जोगिंदर ठाकुर ने बताया कि इससे पूर्व भी बीजेपी समार्थित वीपी सिंह सरकार ने 1990 मे मंडल आयोग कि सिफारिशों को लागू करके जो जाति आधारित तुष्टीकरण की नीति अपनाकर समाजिक विभाजन कर आपसी द्वेष और शत्रुता पैदा की थी, उसमें हजारों नौजवानों ने अपनी जान की आहुति दी थी। केंद्र ने इसके विपरीत एक्ट लागू करके सामान्य वर्ग के साथ अन्याय तो किया ही है, मगर समाज के सभी वर्गों के आपसी भाईचारे को भी छिन्न भिन्न कर दिया। इस मामले में केंद्र सरकार द्वारा गठित जेपीसी में स्थानीय सांसद अनुराग ठाकुर को सम्मिलित करने से सामान्य वर्ग उम्मीद कर रहा है कि इन नियमों को सरकार वापस लेगी, अन्यथा इस एक्ट के एकतरफा स्वरूप को खत्म करके सभी वर्गों को समान प्रतिनिधित्व और न्याय के अवसर प्रदान करके सामान्य वर्ग के छात्रों और कर्मचारियों को समानता का अधिकार शिक्षण संस्थानों में प्रदान करेगी। पहले ही देशभर में जातीय आरक्षण के कारण प्रतिभाओं का दमन हो रहा है और जातियों को प्रमुखता दी जा रही है, जबकि जाति किसी भी व्यक्ति का निजी मामला है, सरकारों का किसी की जाति से कोई लेना देना नहीं होना चाहिए। इस मौके पर बैठकों में सामान्य वर्ग के अन्य संगठनों के साथ भी तालमेल बढ़ाकर इस अभियान को गति देने का भी निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सत्या देवी, शीतल राणा, पुष्पा, सरोज, ध्यान सिंह, आशा, गुरदेव, सरुप, शक्ति, लाल चांद, हरदेव, ज्ञान, विजय, सुशील, मंजू, रेनू, अंजना, सुशील आदि लोगों ने भाग लिया।

## नशामुक्ति, सड़क सुरक्षा व स्वच्छता का दिया संदेश



भरेड़ी में स्वास्थ्य एवं पोषण सहायता कार्यक्रम आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत भरेड़ी बाजार क्षेत्र में जय बाबा कमलाहिया आराधना संस्था की ओर से स्वास्थ्य एवं पोषण सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष एमके भारद्वाज ने लोगों को संबोधित करते हुए नशामुक्ति, सड़क सुरक्षा, आपदा प्रबंधन एवं स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं का नशे की ओर बढ़ता रुझान समाज के लिए चिंता का विषय है। युवाओं को चाहिए कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों को अपनाएं तथा स्वस्थ जीवनशैली को अपना कर देश व समाज के विकास में योगदान दें। इस दौरान डावर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से जूस सहित अन्य पोषण सामग्री का वितरण भी किया गया। स्वयंसेवकों ने लोगों को संतुलित आहार के महत्व के बारे में जागरूक किया। सभी लोगों को 'नशामुक्त युवा, सुरक्षित सड़कें, स्वच्छ समाज' का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के पदाधिकारियों ने सहयोगी संस्थाओं एवं स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया।

**कार्यक्रम** भरेड़ी स्थित साईं विजन स्कूल में फेयरवेल समारोह का किया आयोजन

## कार्तिक मिस्टर व अंशिका बनी मिस फेयरवेल

अनंत ज्ञान



विद्यार्थियों ने यादगार पलों के साथ विद्यालय से विदाई ली। अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भरेड़ी स्थित साईं विजन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में बुधवार को कक्षा 10+2 के विद्यार्थियों के सम्मान में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कक्षा 10+1 के विद्यार्थियों की ओर से पेश किए गए रंगारंग कार्यक्रम किए। वहीं, प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा शर्मा ने की।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और एक-दूसरे को शानदार प्रतिस्पर्धा दी। निर्णायक मंडल द्वारा कार्तिक शर्मा को मिस्टर फेयरवेल तथा अंशिका को मिस फेयरवेल चुना गया। वहीं, कार्तिकेय शर्मा को मिस्टर पर्सनैलिटी और नेहा को मिस पर्सनैलिटी का खिताब मिला। इसी प्रकार नवदीप शर्मा को मिस्टर ऑलराउंडर तथा शगुन को मिस ऑलराउंडर घोषित किया गया। विद्यालय प्रशासन की ओर से सभी विद्यार्थियों को बधाई दी तथा आगामी परीक्षाओं के लिए कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया गया। प्रधानाचार्या पूजा शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यही समय है, जब वे अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें, ताकि भविष्य में सफलता प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ से वाइस प्रिंसिपल संजय शर्मा, शुभम, प्रीतम पाल, निर्मला, लीला, मीनाक्षी, निर्मला शर्मा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहीं।

## समग्र शिक्षा अभियान के तहत 50 प्रतिशत लंबित अनुदान जल्द हो जारी

◆ **राजकीय टीजीटी कला संघ ने उठाई मांग, शिक्षा सचिव को भेजा ज्ञापन**

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत 50 प्रतिशत लंबित अनुदान शीघ्र जारी किया जाए। स्कूलों को मिलने वाले वार्षिक अनुदान का 50 प्रतिशत भाग ही अब तक जारी हुआ है और सत्र समाप्ति में डेढ़ माह ही शेष है। ऐसे में स्कूलों की कंपोजिट ग्रांट से लेकर अन्य कई अनुदान अब तक आधे ही मिले हैं। इसके अलावा समग्र शिक्षा अभियान बीआरसीसी की लंबित भर्ती को शीघ्र पूर्ण करते हुए चयनित शिक्षकों की मैरिट आधार पर नियुक्तियां प्रदान करें। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने राज्य समग्र शिक्षा परियोजना निदेशक को भेजी है।

टीजीटी कला संघ ने शिक्षा सचिव को ज्ञापन प्रेषित किया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बरवाल, महिला विंग अध्यक्ष रीता बाल्याणी, प्रदेश महासचिव विजय हीर, जोन उपाध्यक्ष खुशहाल पठानिया, देश राज कालिया, रोशन लाल, विजेश अत्री, कैशियर सुभाष भारती, संयुक्त सचिव रामपाल सौंखला, जिलाध्यक्ष संजय वर्मा, नरेंद्र पूनर, कुलवीर सिंह, राकेश चौधरी, यशवंत ठाकुर, कपिल शंकवान, सुरेश वर्मा, अजीत सिंह, अमित छाबड़ा, महासचिव अजय कुमार, दिनेश कुमार, सुरेश कौंडल, पवन शर्मा, नवांग छेरिंग, सुभाष चंद, दिनेश, ज्ञान चंद आदि ने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान को बीआरसीसी भर्ती परिणाम जारी करने में और विलंब नहीं करना चाहिए और हाईकोर्ट में अगले सप्ताह इसे जारी करने की आज्ञा लेने के लिए याचिका दर्ज करनी चाहिए। संघ ने कहा कि प्रदेश शिक्षा विभाग में 11719 शिक्षकों और 6325 गैर शैक्षिक पद रिक्त हैं और 31 मार्च को प्रस्तावित 1600 कर्मचारी सेवानिवृत्ति के बाद स्कूलों में काम चलाना जटिल हो जाएगा। ऐसे में लंबित पदोन्नतियां समय पर की जाएं और आचार संहिता लगने से पहले लंबित भर्ती पदोन्नति प्रक्रियाएं पूर्ण की जाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### खाई में गिरी कार, वकील की मौत, दूसरा घायल

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** चंबा के लाहरू-तुनाहट्टी सड़क मार्ग पर होबारडी पुल के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया है। हादसे में वकील की मौत हो गई, जबकि दूसरे घायल वकील को गंभीर हालत में टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार लाहडू निवासी आशीष शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल राज गोपाल कौशल को सिविल अस्पताल चुवाड़ी में प्राथमिक उपचार देने के बाद हालत नाजुक होने पर टांडा रेफर किया गया। दोनों कार सवार पेशे से वकील थे और डलहौजी से चुवाड़ी की ओर जा रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार (एचपी 57-7548) का संतुलन बिगड़ने से हादसा हुआ। वाहन लगभग 250 फुट गहरी खाई में गिरने के बाद खड्ड/नाले में जा पहुंचा। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत व बचाव कार्य करते हुए दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई व हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। घायल का उपचार जारी है।

### मारपीट व जान से मारने की धमकी पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने को विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामले दर्ज किए हैं। मामलों में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है तथा पुलिस ने जांच तेज कर दी है। पहला मामला थाना सदर में दर्ज किया गया है। सियूंदी निवासी अब्दुल फारूक की शिकायत पर इमरान व सैफ अली के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, जब वह दुकान की ओर जा रहा था, तब आरोपियों ने उसका रास्ता रोका, उसके साथ मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जिला पुलिस चंबा ने बताया कि जांच प्रक्रिया जारी है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है।

### 28 तक ई-केवाईसी करवाएं पंजीकृत कामगार

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला श्रम कल्याण अधिकारी श्वेता ने बताया कि हिमाचल प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत सभी कामगारों के लिए ई-केवाईसी (आधार सत्यापन) करवाना अनिवार्य किया गया है, ताकि वे बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ निरंतर प्राप्त कर सकें। सभी पंजीकृत कामगार आगामी 28 फरवरी तक अपना ई-केवाईसी सत्यापन अवश्य पूर्ण करवा लें। यह सत्यापन प्रक्रिया बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्रता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। निर्धारित समय सीमा तक ई-केवाईसी न करवाने की स्थिति में भविष्य में योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है। जिला कार्यालय ने सभी पंजीकृत कामगारों से अपील की है कि वे समय रहते अपना आधार सत्यापन करवाकर लाभ सुनिश्चित करें।

### शिक्षक युद्धवीर टंडन को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शिक्षा खंड सुंडला के अंतर्गत आने वाली राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा के कनिष्ठ बुनियादी अध्यापक युद्धवीर टंडन को राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा राजेश शर्मा ने शिमला स्थित होटल होलीडे होम में सम्मानित किया। यह सम्मान भारतीय एयरटेल फाउंडएशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय टीएलएम लेखन प्रतियोगिता में प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रदान किया गया। टंडन द्वारा तैयार शिक्षण-अधिगम सामग्री 'अंडे का फंडा' को प्रथम पुरस्कार मिला तथा राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष तीन में भी स्थान हासिल हुआ। अंडे की खाली ट्रे और गेंद से तैयार यह शून्य लागत मॉडल बच्चों को खेल-खेल में गणित की कठिन अवधारणाएं सिखाने में सहायक है। इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।

### 21 फरवरी से चंबा प्रवास पर शिक्षा मंत्री

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 21 से 24 फरवरी तक चंबा जिला के प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि शिक्षा मंत्री 21 फरवरी को सायं चंबा पहुंचेंगे तथा उनका रात्रि ठहराव परिधि गृह चंबा में रहेगा। रोहित 22 को प्रातः 10:30 बजे चनेड स्कूल के विज्ञान खंड का शिलान्यास करने के पश्चात पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलेंगे तथा लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे। शिक्षा मंत्री दोपहर बाद साच स्कूल के अतिरिक्त भवन का लोकार्पण करेंगे तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलेंगे और जन समस्याएं भी सुनेंगे। उनका रात्रि ठहराव परिधि गृह चंबा में रहेगा। रोहित ठाकुर 23 को प्रातः 10 बजे राजकीय आदर्श बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा के अतिरिक्त कमरों का उद्घाटन करने के पश्चात भरमौर के लिए रवाना होंगे। शिक्षा मंत्री दोपहर 1:30 बजे लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह भरमौर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे व जन समस्याएं सुनेंगे। रोहित ठाकुर सायं 7:30 बजे चंबा पहुंचेंगे और उनका रात्रि ठहराव परिधि गृह चंबा रहेगा। रोहित 24 को प्रातः 10:30 बजे परोथा स्कूल में स्कूल भवन का शिलान्यास कर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के पश्चात जन समस्याएं सुनेंगे।

# सुनूह पंचायत विभाजन पर ग्राम सभा में हंगामा, पुलिस ने संभाला मोर्चा

अनंत ज्ञान

**सुनील पहाड़ी ,सलूणी।** सलूणी उपमंडल की सुनूह पंचायत के प्रस्तावित विभाजन को लेकर विवाद गहरा गया है।

जिला प्रशासन की ओर से आयोजित ग्राम सभा में उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब विभाजन के पक्ष व विपक्ष में खड़े ग्रामीणों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद हाथापाई में बदल गया व सभा स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार ग्राम सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। पंचायत के विभाजन का विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि यह निर्णय क्षेत्र के हित में नहीं है व इससे विकास कार्य प्रभावित होंगे। उनका आरोप है कि बिना पर्याप्त जन-सहमति के पंचायत का विभाजन किया जा रहा है, जिससे प्रशासनिक असंतुलन पैदा होगा। वहीं, विभाजन के समर्थन में खड़े ग्रामीणों का तर्क है कि बड़ी पंचायत होने के कारण योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी होती है। उनका मानना है कि पंचायत का पुनर्गठन होने से स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों में तेजी आएगी व आम लोगों को सुविधाएं सुगमता से मिल सकेंगी। दोनों पक्षों के बीच बढ़ते विवाद को देखते हुए मौके पर मौजूद पुलिस बल ने हस्तक्षेप किया व स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस की तत्परता से हालात काबू में आए। घटना में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ग्राम सभा में दर्ज आपत्तियों व सुझावों को संकलित कर उच्च अधिकारियों तक भेजा जाएगा। अंतिम निर्णय से पहले सभी पक्षों की राय पर विचार किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश में पंचायत पुनर्गठन को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में चर्चाएं और विरोध-प्रदर्शन सामने आ रहे हैं। सुनूह पंचायत का मामला भी अब चर्चा का विषय बन गया है।



सुनूह पंचायत विभाजन पर पक्ष व विपक्ष बहस करता हुआ। अनंत ज्ञान

## बच्चों को मिलेगी आईसीएसई बोर्ड की हाई-टेक शिक्षा, सेंट स्टीफन स्कूल ने बदली शिक्षा की तस्वीर

अनंत ज्ञान





**चंबा।** चंबा शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सेंट स्टीफन सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। वर्षों के कड़े संघर्ष व समर्पण के बाद, स्कूल को अब आधिकारिक तौर पर आईसीएसई बोर्ड से मान्यता मिल गई है। यह चंबा के विद्यार्थियों के लिए विश्वस्तरीय शिक्षा के नए द्वार खोलेगा।

स्कूल के चेयरमैन विशाल स्त्रावला ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सेंट स्टीफन स्कूल की नींव 1976 में मंडी में रखी गई थी, जिसके बाद 2004 में इसे चंबा में शुरू किया गया। शुरुआती दौर में स्कूल किराये के भवन में 11वीं व 12वीं कक्षाओं के साथ संचालित होता था। स्कूल प्रबंधन, समर्पित स्टाफ व अभिभावकों के अटूट सहयोग से संस्थान ने लगातार प्रगति की। वर्ष 2016 में गांव बनियाग में स्कूल का अपना भव्य कैंपस तैयार हुआ और 2017 में स्कूल यहां शिफ्ट हो गया। विशाल ने कहा कि उनका सपना शुरू से ही चंबा के बच्चों को आईसीएसई बोर्ड की शिक्षा देना था। पिछले एक वर्ष से संस्थान ने इस दिशा में कड़ी मेहनत की। आईसीएसई के कड़े मानकों को पूरा करने के लिए स्कूल में बड़े बदलाव किए। जिनमें आधुनिक परीक्षा हॉल का निर्माण, सभी सुविधाओं से लैस साइंस व कंप्यूटर लैब्स, हाई-टेक पुस्तकालय व बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं शामिल हैं। काउंसिल द्वारा दो बार किए गए गहन निरीक्षण के बाद, स्कूल को सभी मानकों पर खरा पाया गया और मान्यता प्रदान की गई। विशाल ने बताया कि आईसीएसई बोर्ड अपनी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम के लिए जाना जाता है। इसमें अंग्रेजी विषय व साहित्य दो अलग विषय होते हैं, जिससे बच्चों में संचार कौशल व व्याकरण बहुत मजबूत होती है। कक्षा छठी से ही विज्ञान को तीन अलग भागों (फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी) में बांटा जाता है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आधार तैयार करता है। इसके अतिरिक्त कक्षा नवमीं से ही विद्यार्थियों को अपनी रुचि के अनुसार विषय (जैसे इकोनॉमिक्स, साइंस आदि) चुनने की आजादी मिलती है।

## एनएसयूआई ने नए पीजी भवन के शौचालयों की बदहाल स्थिति सुधारने की उठाई मांग



एनएसयूआई इकाई चंबा नई पीजी भवन के शौचालयों की बदहाल स्थिति को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** एनएसयूआई इकाई चंबा के अध्यक्ष आर्यन भारद्वाज की अध्यक्षता में विद्यार्थियों ने राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय चंबा की नई पीजी भवन के शौचालयों की खराब स्थिति को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। छात्रों का कहना है कि पिछले कई दिनों से शौचालयों की नियमित व समुचित सफाई नहीं हो रही है, जिससे परिसर में अस्वच्छता का माहौल बना हुआ है व विद्यार्थियों को गंभीर असुविधा झेलनी पड़ रही है।

आर्यन भारद्वाज ने कहा कि एक उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान में स्वच्छता मूलभूत आवश्यकता है। नई पीजी भवन में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को दिनभर कॉलेज में रहना पड़ता है, ऐसे में शौचालयों की स्वच्छ व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान स्थिति न केवल असुविधाजनक है, बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी चिंताजनक है। एनएसयूआई के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि संबंधित कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएं। साथ ही नई पीजी भवन में एक स्थायी प्यून की नियुक्ति की भी मांग रखी गई, ताकि वॉशरूम एवं भवन की समय-समय पर देखरेख हो सके। विद्यार्थियों ने आशा व्यक्त की है कि महाविद्यालय प्रशासन इस गंभीर विषय पर शीघ्र संज्ञान लेते हुए आवश्यक कदम उठाएगा, जिससे परिसर में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

## जिले में दो चरणों में होगी जनगणना : डीसी

अनंत ज्ञान

**चंबा।** डीसी व जिला जनगणना अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने कहा कि जिले में जनगणना-2027 दो चरणों में की जाएगी, जो स्वतंत्र भारत की पहली डिजिटल जनगणना होगी।

उन्होंने बताया कि पहले चरण की जनगणना 12 मई से 11 जून तक होगी। डीसी जिले में जनगणना के सफल व सुचारू संचालन को लेकर आयोजित बैठक में बोल रहे थे। डीसी ने बताया कि पिछली जनगणना वर्ष 2011 में संपन्न हुई थी, अब जनगणना-2027 देश की 16वीं राष्ट्रीय जनगणना होगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण व आवास जनगणना की जाएगी। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा 3 फरवरी को जारी अधिसूचना के अंतर्गत जनगणना के समय, कर्मियों (प्रगणकों) द्वारा 33 प्रश्न पूछे जाएंगे। इसमें आवास की स्थिति, पेयजल, शौचालय, बिजली, रसोई ईंधन, इंटरनेट व अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित प्रश्न शामिल रहेंगे। डीसी ने बताया कि जनगणना-2027 के अंतर्गत आधुनिक डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसमें नागरिकों को स्व-गणना (सेल्फ ऐनुमैरेशन) सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि घर-घर जनगणना शुरू होने से 15 दिन पहले नागरिक 27 अप्रैल से 11 मई तक नागरिक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अपनी जानकारी दर्ज करवा सकेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना के लिए निर्धारित की गई सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित बनाएं। डीसी ने कहा कि दूसरे चरण में जनसंख्या गणना सितंबर 2026 से फरवरी 2027 के बीच की जाएगी। इसमें प्रत्येक व्यक्ति का नाम, आयु, लिंग, शिक्षा, व्यवसाय वैवाहिक स्थिति, प्रवास, मातृभाषा आदि जानकारी शामिल रहेगी। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना-2027 के इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में सहयोग प्रदान करें व प्रगणकों को सही व पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाएं। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अमित मैहरा, जिला राजस्व अधिकारी विक्रम जीत सिंह, ओएसडी उमाकांत सहित विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



जनगणना के सफल संचालन को लेकर बैठक में सदस्य। अनंत ज्ञान

## मानसिक चुनौतियों पर जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के सौजन्य से होली हिमालयन वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरों में बढ़ती मानसिक चुनौतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समय रहते सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला चम्बा, डॉ. करण हितैषी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार मानसिक स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसके अतिरिक्त 'किरण' हेल्पलाइन तथा जिला स्तर पर मानसिक आघात केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि जरूरतमंदों को समय पर सहयोग मिल सके। डॉ. करण ने जानकारी दी कि बजट 2026-27 के अंतर्गत उत्तर भारत में निमहंस-2 की स्थापना की घोषणा की गई है।

## गुज्जर समुदाय ने विधायक नीरज से शिक्षा सुधार की मांग उठाई

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा के गुज्जर समुदाय ने शिक्षा के क्षेत्र में हसन दीन की अध्यक्षता में पिछड़ेपन को दूर करने के उद्देश्य से विधायक सदर चंबा नीरज नैय्यर के समक्ष प्रमुख मांगें रखी हैं। समुदाय का कहना है कि वर्षों से सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़े घुमंतू वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ठोस कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है।

जिला गुज्जर कल्याण सभा चंबा के अध्यक्ष हसन दीन ने विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि गुज्जर समाज पुश्तों से कांग्रेस पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा रहा है और भविष्य में भी सहयोग जारी रहेगा। उन्होंने विधायक द्वारा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की सराहना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में विशेष पहल की अपेक्षा जताई। प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं ग्राम पंचायत रजिंडू के गांव कुडथा (शिक्षा खंड चंबा-1) में प्राथमिक पाठशाला खोलना। ग्राम पंचायत प्रोथा के गांव धनग्रां (शिक्षा खंड चंबा-1) में प्राथमिक पाठशाला स्थापित करना। ग्राम पंचायत घघरोता के गांव पलहुई (शिक्षा खंड चंबा-1) में प्राथमिक स्कूल की स्थापना। ग्राम पंचायत खुन्देल के गांव खिलखोटू (शिक्षा खंड गैहरा) में प्राथमिक पाठशाला खोलना।

राजकीय उच्च पाठशाला प्ल्युर को वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दर्जा देना। राजकीय उच्च पाठशाला कुरेना को वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अपग्रेड करना। साहू स्थित गुज्जर छात्रावास में बच्चों की संख्या 25 से बढ़ाकर 100 करना तथा छात्रावास परिसर में ही बारहवीं तक शिक्षा की व्यवस्था करना। समुदाय के प्रतिनिधियों का कहना है कि शिक्षा ही सामाजिक उन्नति की कुंजी है और यदि उपरोक्त मांगों को आगामी वित्त वर्ष में स्वीकृति मिलती है तो इससे सैकड़ों बच्चों का भविष्य संवर सकता है। गुज्जर समुदाय ने विधायक से सकारात्मक पहल की उम्मीद जताते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यह कदम क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## रिवालसर में स्मार्ट मीटर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विरोध

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** बिजली उप मंडल कार्यालय रिवालसर में स्मार्ट मीटर को लेकर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम उस समय विरोध में बदल गया, जब लगभग 50 उपभोक्ताओं ने एक स्वर में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध जताया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित उपभोक्ताओं ने विभाग की ओर से दी जा रही जानकारी को सुनने में रुचि नहीं दिखाई और अपनी मांग पर अडिग रहे। सहायक अभियंता चिंतन प्रकाश ने बताया कि विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर के लाभों व कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से अवगत कराने का प्रयास किया गया, लेकिन उपभोक्ताओं ने इसे स्वीकार नहीं किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत रिवालसर की अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, उपाध्यक्ष कश्मीर सिंह राव, सदस्य कमल प्रकाश गुप्ता सहित अनेक स्थानीय उपभोक्ता मौजूद रहे और सभी ने एकजुट होकर स्मार्ट मीटर लगाने के निर्णय पर आपत्ति दर्ज करवाई। उपभोक्ताओं का कहना था कि जब तक उनकी शंकाओं का समाधान नहीं किया जाता व मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं होता, तब तक वे इसका विरोध जारी रखेंगे। विभाग की ओर से भविष्य में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर उपभोक्ताओं से संवाद जारी रखने की बात कही गई।

## शुभम ने स्टार्टअप व स्वरोजगार पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया



अनंत ज्ञान

**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा के पुराने परिसर स्थित अखंड चंडी महल के दरबार हॉल में उद्योग विभाग तथा निटकॉन लिमिटेड के सहयोग से बीबीए, बीसीए, पीजीडीसीए एवं बी-वॉक के विद्यार्थियों के लिए 'उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रोफेसर एवं करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के सदस्य सचिव प्रो. अविनाश ने की, जबकि निटकॉन लिमिटेड के प्रशिक्षक शुभम जमवाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टार्ट-अप, व्यवसायिक मॉडल और स्वरोजगार से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। मुख्य वक्ता शुभम जमवाल ने विद्यार्थियों को उद्यमिता में 'व्यक्तिज्ञान' की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सफल उद्यमी बनने के लिए अपनी क्षमताओं, रुचियों व सीमाओं को समझना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, निर्णय कौशल और नवाचार जैसे गुण उद्यमिता की सफलता की आधारशिला हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उद्यमिता बेरोजगारी कम करने के साथ-साथ स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. अविनाश ने छात्रों को उद्यमशील सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि ऐसी कार्यशालाएं अकादमिक ज्ञान व व्यावहारिक अनुभव के बीच सेतु का कार्य करती हैं।

## विद्यार्थियों ने खेल प्रतिभा का किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रवींद नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में एकदिवसीय एथलेटिक मीट का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम के साथ हुआ। एथलेटिक मीट का उद्घाटन मुख्यातिथि डॉ. रमेश धलेरिया (प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर) ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने की। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करते हैं तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसके लिए उनका शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना आवश्यक है। प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने कहा कि नशे के दुष्प्रभाव से युवाओं को बचाने के लिए खेलकूद गतिविधियां सबसे प्रभावी माध्यम हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अरुण शर्मा ने किया। इस अवसर पर एनसीसी, एनएसएस तथा स्काउट एंड गाइड के विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। एथलेटिक मीट में 100, 200, 400 एवं 800 मीटर दौड़, लंबीकूद, ऊंची कूद, भाला फेंक, चक्का फेंक, शॉट पुट और रिले दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। ओवरऑल परिणाम में पुरुष वर्ग में मनीष शर्मा (बीसीए द्वितीय सेमेस्टर) व महिला वर्ग में शिवानी (बीए प्रथम वर्ष) को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। अंत में मुख्यातिथि व अध्यक्ष ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए व शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रो. दिनेश ठाकुर सहित समस्त स्टाफ को बधाई दी।

अनंत Classifieds

**नाम दुरुस्ती**

**मैं, भीर दासी** पत्नी जोगी राम निवासी गांव शेगली पीओ पनारसा तहसील औट जिला मंडी हिमाचल प्रदेश, घोषणा करती हूं कि मेरे सभी सरकारी दस्तावेजों में मेरा सही नाम भीर दासी है, लेकिन मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गलत तरीके से मीरा दासी दर्ज किया गया है। कृपया इसे भीर दासी में सुधार किया जाए।

**सार्वजनिक सूचना**

**पुनित कुमार** पुत्र अमर चंद, निवासी दधोल खुर्द, भराड़ी, जिला बिलासपुर (हि.प्र.) के राजस्व अभिलेखों में 'चंदू राम' के स्थान पर 'अमर चंद' नाम संशोधन संबंधी। आपत्ति हो तो 28-02-2026 तक नायब तहसीलदार, भराड़ी कार्यालय में प्रस्तुत करें।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ।**
मुकदमा इन्द्राज जन्म तिथी ।
पेशी 04.03.2026
सरोज कुमारी पुत्री श्री ईशवर दास निवासी गांव व डाकखाना अनसुई तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि.प्र. ।

**बनाम**

1. आम जनता
2. सचिव ग्राम पचांयत अनसुई ।
3. सी0एम0ओ0 कांगड़ा स्थित धर्मशाला।

**विषय-** बाबत इन्द्राज जन्म एवं मृत्यु तिथी अधीन जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत जन्म प्रमाण पत्र लेने वारे।

उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थीया ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है कि जिसमें लिखा है कि उनका जन्म दिनांक 02.10.1961 गांव व डाकघर अनसुई में हुआ है परन्तु अज्ञानतावश इसका इन्द्राज ग्रांम पंचायत अनसुई तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के रिकार्ड में दर्ज नहीं हुआ है। प्रार्थीया उक्त जन्म तिथी को दर्ज करवाना चाहती है। इस संदर्भ में Addl. District Registrar-cum Chief medical officer के Recommandation letter No. HFW/KGR/ST (Delayed) (B&D) /2025/811 date 13.02.2026 द्वारा भी इस वारे इस कार्यालय को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने वारे प्रेषण किया गया है।

अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथी को गांम प्रचायत अनसुई विकास खण्ड रैत के रिकार्ड के जन्म रजिस्टर में दर्ज करवाने वारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस कार्यालय में दिनांक 04.03.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा।

आज दिनांक 17/02/26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी शाहपुर जिला, कांगड़ा हि.प्र. ।**

**उत्साह** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव 2026 में राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आगाज

# अक्षय क्लब रोहड़ू ने मंडी बी को हराया

अनंत ज्ञान

**मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी के अंतर्गत राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया, जिसमें प्रदेश भर से कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं और खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

प्रतियोगिता का पहला मुकाबला अक्षय क्लब शिमला रोहड़ू और मंडी बी के मध्य खेला गया, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल और टीम भावना का प्रदर्शन किया। मैच के दौरान रोमांचक रैलियां व सशक्त स्मैश देखने को मिले, जिससे दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। कड़े मुकाबले के बाद अक्षय क्लब शिमला रोहड़ू की टीम विजेता रही और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रतियोगिता में दमदार शुरुआत की। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना तथा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। आगामी दिनों में भी अन्य मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें खेल प्रेमियों को रोमांचक प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी।



प्रतियोगिता में भाग लेते हुए खिलाड़ी। अनंत ज्ञान

## राज्य स्तरीय पुरुष वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी के अंतर्गत राज्य स्तरीय पुरुष वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साह और रोमांच के साथ हुआ, जिसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 9 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में कोचिंग सेंटर सुंदरनगर और कोचिंग सेंटर कुल्लू के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने दमखम, फुर्ती और रणनीति का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे मुकाबला काफी रोमांचक बन गया। दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए तालियों से पूरा मैदान गुंजायमान कर दिया। कड़े संघर्ष के बाद कोचिंग सेंटर कुल्लू की टीम विजेता रही और प्रतियोगिता में शानदार शुरुआत की। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को पारंपरिक खेलों के प्रति प्रेरित करना और खेल प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना है। आगामी दिनों में अन्य मुकाबले भी खेले जाएंगे, जिनमें प्रतिस्पर्धा और भी रोमांचक होने की उम्मीद है।

## चंबा में स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति पर मंथन

अनंत ज्ञान

**चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज चंबा के नर्सिंग हॉल में जिला स्तरीय खंड चिकित्सा अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. जालम भारद्वाज ने की। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने विभिन्न स्वास्थ्य खंडों से प्राप्त मासिक रिपोर्टों का विस्तृत आकलन किया तथा आकांक्षी जिले के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने और लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिए। डॉ. भारद्वाज ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिले में संचालित कार्यक्रमों की भी विस्तार से समीक्षा की। इनमें प्रजनन एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, टीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, एनसीडी कार्यक्रम तथा एचएमआईएस की खंड स्तरीय प्रगति शामिल रही। साथ ही उन्होंने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में चल रही गतिविधियों का जायजा लेते हुए सेवा गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी, टीकाकरण की शत-प्रतिशत कवरेज तथा गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को जमीनी स्तर पर निगरानी मजबूत करने और जन-जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल देने को कहा गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कविता महाजन, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी, डॉ. करण हितैषी, डॉ. वेहवी गुरुंग, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कक्कड़, डॉ. नवदीप राठौर, डॉ. दीपेश बराल, डॉ. पदमा, डॉ. शाम लाल, डॉ. शिव राज सहित सभी स्वास्थ्य खंडों के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया, ताकि जिले के प्रत्येक नागरिक को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।



नर्सिंग हॉल में जिला स्तरीय खंड चिकित्सा अधिकारियों की मासिक समीक्षा में मौजूद अधिकारीगण। अनंत ज्ञान

**अच्छी** योजना बनाना बुद्धिमानी का काम है पर उसको ठीक से पूरा करना धैर्य और परिश्रम का।

-डॉ. तपेश चतुर्वेदी

## संपादकीय

# भविष्य की आर्थिक चुनौती

हिमाचल प्रदेश में राजस्व घाटा अनुदान बंद किए जाने का प्रश्न अब केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से राजनीतिक रूप ले चुका है। प्रदेश की वर्तमान सरकार, जिसका नेतृत्व सुखविंद्र सिंह सुक्खू कर रहे हैं, लगातार केंद्र से इस अनुदान को जारी रखने की मांग कर रही है। वहीं विपक्ष में बैठी भाजपा इस विषय को केंद्र सरकार के समक्ष उसी तीव्रता से उठाने को लेकर उत्साह नहीं दिखा रही।

हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय राज्य की वित्तीय संरचना विशेष परिस्थितियों में काम करती है। सीमित औद्योगिक आधार, कठिन भौगोलिक परिस्थितियां, कम कृषि योग्य भूमि और परिवहन लागत की अधिकता जैसे कारणों से राज्य की अपनी आय सृजन क्षमता अपेक्षाकृत कम है। इसी कारण पांचवें से लेकर पंद्रहवें वित्त आयोग तक राज्य को राजस्व घाटा अनुदान मिलता रहा, किंतु सोलहवें वित्त आयोग द्वारा इसे बंद करने की सिफारिश ने प्रदेश के समक्ष गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। यदि यह अनुदान वास्तव में बंद हो जाता है तो राज्य की विकास योजनाओं, कर्मचारियों के वेतन, सामाजिक कल्याण योजनाओं और आधारभूत ढांचे पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

भाजपा नेताओं का तर्क है कि यह निर्णय केवल हिमाचल के लिए नहीं, बल्कि कुल सत्रह राज्यों के लिए लिया गया है, जिनमें अनेक राज्य भाजपा अथवा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन शासित हैं, परंतु यह तर्क हिमाचल की विशिष्ट परिस्थितियों को पूरी तरह संबोधित नहीं करता। प्रत्येक राज्य की भौगोलिक, आर्थिक और सामाजिक संरचना अलग होती है। हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य की वित्तीय आवश्यकताएं मैदानी राज्यों से भिन्न हैं।

विधानसभा में इस विषय पर दो दिन तक विस्तृत चर्चा हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। सरकार ने इस संबंध में संकल्प प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजने का निर्णय लिया है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य की वर्तमान आर्थिक स्थिति के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया, जबकि मुख्यमंत्री सक्खू ने पूर्ववर्ती सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन और कर्ज का बोझ बढ़ाने के आरोप लगाए। दोनों पक्षों ने आंकड़ों के माध्यम से अपनी-अपनी स्थिति स्पष्ट करने का प्रयास किया।

वास्तविकता यह है कि हिमाचल प्रदेश में ऋण लेना लगभग प्रत्येक सरकार की विवशता रही है। सीमित आय और बढ़ते व्यय के बीच संतुलन स्थापित करना कठिन होता जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क निर्माण और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए निरंतर संसाधनों की आवश्यकता रहती है। ऐसे में राजस्व घाटा अनुदान का बंद होना राज्य की वित्तीय सेहत पर दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकता है।

यह विषय केवल सरकार या विपक्ष तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रदेश के प्रत्येक नागरिक से जुड़ा है। जनता का मुख्य सरोकार यह है कि विकास कार्य बाधित न हों और राज्य आर्थिक अस्थिरता की ओर न बढ़े। इसलिए यह आवश्यक है कि राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर सभी दल एक साझा रणनीति बनाएं। यदि सत्ता और विपक्ष मिलकर केंद्र के समक्ष राज्य की विशिष्ट परिस्थितियों को मजबूती से प्रस्तुत करें, तो समाधान की संभावना बढ़ सकती है।

हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर्यटन, बागवानी, जलविद्युत और सीमित उद्योगों पर आधारित है। इनमें उतार-चढ़ाव राज्य की आय को सीधे प्रभावित करते हैं। प्राकृतिक आपदाएं भी अतिरिक्त बोझ डालती हैं। ऐसे में केंद्र से मिलने वाला वित्तीय सहयोग राज्य की स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण होता है।

समय की मांग है कि राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पीछे रखकर व्यापक हित को प्राथमिकता दी जाए। यदि सभी दल एकजुट होकर ठोस तथ्यों और संतुलित दृष्टिकोण के साथ अपनी बात रखें, तो केंद्र सरकार पर सकारात्मक निर्णय लेने का दबाव बन सकता है। हिमाचल प्रदेश का भविष्य स्थिर और समृद्ध तभी हो सकता है जब वित्तीय संसाधनों की निरंतरता सुनिश्चित की जाए और विकास की गति अविराम बनी रहे।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | आज की प्रमुख हस्ती

## महानतम मराठा शासक

**छत्रपति** शिवाजी महाराज का पूरा नाम शिवाजी राजे भोंसले था। उनका जन्म 19 फरवरी 1630 को हुआ और 3 अप्रैल 1680 को उनका निधन हुआ। वे पश्चिमी भारत में मराठा साम्राज्य के संस्थापक तथा एक कुशल सेनानायक थे। उनके पिता शाहजी भोंसले और माता जीजाबाई थीं। शिवाजी ने अल्पायु में ही स्वराज्य स्थापना का संकल्प लिया। उस समय उत्तर भारत में मुगल सत्ता और दक्षिण में बीजापुर तथा गोलकुंडा के सुल्तानों का प्रभाव था। शिवाजी ने अनेक किलों का निर्माण और पुनरुद्धार कराया तथा सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित की। 1679 में उनके निर्देश पर अन्नाजी दत्तो द्वारा भू-सर्वेक्षण कराकर नया राजस्व निर्धारण किया गया। 1665 में महाराज जयसिंह ने बीजापुर से संधि कर पुरन्दर पर आक्रमण किया। संघर्ष के बाद 22 जून 1665 को 'पुरन्दर की संधि' उन्हें नजरबंद कर दिया गया। बाद में वे चतुराई से वहां से निकलकर रायगढ़ पहुंचे। 1674 तक शिवाजी ने अपने अधिकांश प्रदेश पुन: प्राप्त कर लिए और रायगढ़ में विधिवत राज्याभिषेक कराया। उन्होंने सुव्यवस्थित शासन, सुदृढ़ सेना और समुद्री शक्ति के माध्यम से स्वतंत्र मराठा राज्य की स्थापना की। उनका जीवन साहस, संगठन क्षमता और स्वराज्य की भावना का प्रेरक उदाहरण माना जाता है।



छत्रपति शिवाजी महाराज
जन्म : 19 फरवरी,1630
मृत्यु : 3 अप्रैल, 1680



कविता

## न भेद किसी का...

डॉ. कौमार्या मनोज

**होली** के ये मौसम, रंगीन त्योहार।
बरसाते रहें यारों अपनों सा प्यार।।
क्या अपना-पराया सब इक दिख रहे।
यारों रंगों की मस्ती में यूं मस्त रहे।।
न भेद किसी का, न भाव किसी को।
अपनों से प्यारा, बर्ताव सभी को।।
दिले उमंग खुशियां, सब एक रहे।
न छोटे-बड़े का कोई भेद रहे।।
दे देना तू माफी गर गलती हुई।
इंसा हैं यारा कोई भगवन नहीं।।
मौका है अच्छा, सब नेक रहें।
फिर गलती न हो ये विवेक रहे।।
इक गलती की माफी है मिलती हमें।
पर गलती पर गलती, स्वीकार नहीं।
रब ने दिया मौका, तू चौका लगा।
कर रिश्ते कबूल, सबको अपना बना।।
होली के ये मौसम रंगों का त्यौहार ।
बरसाते रहें यारों अपनों सा प्यार।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का 'ग्लोबल लीडर' बनता भारत



डॉ. पवन कुमार शर्मा
स्वतंत्र लेखक

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों में से एक है। यह केवल तकनीक नहीं बल्कि अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, शासन, वित्तीय सेवाओं और सामाजिक विकास जैसे हर क्षेत्र पर प्रभाव डाल रही है। भारत सरकार ने इसे एक राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में अपनाया है और इसे विकास, समावेशन और वैश्विक नेतृत्व के लिए एक मंच के रूप में बनाया है। इसी सिलसिले में भारत में 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की भावना के साथ पहली बार ग्लोबल साउथ की सबसे बड़ी एआई इंपैक्ट समिट 2026 का आयोजन हो रहा है।

भारत की जनसंख्या, विविध भाषाएं, विविध डेटा स्रोत और आईटी प्रतिभा ने देश को एआई के लिए एक अनूठा अवसर दिया है। भारत की युवा शक्ति, उद्यमियों की संख्या और सेवाओं में डिजिटल रूपांतरण की गति एआई को अपनाने में प्रमुख भूमिका निभा रही है। भारत नई दिल्ली के भारत मंडपम में एआई इंपैक्ट समिट 2026 की मेजबानी कर रहा है। यह ग्लोबल साउथ में पहला बड़ा एआई समिट है। इस समिट को पीपल, प्लानेट और प्रोग्रेस के तीन स्तंभों पर केंद्रित किया गया है-यानी फोकस एआई का उपयोग मानवता के लाभ, पर्यावरण और स्थिरता एवं सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए करना है। इसकी थीम 'रिस्पॉन्सिबल इंटेलिजेंस' और 'एआई फॉर ग्लोबल गुड' है। यह समिट एक महत्वपूर्ण वैश्विक एआई सम्मेलन है जिसमें लगभग 100 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। यह समिट भारत को ग्लोबल एआई हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

इस सम्मेलन का उद्देश्य एआई के उपयोग को ग्लोबल साउथ देशों के लिए और अधिक लोकतांत्रिक बनाना; एआई के नैतिक, जिम्मेदार और पारदर्शी उपयोग के मानदंडों को विश्व स्तर पर प्रोत्साहित करना; विभिन्न क्षेत्रों में एआई के व्यवहारिक अनुप्रयोगों को साझा करना, जैसे स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, जलवायु परिवर्तन और शासन।

एआई इंपैक्ट समिट 2026 में गूगल के सुंदर पिचाई, ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन, मेटा के एलेक्जेंडर वांग और एनवीडिया के जेनसेन हुआंग जैसे ग्लोबल लीडर शामिल हो रहे हैं। इससे भारत को वैश्विक एआई नीति वार्ता में निर्णायक भूमिका, वैश्विक शोध और निवेश साझेदारियां, AI के नैतिक और सामाजिक अनुप्रयोगों पर वैश्विक मानकों का निर्माण जैसे क्षेत्रों में नेतृत्व करने का अवसर मिलेगा। यह सम्मिट सिर्फ तकनीकी चर्चा का केंद्र नहीं है, बल्कि वैश्विक सहयोग, नीति निर्माण, नवाचार,



और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर साझेदारियां मजबूत करने वाला मंच भी है। भारत अपनी AI यात्रा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों की ओर अग्रसर है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी रैंकिंग 2025 के अनुसार भारत तीसरे स्थान पर है। यह रैंकिंग एआई शोध, डेटा इन्फ्रास्ट्रक्चर और स्टार्टअप गतिविधि के आधार पर दी जाती है। इसका मतलब है कि भारत न केवल AI तकनीक को अपनाने में अग्रणी है, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भी एक मजबूत खिलाड़ी बनकर उभरा है।

एआई मॉडल और शोध के लिए जीपीयू यानी ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट आवश्यक हैं। भारत में इंडियाएआई कंप्यूट पोर्टल के द्वारा 34,381 जीपीयू उपलब्ध कराए गए हैं ताकि शोधकर्ता, स्टार्टअप और एमएसएमई एआई मॉडल पर काम कर सकें। भारत की कृत्रिम बुद्धिमत्ता यात्रा केवल तकनीकी प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समावेशी और जनहितकारी विकास का राष्ट्रीय अभियान बन चुकी है। देश में अब तक 30 आंकड़ा एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रयोगशालाएं स्थापित की जा चुकी हैं और 570 प्रयोगशालाएं स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित है। ये प्रयोगशालाएं विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को प्रशिक्षण तथा प्रयोग का अवसर प्रदान करेंगी, विशेष रूप से छोटे और मध्यम नगरों में तकनीकी सशक्तिकरण को बढ़ावा देंगी।

हाल के वर्षों में ककृत्रिम बुद्धिमत्ता और संगणना केंद्रों के निर्माण में बड़े निवेश देखे गए हैं। उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित 1 गीगावाट क्षमता वाला कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा उच्च प्रदर्शन संगणना केंद्र भारत को वैश्विक प्रौद्योगिकी शक्ति बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का नेतृत्व मुख्यत: इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के माध्यम से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कृत्रिम बुद्धिमत्ता को 'समावेशी विकास' और 'विकसित भारत' का आधार मानते हैं। सरकार इसे नैतिक, सुरक्षित और पारदर्शी रूप से लागू करने पर बल दे रही है, ताकि उत्तरदायित्व और मानवाधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

मार्च 2024 में स्वीकृत IndiaAI Mission इस दिशा की प्रमुख पहल है। इसका उद्देश्य देश में स्वदेशी कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षमताओं का विकास करना तथा उसके लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को सुशासन का महत्वपूर्ण आधार बताया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मार्गदर्शन में युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम भी आरंभ किए गए हैं, जिससे वे भविष्य की आवश्यकताओं के लिए सशक्त बन सकें। इस प्रकार भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता को केवल तकनीकी साधन नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक उन्नति के सशक्त माध्यम के रूप में विकसित कर रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारतीय संविधान : वास्तविकता, संशोधन और लोकतंत्र की विडंबना



कटोच रामेश्वर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, जोगिंद्रनगर

भारत का संविधान जिसके रचयिता वैसे तो भीमराव अंबेडकर कहलाते हैं, परंतु वास्तविकता यह है कि अब जो संविधान चल रहा है उसके रचयिता हर पांच वर्ष बाद नए नए जुड़ते ही जा रहे हैं। ये रचयिता और कोई नहीं हमारे राजनीतिक ही हैं।

आप जानते हैं या नहीं, इस वरिष्ठ लेखक को तो ज्ञात नहीं, परंतु स्वतंत्रता के पश्चात जो संविधान का सच में वास्तविक रूप था उसके वही सिद्धांत मूलरूप से कार्यरत हैं, जो भारतीय नागरिकों द्वारा चुने हुए सत्तारूढ़ राजनीतिज्ञ जिन्हें हम भारतीय संसदीय एवं विधानसभा सदस्य भी कहते हैं। हमारे भारतीय संविधान के सिद्धांत, धाराएं, अनुच्छेद हर स्तर पर इन्हीं राजनीतिज्ञों के ही पक्षधर हैं चाहे वह कितना भी घिनौना कार्य हमारे ये राजनीतिज्ञ क्यों न करते रहते हों। शेष सभी न्यायसंगत संविधान के सिद्धांत तो कभी के संशोधित करके अपने पक्ष में, हमारे राजनीतिज्ञ कर ही चुके हैं। अभी तक तो इस प्रकार भारतीय संविधान के लाख के समीप रचयिता बन चुके हैं फिर भी हम सभी भारतीय संविधान की दुहाई प्रतिदिन दे देकर न्याय की गुहार लगाते फिर रहे हैं। इससे बढ़कर भारत के लोगों की विडंबना क्या हो सकती है। यह भी प्रमाणित और जगजाहिर है कि जिन-जिन देशों का संविधान जब भी उसके मूलरूप को संशोधित करके उस देश के लोगों पर घोषित कर स्वीकार्य हुआ वह देश या तो टुकड़े हो गया या फिर असमंजस की स्थिति में आ गया। भारतीय संविधान का भी कुछ ऐसा ही हाल है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण लेखक प्रस्तुत कर रहा है।

कृपया सभी के सभी भारतीय नागरिक, एकाग्रचित और ध्यानपूर्वक पढ़ें। संविधान के भाग 2 के सिद्धांत, धारा, 13ए 14 एवं 15 जिसमें समानता और बोलने का अधिकार दिया गया है, परंतु अब केवल





संविधान के इन तीनों सिद्धांतों का अपने अनुरूप तैयार कर भारतीय राजनीतिज्ञों ने संशोधन करके उसे संविधान के भाग 16 के सभी सिद्धांत 330 से लेकर 342 के अन्वेषण अधिनियमित कर दिया है।

ऐसा प्रतीत होता है कि भारतीय नागरिक से वोट लेकर फिर उसी वोटर की चोट देकर स्थायी राजनीतिकरण हो चुका है। 'भारतवर्ष का संविधान तो अब एक उद्घोषित जुमलेबाजी बनकर रह गया है।' यही सर्वप्रथम कारण है कि भारत में न कोई नियम है, न अनुशासन, न धर्म और न भाईचारा है। अगर है तो आराजकता, अशांति, झूठ-फरेब की राजनीति जो अब प्रत्येक घर, गांव और शहर में प्रमाणित रूप से सभी बुद्धिजीवियों को हर समय प्रत्यक्ष सामने दिखाई देगी।

वर्तमान में भारतीय संशोधित संविधान इस समय जो कार्यरत है वह भीतर से हमारे सत्तारूढ़ राजनीतिज्ञों द्वारा हर बार संशोधित कर करके इतना खोखला कर दिया है कि जब भी इसके किसी अभी तक बिना संशोधन, सिद्धांत, अनुच्छेद, धारा का भी प्रयोग भूले-भटके कहीं भारतीय नागरिकों की भलाई हेतु होता भी है, परंतु सत्तापक्ष के भविष्य को धूमिल करने वाला होने जा रहा होता है तो, उसे हमारे राजनीतिज्ञ उसी समय इसे बिना संशोधित भारतीय संविधान की धारा, सिद्धांत, अनुच्छेद को अमल में आने से पूर्व ही अपनी संविधान के माध्यम से मिली प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर तुरंत संशोधित या निरस्त करके अपने को सदैव के लिए सुरक्षित कर लेते हैं। और यह सब कुछ ध्वनिमत से सत्तारूढ़ पक्ष सहजता से करवा भी लेता है।

उपरोक्त तथ्यों और सत्य को अगर भारतीय नागरिक अपनी आत्मा एवं दिल से स्वीकार करते हैं तो यह संकल्प करें कि भारतीय राजनीति और राजनीतिज्ञों से सौ कदम सदैव के लिए दूरी बनाए रखेंगे ताकि सभी गरीब और रुग्ण भारतीय फिर से सुनहरे वास्तविक भारत की कल्पना ही नहीं, बल्कि एक उन्नत और सौहार्दपूर्ण वातारण से हरा-भरा हुआ भारत का रूप आवश्य ही फिर से प्राप्त कर ही लेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अद्भुत संगठन शिल्पी थे माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर



हरिराम धीमान
स्वतंत्र लेखक, नालागढ़

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का शताब्दी वर्ष चल रहा है तो विश्व के सबसे बड़े इस स्वयंसेवी संगठन की दुनियाभर में चर्चा चल रही है। यद्यपि संघ की स्थापना 1925 में परम पूज्य केशव बलिराम हेडगेवार ने कर दी थी, लेकिन वे अपने जीवनकाल में इसका मूलभूत ढांचा ही बना पाए थे, इसे विराट स्वरूप संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर जिन्हें सभी श्रीगुरु जी के नाम से जानते हैं, ने अपने 33 वर्ष के कार्यकाल में दिया।

संगठन के ऐसे अभूतपूर्व शिल्पी श्री गुरुजी जी का जन्म 19 फरवरी 1906 को महाराष्ट्र के रामटेक में हुआ था। 21 जून 1940 को डक्टर हेडगेवार जी ने इस संसार को त्याग दिया तथा उनके बाद परम पूज्य गुरु जी ने सरसंघचालक का कार्यभार संभाला और 5 जून 1973 तक मृत्युपर्यंत इस दायित्व को निभाया। इन 33 वर्षों में संघ को विशाल रूप प्रदान किया जिसकी कल्पना हेडगेवार जी ने की थी। इस अवधि में देश में अनेक घटनाएं घटीं जिनमें देश का विभाजन भी शामिल है। आज कुछ लोग प्रश्न उठाते हैं कि संघ का देश के स्वाधीनता संग्राम में कोई योगदान नहीं है।

वे अपनी जगह सही हो सकते है, क्योंकि संघ ने अलग से कोई स्वतंत्रता आंदोलन नहीं चलाया, बल्कि इसके कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस द्वारा चलाए गए आंदोलन में भाग लिया क्योंकि उस समय कांग्रेस कोई राजनीतिक दल नहीं था बल्कि एक आंदोलन था। इसके अतिरिक्त संघ के कार्यकर्ताओं ने कभी भी इस इच्छा से कोई कार्य नहीं किया कि इसके बदले में उन्हें किसी प्रकार के नाम या यश की प्राप्ति होगी, परंतु देश की स्वतंत्रता के बाद के कितने ही कार्य हैं जो श्री गुरु जी के नेतृत्व में आरएसएस के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए और इतिहास में दर्ज हैं, लेकिन कभी भी



संघ ने इसके लिए अपनी पीठ नहीं थपथपाई। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय देशी रियासतों का भारत में विलय किया जा रहा था। इसी क्रम में जम्मू-कश्मीर का प्रश्न अत्यंत जटिल बन गया।

उस समय के गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के आग्रह पर माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर 17 अक्तूबर 1947 को श्रीनगर पहुंचे और 18 अक्तूबर को महाराजा से भेंट की। इसके पश्चात 26 अक्तूबर 1947 को महाराजा हरि सिंह ने भारत में विलय के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। 27 अक्तूबर को भारतीय सेना श्रीनगर पहुंची। वर्णनों के अनुसार हवाई पट्टी को उपयोग योग्य बनाने तथा अन्य व्यवस्थाओं में स्वयंसेवकों ने सहयोग दिया।

दादरा और नगर हवेली तथा गोवा के घटनाक्रम का भी उल्लेख किया जाता है। 1954 में दादरा क्षेत्र पुर्तगाली शासन से मुक्त हुआ और सिलवासा में तिरंगा फहराया गया। 1955 से गोवा मुक्ति आंदोलन में भी अनेक कार्यकर्ता सक्रिय रहे। उस समय प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू थे। अंतत: 1961 में सैन्य कार्रवाई के बाद गोवा भारत में सम्मिलित हुआ। 1962 के भारत-चीन युद्ध के समय भी स्वयंसेवकों द्वारा राहत और सहयोग कार्य किए जाने का उल्लेख मिलता है। 26 जनवरी 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में स्वयंसेवकों की एक टुकड़ी को आमंत्रित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सहभागिता हुई।

17 मई 1968 को मुंबई में दिए गए अपने भाषण में श्री गुरुजी ने स्पष्ट किया कि उनकी रुचि सत्ता प्राप्ति में नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण में है। उन्होंने कहा कि शासन कौन चलाता है, यह गौण है; मुख्य बात यह है कि देश सुरक्षित रहे, समाज चरित्रवान बने और राष्ट्रभक्ति का विकास हो। यह भी कहा जाता है कि स्वतंत्रता के बाद सरकार में सम्मिलित होने का प्रस्ताव विनम्रतापूर्वक अस्वीकार कर संगठन ने स्वयं को सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों तक समर्पित रखने का निर्णय लिया।

यह विवरण उस विचारधारा को दर्शाता है जिसमें राष्ट्रहित, सेवा और संगठनात्मक समर्पण को सर्वोपरि माना गया।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# वैश्विक मीठे जल का संकट : उपलब्धता और पहुंच की दोहरी चुनौती



डॉ. प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र लेखिका

आज विश्व जिन गंभीर संसाधन संकटों का सामना कर रहा है, उनमें मीठे जल का संकट अत्यंत गहरा और बहुआयामी है। पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल का लगभग 97 प्रतिशत खारा है और केवल 3 प्रतिशत मीठा जल है।

इस अल्प भाग में से भी बहुत कम जल मानव उपयोग के लिए सुलभ है। इसके बावजूद विश्व की लगभग दो से तीन अरब जनसंख्या वर्ष के किसी न किसी समय जल संकट का सामना करती है। यह संकट केवल भौतिक कमी का नहीं, बल्कि घटती उपलब्धता, असमान वितरण और सुरक्षित पहुंच की कमी का संयुक्त परिणाम है।

पिछले दशकों में मीठे जल की उपलब्धता में निरंतर गिरावट देखी गई है। भूजल का अत्यधिक दोहन इसका प्रमुख कारण है। कृषि, उद्योग और घरेलू आवश्यकताओं की बढ़ती मांग ने जलभृतों पर भारी दबाव डाला है। सिंचाई के लिए नलकूपों और बोरकूपों पर निर्भरता ने प्राकृतिक पुनर्भरण की गति को पीछे छोड़ दिया है। भारत, चीन और अमेरिका जैसे देशों में भूजल स्तर का निरंतर गिरना भविष्य की जल सुरक्षा के लिए गंभीर संकेत है। कई स्थानों पर जलभृत स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

जल स्रोतों का प्रदूषण भी संकट को गहरा करता है। बिना शोधन छोड़ा गया घरेलू मलजल, औद्योगिक अपशिष्ट, भारी धातुएं और कृषि रसायन नदियों, झीलों तथा भूजल को अनुपयोगी बना रहे हैं। विकासशील देशों में शोधन व्यवस्था के अभाव से स्थिति और गंभीर हो जाती है। परिणामस्वरूप जल उपलब्ध होते हुए भी पीने योग्य नहीं रहता और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ती हैं।

जलवायु परिवर्तन ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। तापमान वृद्धि के कारण हिमनद तेजी से पिघल रहे हैं तथा वर्षा का स्वरूप अनिश्चित हो गया है। हिमालय, आल्प्स और एंडीज जैसे क्षेत्रों में हिमनदों का सिकुड़ना दीर्घकाल में नदियों के प्रवाह को



अस्थिर कर रहा है। अल्पकाल में बाढ़ और दीर्घकाल में सूखे की संभावना बढ़ रही है।

तेजी से बढ़ते शहरीकरण और अवैज्ञानिक भूमि उपयोग ने आर्द्रभूमियों, तालाबों और बाढ़ क्षेत्रों को नष्ट कर दिया है। ये प्राकृतिक तंत्र जल संग्रहण और भूजल पुनर्भरण में सहायक होते हैं।

इनके क्षरण से जल चक्र का संतुलन बिगड़ गया है। जनसंख्या वृद्धि और उपभोग की बदलती प्रवृत्तियों ने प्रति व्यक्ति जल उपयोग बढ़ा दिया है। जल-गहन उद्योगों और खाद्य आदतों में परिवर्तन ने मांग को और बढ़ाया है। दूसरी ओर अनेक क्षेत्रों में जल उपलब्ध होते हुए भी आधारभूत संरचना के अभाव में लोगों तक नहीं पहुंच पाता। वितरण व्यवस्था में रिसाव और अपर्याप्त भंडारण से बड़ी मात्रा में जल नष्ट हो जाता है। राजनीतिक और कानूनी जटिलताएं भी जल तक समान पहुंच में बाधा बनती हैं।

अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय नदी विवाद जल प्रबंधन को प्रभावित करते हैं। सामाजिक असमानता के कारण ग्रामीण गरीबों, झुग्गी बस्तियों, महिलाओं और बच्चों पर जल संकट का सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें चेतावनी देती रही हैं कि मीठे जल का संकट आर्थिक विकास, सामाजिक स्थिरता और वैश्विक शांति से गहराई से जुड़ा है। जल की कमी भविष्य में संघर्ष और प्रवासन को बढ़ा सकती है।

अत: आवश्यक है कि सतत जल प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, आर्द्रभूमि संरक्षण, समन्वित नीतियां और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्राथमिकता दी जाए। जल सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल पर्यावरणीय दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और भावी पीढ़ियों के अधिकारों की रक्षा का अनिवार्य कर्तव्य है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### आशीष ने बिना कोचिंग के उत्तीर्ण की जेईई मेन्स परीक्षा



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत ढलवान के गांव धरवासडा के होनहार छात्र आशीष वर्मा ने कठिन प्रतियोगी परीक्षा जेईई मेन को प्रथम प्रयास में बिना किसी कोचिंग के उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आशीष ने 96.58 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। आशीष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। गांववासियों ने आशीष की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### शानन विद्युत प्रोजेक्ट पर फिर उठी हिमाचल के हक की मांग

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के अधीन आने वाला हिमाचल में स्थित शानन विद्युत प्रोजेक्ट आज भी करोड़ों का राजस्व पंजाब राज्य बिजली बोर्ड को दे रहा है, जबकि हिमाचल प्रदेश को उसका जायज हक अब तक नहीं मिल पाया है। इस मुद्दे को लेकर सत्तासीन दलों और स्थानीय लोगों द्वारा समय-समय पर आंदोलन किए जाते रहे हैं। चुनावी मौसम में यह विषय विशेष रूप से उठाया जाता है। चौहार घाटी के समाजसेवक व पूर्व सूबेदार रामसरन चौहान ने कहा कि स्थानीय जनता को आश्वस्त करने के लिए इस मुद्दे को फिर से उछाला जा रहा है, लेकिन इसे गंभीरता से केंद्र स्तर पर उठाया जाना चाहिए, ताकि हिमाचल को उसका अधिकार मिल सके। द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने कहा कि स्थानीय लोगों की मांग पूरी तरह जायज है और शानन विद्युत प्रोजेक्ट को वापस लेने का मामला कई बार विधानसभा सत्र में उठाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भी इस विषय को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

### बरोट-मियोट सड़क को धरोट तक जोड़ने की मांग तेज

**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटा भंगाल और चौहार घाटी के ग्रामीणों ने बरोट-मियोट नौ किलोमीटर सड़क मार्ग को मियोट से आगे बीड़-विलिंग मार्ग के बीच स्थित धरोट स्थान तक जोड़ने की मांग एक बार फिर जोर-शोर से उठाई है। ग्रामीणों धर्मेंद्र कुमार, नाग पाल, रवि कुमार, पवन कुमार, वीरेंद्र कुमार आदि ने कहा कि इस सड़क मार्ग के बन जाने से चौहार घाटी की खलैहल पंचायत के बड़ी, झरवाड़, खलैहल, मियोट तथा छोटा भंगाल घाटी की कोठी कोहड़ और बड़ा ग्रां पंचायत के बड़ा ग्रां, नलहौता, कोली रूलिंग सहित अनेक गांवों को बेहतर बस सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही बरोट, लपास, वरधान तथा छोटाभंगाल घाटी की मुल्थान, धरमान, लोआई, स्वाड़ और पोलिंग पंचायतों के निवासियों को भी आवाजाही में राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने सरकार से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

### साहिल मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 19 से

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** त्रिवेणी युवक मंडल डबरोग द्वारा साहिल मैमोरियल छठा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 19 फरवरी से किया जा रहा है, जिसमें पंचायत स्तर की टीमों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है और क्षेत्र के युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य रखा गया है। इस टूर्नामेंट के आयोजकों में विजय शर्मा डबरोग, विजय शर्मा बरछवाड़, सोनू धीमान, सीटू, डॉ. बंटी, दीपू तथा सुनीश शामिल हैं, जो आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियों में जुटे हुए हैं। प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा, जिसमें मैन आफ दी मैच और मैन आफ दी सीरिज के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। विजेता टीम को 25,000 रुपए नगद राशि व ट्राफी तथा उप विजेता टीम को 15,000 रुपए नगद राशि व ट्राफी पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। पंचायत लेबल के इस क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और आयोजकों ने अधिक से अधिक खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों से सहभागिता की अपील की है, ताकि ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं को मंच मिल सके और आपसी भाईचारा व सौहार्द को भी बढ़ावा मिले।

### भद्रवाड़ में जागरूकता बैठक 20 फरवरी को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल भद्रवाड़ ई. हंस राज ने बताया कि विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार तथा हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड के निर्देशानुसार विद्युत उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर के प्रति जागरूकता एवं विश्वास बढ़ाने तथा प्रीपेड स्मार्ट मीटर अपनाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 9 फरवरी से 23 फरवरी तक देशभर में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्युत उपमंडल भाम्बला द्वारा 20 फरवरी को सहायक अभियंता भद्रवाड़ के कार्यालय में प्रातः 11:30 बजे जागरूकता बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, इसके लाभ, बिलिंग प्रणाली तथा उपभोक्ताओं की शंकाओं के समाधान संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में विद्युत उप-मंडल भद्रवाड़ के अंतर्गत आने वाले सभी विद्युत उपभोक्ताओं एवं आम जनता की सहभागिता अपेक्षित है, ताकि स्मार्ट मीटर से संबंधित सही जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके।

### नाचन विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक मजबूती पर जोर

**अनंत ज्ञान, सुनील शर्मा, गोहर।** नाचन विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक जिला सचिव गोविंद रागड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्रभर से आए लगभग 65 कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक के दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और जनता के बीच पार्टी की पहुंच बढ़ाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में चल रहे सामाजिक और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और यह संकल्प लिया कि आने वाले समय में जनसंपर्क अभियान को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने सुझाव दिया कि गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को सुना जाए और उन्हें उचित मंच तक पहुंचाने का प्रयास किया जाए। इसके साथ ही पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाने पर भी सहमति बनी। बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए आपसी एकता और समर्पण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देना ही पार्टी की मुख्य पहचान है और इसी उद्देश्य को लेकर कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। इस दौरान कई कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में चल रहे जनहित के कार्यों और समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। बैठक का मुख्य आकर्षण कार्यकर्ताओं का उत्साह और एकजुटता रही। सभी कार्यकर्ताओं ने समाजसेवी एवं सक्रिय नेता राकेश कुमार के नेतृत्व में कार्य करने का भरोसा जताया और क्षेत्र के विकास तथा जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयासों से संगठन को और मजबूत बनाया जा सकता है तथा आने वाले समय में पार्टी क्षेत्र में मजबूत जनाधार स्थापित करेगी। बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में नाचन विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संवाद स्थापित करेंगे, उनकी समस्याओं को सुनेंगे और समाधान के लिए संबंधित विभागों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। साथ ही युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए भी विशेष रणनीति तैयार करने पर चर्चा की गई।

# महाशिवरात्रि महोत्सव में देवधुन की दिव्य गूंज

## वाद्य यंत्र एवं देवलु नाटी प्रतियोगिता के दूसरे दिन आस्था, परंपरा और उत्साह का भव्य संगम

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** छोटी काशी के नाम से विख्यात मंडी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत देवधुन वाद्य यंत्र एवं देवलु नाटी प्रतियोगिताओं का दूसरा दिन भी अलौकिक श्रद्धा, सांस्कृतिक गरिमा और उल्लास से सराबोर रहा। देव समाज, बजंत्रियों और श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने पूरे आयोजन को भव्यता प्रदान की।

प्रतियोगिता के लिए अब तक 104 देवताओं के बजंत्रियों ने वाद्य यंत्र श्रेणी में पंजीकरण करवाया है, जबकि देवलु नाटी प्रतियोगिता में 17 देवताओं के देवलु दलों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। प्रथम दिन 23 प्रतिभागियों ने वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति दी थी, वहीं दूसरे दिन 50 प्रतिभागियों ने नगाड़ों, करनाल, रणसिंघा एवं अन्य पारंपरिक वाद्यों की समवेत ध्वनि से वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। देवलु नाटी प्रतियोगिता में 5 देवताओं के देवलुओं ने पारंपरिक नाटी की मनोहारी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देवधुन की गूंज से पंडाल आस्था और ऊर्जा से अनुप्राणित हो उठा तथा तालियों की गड़गड़ाहट ने कलाकारों का उत्साह दोगुना कर दिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मुरारी शर्मा, कृष्णा देवी और उमेश ने निष्पक्ष भूमिका निभाई। इस अवसर पर सर्व देवता समिति के अध्यक्ष शिव पाल शर्मा, महासचिव दिनेश शर्मा, जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी सहित देव समाज से जुड़े गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आगामी दिनों में भी इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से छोटी काशी की समृद्ध देव संस्कृति, लोक आस्था और परंपराओं का दिव्य आलोक निरंतर प्रज्ज्वलित होता रहेगा।





वाद्य यंत्र एवं देवलु नाटी प्रतियोगिता में भाग लेते हुए देवलु व प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

## एक दिन और दस देवता






























# शिवरात्रि महोत्सव में रेशम उत्पादन प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में उद्योग विभाग द्वारा लगाई गई सिल्क प्रोत्साहन प्रदर्शनी ने आमजन को रेशम उत्पादन की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया। प्रदर्शनी में शहतूत की पनीरी, रेशम कीट सीड, धागा निर्माण और उससे बने उत्पाद प्रदर्शित किए गए।

उपायुक्त मंडी, अपूर्व देवगन ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कहा कि रेशम उत्पादन घर बैठे रोजगार और ग्रामीण आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने उद्योग की गुणवत्ता की सराहना की। प्रदर्शनी में बताया गया कि मंडी जिले में लगभग 80% उत्पादन मल्बरी सिल्क का है। जिले में लगभग 2,500 कृषक परिवार रेशम कीट पालन से जुड़े हैं, जो सालाना करीब 9.56 मीट्रिक टन कोकून का उत्पादन करते हैं। एक कृषक परिवार प्रतिमाह 15-20 हजार रुपये तक कमा सकता है। राज्य सरकार किसानों को योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है। कोकून की बिक्री ओपन टेंडरिंग के जरिए होती है, जिसमें ए ग्रेड कोकून 1,100-1,700 रुपए/किग्रा, बी ग्रेड 1,000-1,100 रुपए/किग्रा और सी ग्रेड 900-1,000 रुपए/किग्रा में बिकता है। अतिरिक्त आय कचरे से भी होती है, जिसकी कीमत 300 रुपए/किग्रा है। प्रदेश का रेशम अन्य राज्यों में भी मांग में है।

# लडभड़ोल बाजार में जाम नालियों से फैली बदबू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** तहसील क्षेत्र के मुख्य बाजार लडभड़ोल में निकासी की उचित व्यवस्था न होने और नालियों में पसरी गंदगी ने अब गंभीर रूप ले लिया है। हालात ऐसे हैं कि कूड़े-कचरे से अटी पड़ी नालियां संक्रामक बीमारियों को खुला न्योता दे रही हैं। पिछले कई महीनों से संबंधित विभाग द्वारा बाजार की सुध न लेने के कारण अधिकांश नालियां पूरी तरह ब्लॉक हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों ने विभाग के प्रति रोष जताते हुए कहा कि न्यू मार्केट लडभड़ोल में स्थिति सबसे अधिक खराब है। विशेषकर एक निजी स्कूल के पास स्थित नालियां कूड़े से इस कद्र जाम हैं कि गंदा पानी सड़कों के किनारे जमा हो गया है। इससे उठने वाली असहनीय बदबू ने आसपास के दुकानदारों और राहगीरों का जीना दूभर कर दिया है।

हैरानी की बात यह है कि विभागीय अधिकारी प्रतिदिन इसी मार्ग से अपने कार्यालय आते-जाते हैं, लेकिन समस्या पर अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सब कुछ देखते हुए भी विभाग अनजान बना बैठा है। गंदगी का सबसे अधिक दुष्प्रभाव स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। छोटे-छोटे बच्चों को नाक बंद कर स्कूल जाना पड़ रहा है।

अभिभावकों ने लोक निर्माण विभाग के एसडीओ से शीघ्र सफाई करवाने की मांग की है। इस संबंध में पवन गुलेरिया, सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग उपमंडल लडभड़ोल ने बताया कि उन्होंने मौके का निरीक्षण कर लिया है और समस्या उनके संज्ञान में है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कल से ही मजदूर लगाकर नालियों की सफाई करवा दी जाएगी, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

# डोडर में बंद मकानों के ताले तोड़ लाखों का सामान ले उड़े चोर

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट थाना क्षेत्र के गांव डोडर में अज्ञात चोरों ने बंद पड़े दो मकानों में सेंधमारी कर लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता बलबीर भारद्वाज निवासी डोडर, जिला मंडी ने बताया कि वह और उनके बड़े भाई कश्मीर सिंह अपने परिवार सहित मंडी व चंडीगढ़ में रहते हैं। उनके मकान रोपड़ (डोडर) बस स्टॉप के पास राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित हैं।

16 फरवरी को जब वे घर पहुंचे तो मुख्य गेट और दरवाजों के ताले टूटे मिले। अंदर से सोफा सेट, गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, आरओ, दो एलईडी टीवी, मिक्सर ग्राइंडर सहित अन्य सामान चोरी पाया गया। दूसरे मकान से 65 इंच की एलईडी टीवी और पीतल के बर्तन भी गायब मिले। मामले की पुष्टि थाना प्रभारी रजनीश ठाकुर ने करते हुए बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।



चोरों द्वारा मचाई तबाही। अनंत ज्ञान

# शिवरात्रि पर 'घोटा' पिलाने का भूपेंद्र ने किया विरोध

**अनंत ज्ञान।** सरकाघाट। सरकाघाट में शिवरात्रि महोत्सव के दौरान जहां अनेक मंदिरों में भंडारे लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया, वहीं कुछ स्थानों पर कथित रूप से शिवजी के नाम पर नशीला 'घोटा' भी बांटे जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कई लोगों ने इसे बोतलों में भरकर घरों तक ले जाकर परिवारजनों को भी पिलाया। कुछ जगहों पर नाबालिग बच्चों को भी इसे 'प्रसाद' बताकर दिया गया।

**◆ धर्म की आड़ में नशीले घोटे के वितरण पर रोक लगाने की मांग**

इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कहा कि धर्म और देवी-देवताओं के नाम पर सार्वजनिक रूप से नशीले पदार्थों का सेवन और वितरण गैर-कानूनी है तथा इस पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक ओर प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर धार्मिक आयोजनों के बहाने खुलेआम नशे का प्रचलन चिंताजनक है।

उन्होंने यह भी कहा कि कुछ धार्मिक स्थलों पर भांग और चरस को 'शिव बूटी' बताकर परोसा जाता है, जिससे युवाओं में गलत संदेश जाता है। समाज और सरकार को इस विषय पर गंभीरता से विचार कर सख्त कदम उठाने चाहिए, ताकि धार्मिक आस्था की आड़ में अवैध गतिविधियों को बढ़ावा न मिले।

भूपेंद्र सिंह ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर भी प्रशासन से सतर्कता बरतने की अपील की है, ताकि किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि पर प्रभावी रोक लगाई जा सके और पर्वों की गरिमा बनी रहे।

# पेंशन हेतु अनुबंध पीरियड की करें गणना : नरेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश के हजारों कर्मचारी जो वर्षों तक अनुबंध आधार पर सेवाएं प्रदान करने के बाद में नियमित हुए, वर्तमान प्रावधानों के कारण अनुबंध अवधि को पेंशन हेतु गणना न किए जाने से आहत हैं। विशेष रूप से वे कर्मचारी जिनकी नियमित सेवा 10 वर्ष पूर्ण नहीं हो पा रही है, पेंशन के अधिकार से वंचित हो रहे हैं।

स्थिति और भी चिंताजनक इसलिए है क्योंकि कई कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलने की आशा में एनपीएस के अंतर्गत सरकार का शेयर ब्याज सहित वापस जमा करवा चुके हैं। अब यदि अनुबंध सेवा को पेंशन में नहीं जोड़ा जाता है तो ऐसे कर्मचारियों का भविष्य असुरक्षित हो जाएगा। यह बात राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि साथ ही हिमाचल प्रदेश सरकारी सेवक भर्ती एवं सेवा शर्तें अधिनियम, 2024 के प्रावधानों के कारण अनुबंध सेवा को पेंशन में न जोड़ने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। इससे कर्मचारियों में भारी असंतोष है।

उन्होंने मांग की कि अनुबंध के बाद नियमित हुए कर्मचारियों की पूरी अनुबंध सेवा अवधि को पेंशन योग्य सेवा में शामिल किया जाए। विशेष रूप से उन कर्मचारियों को राहत दी जाए जिनकी नियमित सेवा 10 वर्ष से कम है, ताकि अनुबंध अवधि जोड़कर उनकी न्यूनतम पात्रता पूर्ण हो सके। जिन कर्मचारियों ने एनपीएस का सरकारी अंशदान वापस किया है उनकी सेवा एवं पेंशन सुरक्षा को मध्यनजर रखते हुए उन्हें भी पुरानी पेंशन योजना में लिया जाए। कर्मचारियों के व्यापक हित में कर्मचारी अधिनियम 2024 को वापस लिया जाए या उसमें आवश्यक संशोधन कर सभी कर्मचारियों के साथ न्याय सुनिश्चित किया जाए।

# शिक्षा मंत्री 20 को मंडी में होंगे मुख्यातिथि

## शिवरात्रि महोत्सव और शैक्षणिक विकास कार्यों का करेंगे उद्घाटन

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 20 फरवरी को मंडी प्रवास पर रहेंगे। वे अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव की पांचवीं सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे।

सुबह 10:30 बजे वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटमार्स के नए भवन का उद्घाटन करेंगे और 12:30 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मझवाड़ में विज्ञान प्रयोगशाला भवन का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से मिलकर जनसमस्याएं भी सुनेंगे।

सायंकाल में वे सेरी मंच, मंडी में अंतरराष्ट्रीय कल्चरल परेड का शुभारम्भ करेंगे और सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि रहेंगे। मंत्री रात विश्राम मंडी में करेंगे और 21 फरवरी को चंबा के लिए प्रस्थान करेंगे।

**आक्रोश** संघर्ष समिति ने दी जन-आंदोलन की चेतावनी, 'घाटे' के तर्क को बताया निराधार

# शानन पोस्ट ऑफिस बंद करने के फैसले पर भड़के लोग

अनंत ज्ञान

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर के ऐतिहासिक शानन पोस्ट ऑफिस को बंद करने के डाक विभाग के फैसले के खिलाफ स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। विभाग द्वारा इस सब पोस्ट ऑफिस को 'घाटे में चल रहा' बताकर बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं, जिसके विरोध में स्थानीय निवासियों और 'शानन संघर्ष समिति' ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने डाक विभाग के मंडी स्थित अधीक्षक पर तीखा हमला बोलते हुए भेदभाव और अकुशलता के आरोप लगाए। उनका कहना था कि मंडी शहर और उसके आसपास कई पोस्ट ऑफिस भारी घाटे में चल रहे हैं, बावजूद इसके उन्हें बंद नहीं किया गया, जबकि जोगिंद्रनगर की ऐतिहासिक पहचान बने शानन पोस्ट ऑफिस को निशाना बनाया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने विभाग के 'घाटे' वाले तर्क को सिरे से खारिज करते हुए आंकड़े प्रस्तुत किए।

उनका दावा है कि यह पोस्ट ऑफिस अंग्रेजों के समय से संचालित हो रहा है और क्षेत्र का सबसे पुराना डाक केंद्र है। वर्तमान में यहां 4000 से अधिक सक्रिय खाते हैं तथा करोड़ों रुपए की फिक्स्ड डिपॉजिट जमा है। स्थानीय फार्मेसी कॉलेज, बीएड कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज और शानन पावर हाउस जैसे बड़े संस्थान भी अपने वित्तीय लेनदेन के लिए इसी पोस्ट ऑफिस पर निर्भर हैं। ऐसे में इसे बंद करना क्षेत्र की जनता और संस्थानों के साथ अन्याय होगा। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि यदि विभाग ने अपना निर्णय वापस नहीं लिया तो व्यापक जन आंदोलन छेड़ा जाएगा। साथ ही लोगों से अपील की जाएगी कि वे अपनी जमा पूंजी डाक विभाग से निकाल लें और अन्य बैंकों में जमा करें। स्थानीय लोगों ने सरकार से भी मांग की है कि ऐतिहासिक महत्व और जनहित को ध्यान में रखते हुए शानन पोस्ट ऑफिस को बंद करने के आदेश तुरंत वापस लिए जाएं।



डाक विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग। अनंत ज्ञान

# लोक नृत्य प्रतियोगिता में गुरु गोबिंद सिंह स्कूल प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत आज विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बैलून रेस, ड्रेस अप और लोक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नगर की पाठशालाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

लोक नृत्य प्रतियोगिता में गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल प्रथम, ओक वुड पब्लिक स्कूल द्वितीय और एल्पाइन स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। ड्रेस अप प्रतियोगिता में लड़कियों वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर प्रथम, ओक वुड स्कूल द्वितीय और गोल्डन वैली तृतीय स्थान पर रहे। लड़कों वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर प्रथम, लर्निंग नेस्ट मंडी द्वितीय और जीएमएस पुरानी मंडी तृतीय रहे। बैलून रेस में लड़कियों वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर प्रथम, लर्निंग नेस्ट स्कूल द्वितीय और दिव्य ज्योति तृतीय स्थान पर रहे। लड़कों वर्ग में एंगलो सांस्कृत स्कूल प्रथम, एल्पाइन मण्डी द्वितीय और जीपीएस नेर कालोनी तृतीय स्थान पर रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### बघड़ डोरा में परिवार एक वर्ष से पानी को तरसा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर के गांव बघड़ डोरा निवासी सुंदर राम पुत्र अर्जुन राम ने जल शक्ति विभाग कंदरौर पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उनके परिवार को पिछले एक वर्ष से पेयजल की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जबकि विभागीय रिकॉर्ड में उन्हें पानी का कनेक्शन दर्शाया गया है। सुंदर राम के अनुसार, करीब 40 वर्ष पहले उनकी बस्ती में भराथु स्रोत से पानी आता था, जिसे बाद में अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। इसके बाद डोरा टैंक से लगभग 20 वर्षों तक नियमित जलापूर्ति होती रही, लेकिन एक वर्ष पूर्व विभाग द्वारा उनका नल उखाड़ लिए जाने से पानी पूरी तरह बंद हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पोती की शादी के दौरान भी बार-बार अनुरोध के बावजूद जलापूर्ति बहाल नहीं की गई, जबकि उसी लाइन से अन्य लोगों को दो-दो कनेक्शन दिए गए। उन्होंने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व जल शक्ति मंत्री को भी पत्र लिखकर शिकायत की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि पानी के टैंक के लिए लगा हैंडपंप उनकी निजी भूमि में है और पाइपलाइन भी उनकी जमीन से गुजरती है, जो सड़क निर्माण के कारण क्षतिग्रस्त हो रही है। इसके बावजूद विभाग पाइपलाइन को भूमिगत करने या उन्हें कनेक्शन देने के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने 1100 शिकायत नंबर पर भी मामला दर्ज कराया, जहां से कनेक्शन दिए जाने की सूचना दी गई, जबकि जमीनी स्तर पर उन्हें आज तक पानी नहीं मिला। सुंदर राम ने मांग की है कि एसडीओ व जेई मौके पर आकर निरीक्षण करें, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके और उन्हें न्याय मिल सके।

### रामबाग के पास दलदल में धंसा सांभर

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** सतलुज नदी के तटीय क्षेत्र में स्थित 33/11 केवीए सब-स्टेशन रामबाग के नजदीक बुधवार को एक जंगली सांभर दलदली जमीन में फंस गया। बताया जा रहा है कि निकलने की कोशिश में वह बार-बार फिसल रहा था व धीरे-धीरे और नीचे धंसता जा रहा था, जिससे उसकी जान पर बन आई। घटना का पता चलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए व प्रशासन को सूचना दी। ग्राम पंचायत बरमाणा के पूर्व उपप्रधान अवधेश भारद्वाज ने तुरंत अधिकारियों से संपर्क किया। इसके बाद प्रशासन ने तेजी दिखाते हुए वन्य जीव संरक्षण विभाग व अग्निशमन विभाग की टीमों को मौके पर भेजा। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मियों अनिल कुमार, हीरा लाल, पवन कुमार (फायरमैन) व चालक प्रेमचंद ने वन विभाग के कर्मचारियों व स्थानीय युवाओं के साथ मिलकर रणनीति बनाई। रस्सियों व जरूरी उपकरणों की मदद से काफी सावधानी बरतते हुए सांभर को बाहर निकालने की कोशिश की गई। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार सांभर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बचाव अभियान सफल होने पर मौजूद लोगों ने राहत महसूस की व टीम के प्रयासों की सराहना की।

### 20 तक बस की सीट क्षमता की जानकारी दें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश सरकार की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना (स्टेज-3) के तहत स्टेज कैरिज बस परमिट के लिए आवेदन करने वालों को 20 फरवरी तक अपनी बस की सटीक सीट क्षमता की जानकारी देना अनिवार्य है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बिलासपुर राजेश कुमार कौशल ने बताया कि कई आवेदनों में सीट क्षमता स्पष्ट नहीं है, जबकि यह 18, 29, 30, 32, 34, 37, 39 या 42 सीटों में से किसी एक निश्चित श्रेणी में होना आवश्यक है। निर्धारित तिथि तक जानकारी न देने पर आवेदन में कठिनाई हो सकती है। इसी योजना के तहत 30 प्रतिशत तक परिवहन सब्सिडी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 19 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। यह सब्सिडी अधिसूचित मार्गों पर स्टेज कैरिज बसों की खरीद के लिए दी जाएगी, जिससे युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और दूरदराज क्षेत्रों में परिवहन सेवाएं मजबूत होंगी।

### बरठी बाजार में अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त

**अनंत ज्ञान, बरठी।** विकास खंड झंडूता की ग्राम पंचायत बरठी में उपमंडलाधिकारी झंडूता अर्शीया शर्मा ने पुलिस प्रशासन, लोक निर्माण विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बरठी बाजार का निरीक्षण किया। बाजार में बढ़ते अतिक्रमण पर कड़ा संज्ञान लेते हुए उन्होंने दुकानदारों से सड़क के बीच तक फैलाया गया सामान तुरंत हटाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कुछ दुकानदार 10-10 फुट तक सामान बाहर रख रहे हैं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। एसडीएम ने बेतरतीब खड़े वाहनों को निर्धारित लाइन के भीतर खड़ा करने के निर्देश भी दिए। साथ ही बीच बाजार में लगी रेहड़ी-फड़ियां हटाने तथा दो दिन के भीतर अतिक्रमण समाप्त करने के सख्त आदेश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दो दिन की मोहलत दी गई है, इसके बाद नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर डीएसपी घुमारवीं विशाल वर्मा, एसएचओ शाहतलाई अनूप कुमार, जेई लोक निर्माण विभाग राजेश कुमार, राजस्व विभाग के नड्डा सहित पुलिस व अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ऊना में 'एंटी-चिट्टा वॉकाथॉन' स्थगित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना में 21 फरवरी को प्रस्तावित 'एंटी-चिट्टा वॉकाथॉन' को प्रशासनिक कारणों से स्थगित किया गया है। डीसी जतिन लाल ने बताया कि प्रदेश स्तर पर प्रशासनिक व्यस्तताओं व कार्यक्रमों के पुनर्निर्धारण के चलते यह निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुक्खू की प्रस्तावित सहभागिता को ध्यान में रखते हुए वॉकाथॉन की नई तिथि जल्द घोषित की जाएगी। प्रदेश सरकार नशामुक्त हिमाचल के संकल्प के तहत व्यापक जन-जागरूकता अभियान चला रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 'एंटी-चिट्टा वॉकाथॉन' का आयोजन शिमला, धर्मशाला, हमीरपुर तथा बिलासपुर में सफलतापूर्वक किया जा चुका है, जहां हजारों युवाओं एवं नागरिकों ने सहभागिता कर नशामुक्त हिमाचल बनाने की शपथ ली। डीसी ने कहा कि नशे के विरुद्ध यह अभियान पूर्ववत जारी रहेगा तथा नई तिथि घोषित होने पर वॉकाथॉन का आयोजन व्यापक जनभागीदारी के साथ किया जाएगा।

### माय भारत पोर्टल के बारे में जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** एचजी आईटीआई संतोषगढ़ में जिला युवा कार्यालय द्वारा आयोजित जागरूकता अभियान में विद्यार्थियों को माय भारत पोर्टल की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक संजय जोशी ने की, जबकि जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने भारत सरकार की युवा योजनाओं व पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स व प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने युवाओं से माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण करने का आह्वान किया। इस दौरान लगभग 100 छात्रों ने मौके पर ही रजिस्ट्रेशन कर 'बजट क्वेस्ट' प्रतियोगिता में भाग लिया। इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के शहजप्रीत प्रथम रहे, जबकि फिटर ट्रेड के राजवीर, दुष्यंत और लकी संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। विजेताओं को माय भारत टी-शर्ट प्रदान की गई।

### 'स्वच्छ परिसर-स्वस्थ समाज' का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय बंगाणा की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत स्वच्छता अभियान से हुई। स्वयंसेवियों ने परिसर में सफाई कर 'स्वच्छ परिसर-स्वस्थ समाज' का संकल्प लिया। बौद्धिक सत्र में एडिशनल डिप्टी एसपी ऊना संजीव कुमार भाटिया ने सड़क सुरक्षा, हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व तथा मोटर वाहन अधिनियम की जानकारी दी। अध्यक्षता प्रो. सिकंदर नेगी व डॉ. किरण ठाकुर ने की। दोपहर सत्र में पंजाब नेशनल बैंक आरसेटीआई ऊना के जिला समन्वयक आकाश भारद्वाज ने डिजिटल इंडिया, ई-बैंकिंग और साइबर सुरक्षा पर जागरूक किया। प्राचार्य प्रो. रेखा शर्मा ने अतिथियों को सम्मानित किया।

### लैंगिक उत्पीड़न कानून को लेकर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** संत बाबा ढांगू वाले गुज्जर राजकीय महाविद्यालय, बीटन में महिलाओं से संबंधित अपराधों को लेकर एक विशेष शिविर रखा गया। महिलाओं व बच्चियों से संबंधित कानून, विषयों और अन्य अपराधों पर विषय तय किया गया था। शिविर में पुलिस थाना हरोली के प्रभारी सुनील कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा बच्चियों को महिलाओं से संबंधित अपराधों ,नियमों, कानून की विस्तृत तौर पर चर्चा करके जानकारी दी गई । इस दौरान उनके साथ कॉलेज की प्रिंसिपल तथा अध्यापक वर्ग भी मौजूद रहा। इस दौरान कॉलेज के लगभग 100 बच्चे उपस्थित रहे। थाना हरोली सुनील द्वारा बच्चों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी, नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी तथा साइबर क्राइम के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

### बोर्ड में पंजीकृत श्रमिक 26 तक ई केवाईसी करवाएं

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों के लिए जरूरी सूचना जारी की गई है। श्रम कल्याण अधिकारी अमन शर्मा ने बताया कि जिन पंजीकृत श्रमिकों ने अभी तक विभाग में ई-केवाईसी नहीं कराई है वे 26 फरवरी से पूर्व ई केवाईसी करवा लें। उन्होंने बताया कि इसके बाद बिना ई केवाईसी वाले श्रमिकों को विभाग की ओर से मिलने वाली छात्रवृत्ति योजना, स्वास्थ्य सहायता और विवाह सहायता नहीं मिल पाएगी। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी विभाग के कार्यालय में ही करवाएं, जिसके लिए किसी भी कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक हो सकती है। इसके लिए बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों को आधार कार्ड, परिवार नकल, बोर्ड पंजीकरण की कॉपी और बैंक पास बुक के साथ अपना आधार के साथ लिंक मोबाइल साथ लेकर आएं। किसी असुविधा से बचने के लिए तुरंत ई केवाईसी करवाएं।

# घरवासड़ा में तबाही के बाद पुनर्वास की शुरुआत

## विवेक शर्मा ने प्रभावित परिवारों को राहत राशि की पहली किस्त जारी की

अनंत ज्ञान



अनंत ज्ञान स्पैशल

आपदाग्रस्त घरवासड़ा गांव की फाइल फोटो। अनंत ज्ञान

**लठियानी।** बंगाणा उपमंडल के घरवासड़ा, कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में कभी जहां बरसात में मूसलाधार बारिश की गर्जना व बहते मलबे की भयावह तस्वीरें थीं। वहीं, आज पुनर्वास की ठोस शुरुआत ने आशा का नया सूर्योदय कर दिया है। एक सितंबर, 2025 की वह काली रात गांव के लिए एक दर्दनाक स्मृति बन गई, जब प्रकृति के प्रकोप ने कई परिवारों के सपनों का आशियाना पलभर में उजाड़ दिया। अस्सी वर्षीय किमतू देवी के लिए वह रात जीवन की सबसे कठिन परीक्षा थी। वर्षों की तपस्या से बनाया गया घर मलबे में तब्दील हो गया, लेकिन उनका साहस नहीं टूटा। उसी गांव में उम्मीद की किरण जगमगा रही है। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा द्वारा प्राकृतिक प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए दो लाख सत्तर हजार रुपए की पहली किस्त जारी किए जाने से राहत की सांस मिली है। यह सहायता केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि संवेदनशील शासन व जनसेवा के संकल्प का प्रतीक है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कोई भी पीड़ित परिवार असहाय नहीं छोड़ा जाएगा। पुनर्वास की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता, संवेदनशीलता व त्वरित कार्रवाई के साथ आगे बढ़ाई जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए विशेष राहत पैकेज स्वीकृत किया गया है, ताकि जिन परिवारों ने सब कुछ खो दिया है, उन्हें सम्मानजनक पुनर्स्थापन का अवसर मिल सके। अस्सी वर्षीय किमतू देवी की आंखों में आज फिर से सपनों की चमक है। भावुक स्वर में वह कहती हैं, 'हमारा घर उजड़ा जरूर था, लेकिन सरकार व जनप्रतिनिधियों ने हमें टूटने नहीं दिया।' उनके पुत्र जगदीश सिंह बताते हैं कि विधायक व प्रशासन ने न केवल आर्थिक सहायता दिलवाई, बल्कि हर कागजी प्रक्रिया को सरल बनाकर परिवार का बोझ भी कम किया।

पंचायत समिति सदस्य अच्छरों बीबी, पंचायत प्रधान गुरनाम सिंह व स्थानीय प्रशासन ने भी कठिन समय में परिवारों का मनोबल बनाए रखा। यह सब औपचारिकता नहीं, बल्कि सच्ची संवेदनशीलता का परिचायक था, अब पुनर्वास की अगली कड़ी में प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर भूमि उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया तेज हो चुकी है। जगदीश सिंह को उम्मीद है कि संभवतः उन्हें मकरैड क्षेत्र में स्थायी रूप से बसाया जाएगा, जहां वे भयमुक्त व सुरक्षित वातावरण में अपने नए जीवन की नींव रख सकेंगे। विधायक ने पुनर्वास को प्राथमिकता देते हुए एक दूरदर्शी व मानवीय दृष्टिकोण अपनाया है। उनका प्रयास है कि हर प्रभावित परिवार को न केवल छत मिले, बल्कि सुरक्षित और स्थायी भविष्य भी सुनिश्चित हो। घरवासड़ा की यह कहानी केवल एक परिवार की व्यथा व संघर्ष की कथा नहीं है। यह उस संवेदनशील व्यवस्था की मिसाल है, जो आपदा के बाद भी उम्मीद की रोशनी जलाए रखती है। आज गांव में फिर से निर्माण की तैयारी हो रही है, और बच्चों की मुस्कान लौट रही है और बुजुर्गों की आंखों में सुकून दिखाई दे रहा है।

# महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए 'पंखुड़ी' नामक वेब पोर्टल शुरू

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** डीसी बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि महिलाओं व बच्चों से संबंधित सरकारी योजनाओं में समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा महिला व बाल कल्याण कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा 'पंखुड़ी' नामक नया वेब पोर्टल शुरू किया गया है।

यह डिजिटल पोर्टल महिलाओं व बच्चों के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करेगा। इस पोर्टल के माध्यम से आम नागरिक, स्वयंसेवी संगठन, प्रवासी भारतीय तथा कॉरपोरेट संस्थान महिला व बाल विकास से जुड़े पहलों से सीधे जुड़कर सहयोग कर सकेंगे, जिससे समाज के जरूरतमंद वर्गों को बेहतर सहायता उपलब्ध हो सकेगी। 'पंखुड़ी' पोर्टल एक सिंगल-विंडो डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण और बच्चों के समग्र विकास से जुड़े कार्यक्रमों को एक ही मंच पर उपलब्ध करवाना है। इसके माध्यम से नागरिक व संस्थाएं अपनी रुचि व क्षमता के अनुसार महिला व बाल कल्याण से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं व संस्थानों से जुड़कर सहयोग कर सकते हैं। इससे इन योजनाओं को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। पोर्टल के माध्यम से पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा व पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। पोर्टल पर 'सर्च इंस्टीट्यूशन' की सुविधा भी प्रदान की गई है। इसके माध्यम से इच्छुक व्यक्ति व संस्थाएं अपनी पसंद के संस्थान या क्षेत्र का चयन कर सहयोग प्रदान कर सकते हैं। यह पोर्टल मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0, मिशन शक्ति व मिशन वात्सल्य जैसे प्रमुख सरकारी मिशनों को सहयोग प्रदान करेगा तथा कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत कॉरपोरेट संस्थानों की भागीदारी को भी प्रोत्साहित करेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला व बाल विकास, बिलासपुर हरीश मिश्रा ने बताया कि 'पंखुड़ी' पोर्टल पूरी तरह पारदर्शी व गैर-मौद्रिक मंच है, जिसमें किसी भी प्रकार का आर्थिक लेनदेन नहीं किया जाएगा।

# धर्मसाल महंता में श्मशानघाट निर्माण पर विवाद गहराया

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** उपमंडल अंब के अंतर्गत ग्राम पंचायत धर्मसाल महंता के वार्ड नंबर 5 में निर्माणाधीन श्मशानघाट का विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। अपनी पैतृक भूमि पर पिता की अंतिम इच्छा पूरी करने के लिए श्मशानघाट बनवा रहे परिवार को कुछ ग्रामीणों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

धर्मसाल महंता निवासी मोहन लाल अपनी निजी भूमि पर करीब 10 लाख की लागत से एक सार्वजनिक श्मशानघाट का निर्माण करवा रहे हैं। मोहन लाल के अनुसार, यह श्मशानघाट किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए बनाया जा रहा है, ताकि ग्रामीण इसका लाभ उठा सकें। हालांकि, कुछ ग्रामीणों का तर्क है कि जिस रास्ते पर यह निर्माण हो रहा है, वह बस्ती की ओर जाता है। वहीं, निर्माण पक्ष का कहना है कि श्मशानघाट के एकदम नजदीक कोई आबादी नहीं है और यह बंजर व खाड़ेतर भूमि पर बनाया जा रहा है। विवाद बढ़ने पर निर्माण पक्ष का एक प्रतिनिधिमंडल पिछले दिनों डीसी ऊना, जतिन लाल से मिला था। डीसी ने मामले को एसडीएम अंब को प्रेषित किया, जिसके बाद एसडीएम अंब ने निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी। स्वीकृति मिलने के बावजूद बुधवार को जब विरोध बढ़ा, तो एसएचओ जयराम शर्मा की अगुवाई में पुलिस टीम ने मौके का जायजा लिया। पुलिस का कहना है कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और कोई लड़ाई-झगड़ा नहीं हुआ है। दोनों पक्षों को मिल-बैठकर आपसी सहमति से मामला सुलझाना चाहिए।

### विरोध पर उठे सवाल

**मोहन** लाल ने आरोप लगाया है कि इस पुण्य कार्य में कुछ ऐसे लोग भी रोड़ा अटका रहे हैं, जिनका उस स्थान से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने दावा किया कि गांव के 80 प्रतिशत लोग इस निर्माण के समर्थन में हैं, लेकिन मात्र कुछ लोग बाहरी व्यक्तियों को इकट्ठा करके जानबूझकर बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

# रेंट की एक्टिवा लेकर वारदात को अंजाम देने वाला शातिर गिरफ्तार

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी के चंबी में हुई लूट की सनसनीखेज वारदात को सुलझाने में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले के मुख्य आरोपी गौरव दुग्गल (पुत्र सुरेंद्र दुग्गल, निवासी मानव नगर, फगवाड़ा, कपूरथला) को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी अंब अनिल पटियाल ने बताया कि पुलिस टीम ने वैज्ञानिक साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को दबोचने में सफलता पाई है। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी ने लूट के लिए बाइक का नहीं, बल्कि रेंट पर ली गई एक एक्टिवा का इस्तेमाल किया था। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पुलिस को चकमा देने के लिए चिंतपूर्णी बाजार के बजाय बधमाणा रोड से होता हुआ वापस पंजाब की ओर फरार हो गया था। आरोपी गौरव दुग्गल एक शातिर अपराधी है। उस पर पहले से ही हिमाचल के नादौन व बड़सर थानों में विभिन्न अपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद अब पुलिस उसे कोर्ट में पेश कर रही है। पुलिस द्वारा आरोपी का रिमांड मांगा जाएगा, ताकि वारदात में प्रयुक्त अन्य साक्ष्यों और संभावित संलिप्तता की गहनता से जांच की जा सके। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए इस पूरी गुत्थी को महज 4 से 5 दिनों के भीतर सुलझा लिया है। रेंटल एग्रीमेंट और रूट मैपिंग ने पुलिस को आरोपी तक पहुंचने में मुख्य भूमिका निभाई।

# प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने 23 सितंबर 2025 की अधिसूचना का किया कड़ा विरोध

अनंत ज्ञान



पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा। अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 23 सितंबर 2025 को जारी अधिसूचना के विरोध में हिमाचल प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने मोर्चा खोल दिया है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा ने बिलासपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस अधिसूचना के माध्यम से शिक्षा विभाग में कैंपस प्रणाली लागू की गई है, जिससे प्राथमिक विद्यालयों को संबंधित वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रिंसिपल के अधीन कर दिया गया है। पत्रकार वार्ता में उनके साथ मंडी जिला के अध्यक्ष बाबू लाल और बिलासपुर जिला के अध्यक्ष राकेश पटियाल भी उपस्थित थे। संघ का कहना है कि इस व्यवस्था से प्राथमिक स्कूलों की स्वायत्तता प्रभावित होगी व प्रशासनिक नियंत्रण पूरी तरह प्रिंसिपल के हाथ में चला जाएगा। इसके अतिरिक्त, अधिसूचना में यह भी प्रावधान किया गया है कि अब प्राथमिक शिक्षकों को हेड टीचर, सेंट्रल हेड टीचर तथा बीओ (ब्लॉक ऑफिसर) के पदों पर पदोन्नति नहीं दी जाएगी। रमेश शर्मा ने बताया कि पूर्व व्यवस्था में शिक्षक 20 से 25 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद इन पदों पर पदोन्नत होते थे, जिससे उन्हें सम्मान, जिम्मेदारी और वेतनमान में वृद्धि मिलती थी। नई अधिसूचना से यह पदोन्नति मार्ग लगभग समाप्त हो गया है, जिससे शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। संघ ने आरोप लगाया कि बिना व्यापक विचार-विमर्श व शिक्षक संगठनों से संवाद किए यह निर्णय थोप दिया गया है।

इससे शिक्षकों का मनोबल गिरेगा व शिक्षा व्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने अधिसूचना वापस नहीं ली तो 1 मार्च को पूरे प्रदेश में जिला एवं खंड स्तर पर धरना-प्रदर्शन किए जाएंगे, यदि इसके बाद भी सरकार ने सकारात्मक रुख नहीं अपनाया तो एक विशाल राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी। संघ ने सरकार से मांग की है कि अधिसूचना पर पुनर्विचार कर शिक्षकों के पदोन्नति अधिकार और प्रशासनिक संरचना को पूर्ववत बहाल किया जाए।

# ऊना में साढ़े चार करोड़ से फलेगी बागवानी

## बागवानों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश

अनंत ज्ञान



बागवानी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी। अनंत ज्ञान

**ऊना।** ऊना जिले में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत 4 करोड़ 57 लाख रुपए की धनराशि व्यय की जाएगी।

यह जानकारी बुधवार को उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बागवानी विभाग की वार्षिक योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि मिशन के तहत यह धनराशि फल उत्पादन को बढ़ावा देने, पौध वितरण, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली, प्राकृतिक खेती, दवाइयां तथा उपकरण उपलब्ध करवाने पर व्यय की जाएगी। योजना के अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के लिए 57 लाख 88 हजार रुपए का प्रावधान किया गया है। सुरक्षात्मक खेती के लिए पॉलीहाउस एवं हाइब्रिड संरचनाओं के लिए 2 करोड़ 37 लाख रुपए निर्धारित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त बागवानी मशीनरी व उपकरणों की खरीद के लिए 16 लाख रुपये की अनुदान राशि तथा रिफ्रिजरेटेड ट्रांसपोर्ट वाहन के लिए 15 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। डीसी ने कहा कि जिला ऊना की अर्थव्यवस्था में बागवानी का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बागवानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाया जाए। गुणवत्तायुक्त पौध सामग्री, रोग एवं कीट नियंत्रण दवाइयों तथा आधुनिक तकनीकों से युक्त उपकरण समय पर उपलब्ध करवाने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को फील्ड विजिट बढ़ाने, योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने तथा बागवानों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में उपनिदेशक बागवानी केके भारद्वाज, कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. रानु पठानिया, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक संजीव सक्सेना सहित सभी खंडों के विषय विशेषज्ञों व संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

# स्वास्थ्य व्यवस्था आईसीयू में : बलदेव

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** आप के प्रदेश सचिव बलदेव राज ने कांग्रेस व भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल की स्वास्थ्य व्यवस्था आईसीयू में है। हिम केयर व आयुष्मान भारत योजनाएं कागजी दावे बनकर रह गई हैं। अस्पतालों में दवाइयां व ऑपरेशन सामग्री नदारद व गरीब मरीज बाहर से महंगा सामान खरीदने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सैकड़ों करोड़ की देनदारी व बकाया राशि भ्रष्टाचार व कुप्रबंधन की कहानी कह रही है। फर्जी क्लेम व निजी अस्पतालों से सांठगांठ ने योजनाओं की साख खत्म कर दी है, जबकि आम आदमी लाइन में खड़ा है। आप ने मांग की कि हिमाचल में तुरंत पंजाब मॉडल की मुख्यमंत्री सेहत योजना लागू की जाए। इसमें हर परिवार को सालाना 10 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज सरकारी या निजी अस्पताल बिना भेदभाव मिले। साथ ही, हिम केयर व आयुष्मान में कथित घोटालों की उच्च स्तरीय जांच व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। आप ने दो टूक में कहा 'इलाज अधिकार है, एहसान नहीं।

# बिलासपुर में यूजीसी एक्ट के विरोध में निकाली रैली



डीसी कार्यालय के बाहर उपस्थित स्वर्ण समाज के लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** सामान्य वर्ग संयुक्त मंच व राजपूत महासभा हिमाचल प्रदेश की बिलासपुर इकाई द्वारा यूजीसी एक्ट के विरोध में जोरदार रैली निकाली गई।

सभी प्रदर्शनकारी पहले परिधि गृह के प्रांगण में एकत्रित हुए, जहां वक्ताओं ने एक्ट के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इसके बाद सभी ने रैली की शक्ल में नारेबाजी करते हुए डीसी कार्यालय की ओर कूच किया। प्रदर्शनकारियों ने रास्ते भर केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए और यूजीसी एक्ट को वापस लेने की मांग उठाई। डीसी कार्यालय पहुंचकर प्रतिनिधिमंडल ने डीसी के माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यूजीसी एक्ट को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की गई। इस अवसर पर अधिवक्ता विजय चंदेल ने अपने संबोधन में यूजीसी एक्ट से होने वाले संभावित दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी दी।

यह एक्ट उच्च शिक्षा की स्वायत्तता और छात्रों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। रैली में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से विजय चंदेल, अनिल ठाकुर, अछरी देव, शैलजा शर्मा आदि मौजूद रहे।

## आयोजन मिनर्वा स्टडी सर्किल में जेईई मेन्स टॉपर्स का भव्य सम्मान

# मिनर्वा ने मेधावियों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान



मिनर्वा स्टडी सर्किल में मेधावी स्टूडेंट्स। अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** मिनर्वा स्टडी सर्किल में एक भव्य समारोह का आयोजन कर जेईई मेन्स परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों को तिलक लगाकर तथा फूलमालाओं से सम्मानित किया गया और उनकी कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संस्थान के संस्थापक प्रवेश चंदेल उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि जेईई मेन्स जैसा कठिन परीक्षा परिणाम एक दिन की मेहनत का नतीजा नहीं होता, बल्कि यह लंबे समय की निरंतर साधना, अनुशासन और समर्पण का प्रतिफल है। हर सफलता के पीछे विद्यार्थियों की मेहनत के साथ-साथ उनके माता-पिता का त्याग, मार्गदर्शन और शिक्षकों का समर्पण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उपलब्धियों की सीढ़ियां जीवन में कभी समाप्त नहीं होतीं, बल्कि हर मुकाम के बाद एक नई चुनौती और नया लक्ष्य सामने आता है इसलिए निरंतर सीखते रहना और आगे बढ़ते रहना ही सफलता की कुंजी है। संस्थान के सीएमडी राकेश चंदेल ने भी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस वर्ष भी जेईई मेन्स के परिणामों में संस्थान के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

यह उपलब्धि केवल विद्यार्थियों की ही नहीं, बल्कि उनके माता-पिता और शिक्षकों की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। संस्थान सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। संस्थान के छात्र आदित्य ने 99.63 परसेंटाइल प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया, जो संस्थान के लिए अत्यंत गौरव की बात है। इसके अतिरिक्त 70 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि तीन छात्रों ने 99 से अधिक परसेंटाइल अर्जित कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए व सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक प्रवेश चंदेल, सीएमडी राकेश चंदेल, एमडी स्वदेश चंदेल, अनु चंदेल, आरती चंदेल सहित समस्त अध्यापक वर्ग उपस्थित रहा। समारोह ने विद्यार्थियों में नए जोश और आत्मविश्वास का संचार किया तथा अन्य छात्रों को भी कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया।

# 23 को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** 23 फरवरी को जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्त कर उनके बेहतर स्वास्थ्य और पोषण स्तर को सुनिश्चित करना है। जिले के 1109 आंगनवाड़ी केंद्रों व 1006 विद्यालयों के माध्यम से कुल 97,674 बच्चों को एल्बेंडाजोल की खुराक दी जाएगी। इसके अतिरिक्त 1 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 20,638 बच्चों को विटामिन-ए की खुराक भी पिलाई जाएगी, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता और समुचित विकास में सहायता मिलेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को निर्धारित तिथि पर आंगनबाड़ी केंद्रों व विद्यालयों में अवश्य भेजें। यदि कोई बच्चा 23 फरवरी को दवा लेने से वंचित रह जाता है तो उसके लिए 28 फरवरी 2026 को मॉप-अप राउंड आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# रानीकोटला के पास धधका ट्राला, बना आग का गोला



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जब्बल पुल-शालूघाट सड़क मार्ग पर रानीकोटला के समीप उस समय हड़कंप मच गया, जब चलती ट्राले में अचानक भीषण आग भड़क उठी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ ही पलों में लपटों ने पूरी गाड़ी को आग के गोले में तब्दील कर दिया। सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोग दहशत में आ गए। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते पूरा ट्राला जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद सड़क मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलते ही संबंधित विभाग मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। इस घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है।

# साहित्यिक संगोष्ठी में सृजन व संस्कृति का समागम

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** गांव देलग में बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक व संगोष्ठी गरिमामय वातावरण में आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रविंद्र ठाकुर ने की, जबकि शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिससे आयोजन को आध्यात्मिक गरिमा प्राप्त हुई। प्रथम सत्र में गंभीर साहित्यिक चर्चा हुई और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 'बिलासपुर की विभूतियां-भाग दो' शीर्षक से एक पुस्तक प्रकाशित की जाएगी, जिसमें जिले की उल्लेखनीय हस्तियों का शोधपरक विवरण संकलित होगा। महासचिव रविंद्र कुमार शर्मा ने सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्र की विशिष्ट हस्तियों पर तथ्यपरक लेख उपलब्ध कराने का आग्रह किया। रविंद्र साथी ने शिवरात्रि के महत्व पर विचार प्रस्तुत किए। द्वितीय सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता श्रीमती फूलां चंदेल ने की। महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव वंदना के साथ गोष्ठी आरंभ हुई। कवियों एवं साहित्यकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। ग्रामीण भी भजन प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। इस आयोजन ने साहित्यिक विचार-विमर्श और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा दिया।

# सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना प्राथमिकता : अनुराग चंद्र

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2016 बैच के अधिकारी अनुराग चंद्र शर्मा ने बुधवार को उपायुक्त कुल्लू के रूप में पदभार संभाल लिया है।

उनके कुल्लू आगमन पर अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना रहेगा। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिला बागवानी और पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था वाला जिला है, इसलिए इन दोनों क्षेत्रों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि मजबूत और समन्वित टीम वर्क के माध्यम से सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना उनकी प्राथमिकता होगी, ताकि विकास का लाभ हर वर्ग तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि वे पूर्व में भी कुल्लू जिले में उप-मंडलाधिकारी (एसडीएम) के रूप में सेवाएं दे चुके हैं, जिससे यहां की भौगोलिक परिस्थितियों से भली-भांति परिचित हैं।

उन्होंने कहा कि हाल के समय में जिन क्षेत्रों में नुकसान हुआ है, वहां स्थिति का आकलन कर उसकी गंभीरता का मूल्यांकन एवं समुचित समीक्षा की जाएगी, ताकि राहत एवं पुनर्वास के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सके। सनद रहे कि अनुराग चन्द्र ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 11 प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया था। इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से आने वाले अनुराग चंद्र प्रशासनिक कार्यशैली में तकनीकी समझ और आधुनिक प्रबंधन दृष्टिकोण के लिए जाने जाते हैं।

◆ **आईएएस अनुराग चंद्र शर्मा ने संभाला उपायुक्त कुल्लू का पदभार**

## कोरोना काल में बतौर कुल्लू एसडीएम किया सराहनीय कार्य



**लॉकडाउन** के चलते विभिन्न राज्यों से आए करीब 12 हजार से अधिक लोग कुल्लू जिले के अलग-अलग स्थानों पर फंस गए थे, ऐसे कठिन समय में जब फंसे हुए लोगों ने जब मदद के लिए कुल्लू प्रेस क्लब के पदाधिकारियों से संपर्क साधा। समाजसेवी अन्नपूर्णा संस्था के साथ मिलकर मीडिया के लोगों ने भोजन तैयार करने और उसे जरूरतमंदों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संभाली। राहत कार्य के दौरान कई बार प्रशासनिक स्तर पर आशंकाएं भी जताई गईं। कुछ अधिकारियों ने यह कहते हुए रोक लगाने की कोशिश की कि बाहर जाकर मदद पहुंचाने से संक्रमण फैल सकता है। उस समय यह चिंता भी थी कि कहीं राहत कार्य करने वाले स्वयं कोरोना के वाहक न बन जाएं। इसी बीच उस समय के आईएएस अधिकारी अनुराग चंद्र शर्मा ने ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने न केवल मीडिया और स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की, बल्कि उच्च अधिकारियों तक सकारात्मक रिपोर्ट भी पहुंचाई। उनके हस्तक्षेप के बाद राहत कार्य को प्रशासनिक समर्थन मिला और यह अभियान और अधिक व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ सका। उनके मार्गदर्शन और सहयोग से लगातार 15 दिनों तक कुल्लू में फंसे करीब 12 हजार लोगों तक भोजन और जरूरी मदद पहुंचाई गई।कुल्लू में फंसे हजारों लोगों के लिए अनुराग चंद्र शर्मा सचमुच एक मसीहा बनकर उभरे, जिनकी संवेदनशीलता और तत्परता को आज भी कृतज्ञता के साथ याद किया जाता है।

# पूर्व डीसी को फेयरवेल और नव नियुक्त डीसी का किया स्वागत

अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** जिला प्रशासन की ओर से बुधवार को ढालपुर स्थित बहुउद्देश्यीय भवन में पूर्व में उपायुक्त कुल्लू रहीं तोरुल एस रवीश के सम्मान में फेयरवेल व नवपदस्थ उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा के स्वागत (वेलकम) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण व भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व डीसी तोरुल एसरवीश ने कहा कि कुल्लू जिले में उनका लगभग दो वर्ष का कार्यकाल अत्यंत सुखद, रचनात्मक एवं स्मरणीय रहा।

उन्होंने कहा कि जिले के सभी विभागों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने आपसी समन्वय व टीम भावना के साथ कार्य किया, जिसके कारण प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो सका। उन्होंने जिलेवासियों के सहयोग व स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं, नव नियुक्त उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कुल्लू जिला प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत, बागवानी व पर्यटन की दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जिले के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए सभी विभागों के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से पहुंच सके। जनसमस्याओं के समाधान, आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण व विकास कार्यों को गति देना उनकी प्रमुख प्राथमिकताएं रहेंगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने तोरुल एस रवीश के कार्यकाल की सराहना की तथा अनुराग चंद्र शर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार, एसडीएम निशांत ठाकुर, सहायक आयुक्त डॉ. जयबंती ठाकुर, सुरभि नेगी सहित उपायुक्त कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लाहौल के राजा घेपन मंदिर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल घाटी के अधिष्ठाता देवता राजा घेपन मंदिर में चोरी की घटना का मामला सामने आया है। हालांकि, यह घटना 15 फरवरी की है, लेकिन बुधवार को पुलिस ने आरोपी द्वारा मंदिर से चुराई गई धनराशि को बरामद किया गया। वहीं, इस घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस द्वारा पहले ही गिरफ्तार किया गया है। एसपी लाहौल स्पीति शिवानी मेहला ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मंदिर में चोरी की शिकायत के बाद पुलिस स्टेशन सिस्सू के एसएचओ और उनकी टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे तथा मौके का बारीकी से मुआयना किया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप आरोपी को उसी दिन मनाली से गिरफ्तार कर लिया गया और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी की पहचान शशि पुत्र प्रेम लाल गांव व डाकघर सिस्सू के रूप में हुई है। वहीं, उन्होंने बताया कि इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को आरोपी द्वारा चोरी की गई पूरी राशि 45 हजार रुपए भी बरामद कर ली है। उन्होंने बताया कि यह सफलता लाहौल एवं स्पीति जिला पुलिस की तत्परता, समर्पण और प्रभावी कार्रवाई का प्रमाण है। जिला पुलिस अपराध पर शीघ्र अंकुश लगाने, चोरी गई संपत्ति की बरामदगी सुनिश्चित करने तथा जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

# 22 को सजेगी 28वीं सूत्रधार होली संध्या' की महफिल

अनंत ज्ञान



सूत्रधार कला संगम के पदाधिकारी चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** सूत्रधार कला संगम कुल्लू में इन दिनों '28वीं सूत्रधार होली संध्या' को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं।

कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप देने एवं तैयारियों का जायजा लेने के लिए सूत्रधार भवन के कार्यालय में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा '28वीं सूत्रधार होली संध्या' का भव्य आयोजन देव सदन कुल्लू के सभागार में 22 फ़रवरी, रविवार को सायं 6:30 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक बड़ी धूमधाम के साथ किया जाएगा । इस कार्यक्रम में कुल्लू जनपद में पीढ़ियों से गाई जा रही लोकप्रचलित एवं पारंपरिक होली गीतों सहित सुप्रसिद्ध लेखक, गायक एवं संगीतकार स्वर्गीय राम कुमार कपूर द्वारा रचित होलियों की मधुर प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी तथा कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाने के उद्देश्य से होली से संबंधित नृत्य प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी । कार्यक्रम में प्राचार्य संगीत अकादमी पं. विद्या सागर की रहनुमाई में सूत्रधार के कलाकार तथा सूत्रधार संगीत अकादमी के प्रशिक्षुओं द्वारा होली गीतों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएगी, जिसमें निशांत गौतम, जीवन बुडाल, संजय पुजारी, सनी ठाकुर, रोजी, ट्विंकल, धनवंती, करिश्मा, तारा शर्मा, रेखा, चंचल, दुर्गा, रिया, क्षितिज, विजय, दीप इत्यादि कलाकार आपने गायन, वादन व नृत्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम का सम्पूर्ण मंच संचालन संस्था के वरिष्ठ सदस्य सुंदर श्याम द्वारा किया जाएगा । यह संपूर्ण कार्यक्रम सभी कला प्रेमियों के लिए निशुल्क रहेगा। बैठक में संस्था के संरक्षक मण्डल सदस्य राजेंद्र सूद व युवराज बौध सहित अध्यक्ष दिनेश सेन, उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोगेंद्र ठाकुर, सचिव मंजू शर्मा, यशोदा शर्मा व हितेश कुमार गोगी, प्रचार-प्रसार प्रभारी सुंदर श्याम, सह-प्रचार प्रभारी धर्मेन्द्र शर्मा, लोकनृत्य प्रभारी सीमा शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य सुबोध व कैप्टन रणधीर सिंह सल्हुरिया, प्राचार्य संगीत अकादमी पं. विद्या सागर, आमंत्रित सदस्य जीवन बुडाल, सनी व संजय तथा प्रबंधक उत्तम चंद उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर, उनके अनुभव से युवा पीढ़ी को मिलता है मार्गदर्शन : निशांत

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** देव सदन में संरक्षित वृद्धावस्था कार्यक्रम के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, सामाजिक सशक्तिकरण तथा नई एवं पुरानी पीढ़ी के बीच बेहतर तालमेल और संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपमंडलाधिकारी कुल्लू निशांत ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।



उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके अनुभव से युवा पीढ़ी को मार्गदर्शन मिलता है। उन्होंने परिवार एवं समाज में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और देखभाल की आवश्यकता पर बल दिया और उन्होनें कहा कि सोशल मीडिया के इस दौर में वृद्धजन और युवा पीढ़ी के सम्बन्धों में एक बहुत बड़ा अन्तर आ चुका है, जिससे समाजिक तौर पर हमारे समाज का बहुत ज्यादा नुकसान हो रहा है। कार्यशाला में वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं, सामाजिक सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, सक्रिय जीवनशैली तथा परिवार एवं समाज में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही युवा पीढ़ी और वरिष्ठ नागरिकों के बीच संवाद एवं सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया ।कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता, सामाजिक सहभागिता, साइबर ठगी तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई, ताकि वरिष्ठ नागरिक उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठा सकें और धोखाधड़ी से बच सकें। इस अवसर पर पूर्व आईएएस हँस राज ठाकुर, जिला कल्याण अधिकारी गिरधारीलाल शर्मा, जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# लाहौल की पट्टन घाटी में फागली उत्सव की धूम

अनंत ज्ञान

**केलांग।** लाहौल की पट्टन घाटी में फागली उत्सव धूमधाम व श्रद्धा से मनाया जा रहा है।

यह पर्व हालड़ा उत्सव के 15 दिन बाद मनाया जा रहा है। यह पर्व उत्तर भारत के मैदान भागों में मनाए जाने वाले लक्ष्मी पर्व का भी प्रतिरूप माना गया है। घाटी के युवा अपने बुजुर्गो से सुख व समृद्धि का आशीर्वाद लें रहे है। यह उत्सव लाहुल के पट्टन से शुरू होकर समस्त लाहुल में मनाया जाएगा। फागली उत्सव लाहौल घाटी में हर साल सर्दियों के दौरान चंद्रमास की प्रथम तिथि अमावस्या को मनाया जाता है। लाहौल-स्पीति में मनाया जाने वाला यह एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह त्योहार तिब्बती या चीनी कैलेंडर के अनुसार नए साल की शुरुआत का प्रतीक है और सर्दियों के अंत और बसंत के आगमन का जश्न मनाता है फागली त्यौहार के दौरान लोग अपने घरों में एक बांस की छड़ी पर सफेद चादर लाकर देवता का प्रतीक बनाते हैं जिसे बराजा कहा जाता है इस देवता को ज्वेलरी और मैरीगोल्ड फूलों से सजाया जाता है। लोग अपने घरों को सजाते हैं धूप और दीपक और शूर ( देसी धूप) जलाते हैं और ईष्ट देवता को प्रसाद चढ़ा कर पूजा अर्चना करते हैं। इस त्योहार के दौरान लोग टोटू नामक एक विशेष व्यंजन बनाते हैं जो भुने हुए जो के आटे और दही से बनाया जाता है। इसे देवता को चढ़ाया जाता है और फिर परिवार के सदस्यों में बांटा जाता है।



इस दिन लोग अपने गायों और भेड़ बकरियों को भी सम्मान देते हैं और उन्हें धन्यवाद करते हैं। लाहौल घाटी के पट्टन इलाके में यह त्यौहार कई दिनों तक मनाया जाता है। मगर घाटी के बाहर जिले में रहने वाले लोग भी तीन चार दिनों तक इस त्यौहार को मनाते हैं । इस त्यौहार में परंपरा अनुसार देवी देवताओं की पूजा अर्चना करने के बाद घर के बुजुर्गो को जूब दे कर सम्मान दिया जाता है और सभी परिवार इस दिन फूलों से भरी लाहौली टोपी का इस्तेमाल करते हैं । सभी घरों में इस दिन कई प्रकार के व्यंजन परोसे जाते हैं और कई दिन रात भर नृत्य चलता रहता है । कई दिनों तक लोग अपने रिश्तेदारों के पास मारचू से भरी टोकरियों का आदान प्रदान करते हैं जो अपने भाई चारे के प्रतीक को दर्शाता है ।फागड़ी त्योहार लाहौल स्पीति के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन है जो उनकी समृद्ध परंपराओं और जीवन शैली को दर्शाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को अनुशासन व देशप्रेम के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान आनी।** राजकीय महाविद्यालय निरमंड में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के साप्ताहिक शिविर का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुलजीत सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रोग्राम अधिकारी डॉ. राजन देवी नेगी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए शिविर की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के अस्तित्व, उसकी भूमिका व विद्यार्थियों के जीवन में उसके महत्व का विस्तृत विवेचन किया। मुख्यातिथि डॉ. कुलजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने सेवा भावना, त्याग, अनुशासन व देशप्रेम की भावना को अपनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर कैप्टन डॉ. संदीप ठाकुर, डॉ. प्रियंका ठाकुर, डॉ. मदन लाल, प्रो. सुरेंद्र धीमान, प्रो. राजेश चौहान, प्रो. राहुल शर्मा, डॉ. गौरव सूद, वरिष्ठ सहायक रजनीश शर्मा, लिपिक विनीत ठाकुर सहित कॉलेज के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में ऋषिका प्रथम स्थान पर

**अनंत ज्ञान, बंजार।** हमीरपुर जिला में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बाल मेले का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस 2-दिवसीय प्रतियोगिता में कुल्लू जिले की टीम ने प्रमुख उपलब्धियां हासिल की। फैंसी ड्रेस में बंजार की ऋषिका ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पीएम श्री राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला मंगलौर की तेंजिना परमार ने अन्य प्रतियोगिताओं में पहला स्थान प्राप्त किया। चमच्च दौड़, ड्राइंग एवं पेंटिंग, प्रश्नोत्तरी, सोलो सॉन्ग और ग्रुप डांस में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। सेकेंडरी स्तर पर पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर की शुभांजलि शर्मा ने साइंस एग्जीबिशन में प्रथम स्थान हासिल किया। उपनिदेशक स्कूल शिक्षा गुणवत्ता एवं प्रारंभिक शिक्षा, डॉ. सुनील दत्त ठाकुर ने सभी छात्रों और शिक्षक प्रभारी को बधाई दी और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

### छात्रों को नशा मुक्ति के बारे में जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** आईटीआई शमशी में जिला स्तरीय नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग जिला कुल्लू में नशा मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है इसके लिए प्रत्येक स्वास्थ्य खंडों में भी नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें हर वर्ग को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं नोडल ऑफिसर नशा मुक्ति केंद्र कुल्लू डॉक्टर सत्यव्रत वैद्य और जनशिक्षा एवं संप्रेषण अधिकारी निर्मला महंत ने सभागार में मौजूद आईटीआई के छात्रों को विस्तार से नशा मुक्ति के बारे में जानकारी दी। डॉक्टर सत्य व्रत वैद्य ने अपने संबोधन में बताया कि नशा अन्य बीमारी की तरह एक बीमारी है जिसका इलाज संभव है और नशा मुक्ति केंद्र भुंतर में इसका इलाज दवाइयों एवं डॉक्टरों एवं सशक्त स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा किया जाता है, जिसमें बहुत से युवा स्वस्थ व तंदरुस्त होकर अपना जीवनयापन कर रहे हैं। यहां पर मरीजों का फॉलोअप भी किया जाता है और समय समय पर अनेक प्रकार के प्रशिक्षण भी करवाया जाता है, ताकि जो युवा नशे के चपेट में आया हो उसको विभाग द्वारा उचित इलाज एवं परामर्श से ठीक किया जाता है।

### नौ करोड़ से हुआ मनाली शहर का विकास

**अनंत ज्ञान, मनाली।** नगर परिषद मनाली के पूर्व अध्यक्ष चमन कपूर ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में नौ करोड़ से मनाली शहर का विकास करवाया है। उनके नेतृत्व में नगर परिषद के सभी वार्ड सदस्यों ने एक जुटता से काम किया। उन्होंने कहा कि रांगड़ी में सरदर्द बने कूड़े का ढेर का समाधान करने में भी टीम ने सफलता पाई है। उन्होंने कहा कि भूतनाथ पार्किंग से नगर परिषद की बेहतर कमाई हो रही थी लेकिन पार्किंग नेशनल हाइवे को चले जाने से नगर परिषद को 70 लाख का नुकसान हुआ है। 2021-22 में लगभग पौने दो करोड़, 22-23 में पौने चार करोड़, 23-24 को लगभग तीन करोड़ विकास कार्यों पर खर्च किए हैं, जबकि 24-25 में भी विकास की गति जारी रखी। कूड़े के निष्पादन में ईमानदारी से काम नहीं करने वाली कंपनी को बाहर कर नई कम्पनी को जिम्मेवारी दी। यह कंपनी बेहतर ढंग से काम कर रही है और कूड़े के ढेर को लगातार कम कर रही है। कपूर ने कहा कि अपने कार्यकाल में स्वच्छता प्रहरियों सहित नप कर्मियों को दिवाली बोनस देकर उनकी दिवाली को खुशियों को दोगुना किया। उन्होंने मनाली के विकास में सार्थक सोच के साथ योगदान देने वालों का आभार जताया। चौथे साल के अंत में कुर्सी से उतारे जाने के सवाल में उन्होंने कहा कि कुर्सी से उतरने का उन्हें कोई मलाल नहीं है।

# विद्यालय की आधारभूत संरचना पर चर्चा

अनंत ज्ञान



एसएमसी के अध्यक्ष चमन शर्मा तथा अन्य सदस्य। अनंत ज्ञान

**आनी।** उपमंडल के अंतर्गत कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में विद्यालय प्रबंधन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष चमन शर्मा ने की, जबकि विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सभी अध्यापक गण एवं एसएमसी सदस्य शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए चमन शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से को-एजुकेशन व्यवस्था तथा (सीबीएसई) से संबद्धता का वे पूर्ण समर्थन करते हैं। उन्होंने बताया कि आनी विद्यालय को सीबीएसई बोर्ड से जोड़ने के लिए विद्यालय की वर्तमान आधारभूत संरचना, उपलब्ध कक्षाकक्षों और प्रस्तावित छात्र संख्या के आधार पर विस्तृत खंडवार प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्राथमिक स्तर (प्री-प्राइमरी से कक्षा 5) में 8 कक्षाओं के माध्यम से लगभग 240 विद्यार्थियों को वर्तमान प्राथमिक पाठशाला में समायोजित किया जा सकता है जो पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला से मात्र दो गज की दुरी पर है। माध्यमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) हेतु 6 सेक्शन में लगभग 210 विद्यार्थियों की व्यवस्था प्रस्तावित है। वहीं उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक स्तर (कक्षा 9 से 12) में 14 सेक्शन के माध्यम से लगभग 560 विद्यार्थियों को समायोजित करने की योजना है। पी एम श्री विद्यालय में उपलब्ध कुल 23 कक्षाकक्षों के आधार पर कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई सुचारु रूप से संचालित करने हेतु 20 कक्षा-कक्षों की जरूरत है। इस प्रकार आधारभूत संरचना की दृष्टि से पी एम श्री विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय उपयुक्त आधार भुत संरचना सहित सक्षम एवं तैयार है। एक विद्यालय पीएम श्री सीबीएसई में, दूसरा कन्या विद्यालय हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अंतर्गत हो बैठक के दौरान एसएमसी अध्यक्ष चमन शर्मा ने यह महत्वपूर्ण सुझाव भी रखा कि आनी क्षेत्र की एक पाठशाला को सीबीएसई से संबद्ध किया जाए, जबकि दूसरी पाठशाला को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अंतर्गत रखा जाए, ताकि सभी वर्गों के विद्यार्थियों को समान अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि यदि केवल सीमित सीटों पर 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा, तो अनेक बच्चे वंचित रह सकते हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें 12 से 28 किलोमीटर दूर स्थित अन्य विद्यालयों -शवाड, कुंगश, च्वाई या दलाश—का रुख करना पड़ेगा, जो विशेषकर गरीब एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण होगा।

# मनाली में तेलंगाना के समाजसेवी डेविड राजू व सलीना को गोल्ड मेडल देकर नवाजा

अनंत ज्ञान



**मनाली।** तेलंगाना के समाजसेवियों को मनाली में आयोजित एक सादे लेकिन गरिमामय समारोह में सम्मानित किया गया।

यह सम्मान नॉर्थ इंडिया पत्रकार एसोसिएशन द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में एसोसिएशन के ब्रांड एंबेसडर किशन लाल ने तेलंगाना के समाजसेवी डेविड राजू व सलीना को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। डेविड राजू देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर समाजसेवा के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वे जरूरतमंद व असहाय लोगों की हरसंभव सहायता करते हैं। साथ ही नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता अभियान चलाते हैं व जेलों में जाकर कैदियों को सकारात्मक जीवन के लिए प्रेरित करते हैं। इसके अतिरिक्त वे सड़क किनारे रहने वाले लोगों को कंबल व अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराते रहे हैं। वहीं, सलीना भी समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं व विभिन्न सामाजिक कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता कर रही हैं।

इस अवसर पर सम्मानित समाजसेवियों ने नॉर्थ इंडिया पत्रकार एसोसिएशन का आभार व्यक्त किया। किशन लाल ने कहा कि एसोसिएशन अब तक नॉर्थ इंडिया के समाजसेवियों को प्रोत्साहित करती रही है, लेकिन अब साउथ इंडिया के समाजसेवियों को भी सम्मानित करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मनाली आकर समाजसेवियों द्वारा जागरूकता फैलाना सराहनीय पहल है।

# अश्विनी को बिजली बोर्ड पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की कमान

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** बिजली बोर्ड पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक बुधवार को शाड़ाबाई कांप्लेक्स में आयोजित हुई।

बैठक में प्रदेश की वर्तमान स्थितियों के बारे में मंथन व हालातों के बारे में चिंता व्यक्त की गई। इसके पश्चात पुरानी कार्यकारिणी जो अपना कार्यकाल पूर्ण कर चुकी थी, उसको भंग कर नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसमें प्रधान अश्विनी कुमार सोहल, वरिष्ठ उपप्रधान कृष्ण लाल शर्मा, उपप्रधान केशव राम कुल्लवी, यूनिट सचिव निहाल सिंह नेगी, वित्त सचिव सुशील कुमार, प्रेस सचिव सेस राम ठाकुर, प्रबंधन सचिव प्यार चंद शर्मा को चुना गया। इस दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि आगामी बैठक में समिति सदस्यों की चयन प्रक्रिया सहित बैठक को आगामी बैठक तक स्थगित घोषित किया गया।

**जागृति** | कुल्लू में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन

# आज महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर: डोगरा

अनंत ज्ञान



कार्यक्रम के दौरान गणमान्य लोग व विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** जिला कुल्लू में महिला सशक्तिकरण व जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत एकदिवसीय जेंडर सेंसिटाईजेशन कार्यशाला के उपलक्ष्य में महिला व बाल विकास व डाइट जरड़ कुल्लू द्वारा रैली व उसके पश्चात एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में उच्च शिक्षा उपनिदेशक देश राज डोगरा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज महिलाओं की भागीदारी प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के बराबर है और कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां महिला कार्य करने में सक्षम नहीं। उन्होंने कहा कि बदलते परिदृश्य में महिलाओं की भूमिका हमारे समाज और भी महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने स्वस्थ समाज के लिए महिलाओं के लिए सुरक्षित एवं सम्मानपूर्ण माहौल बनाने की आवश्यकता पर बल दिया । कार्यक्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कुल्लू की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर छात्राओं को समाज में अपनी भूमिका और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। की-नोट स्पीकर डाइट प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य सुरेंद्र शर्मा ने महिलाओं की प्रत्येक क्षेत्र में सशक्त भागीदारी को इंगित करते हुए लिंग भेद को समाप्त करने पर बल दिया। कुल्लू कॉलेज में प्रवक्ता समाज शास्त्र, डॉ. शीतल ठाकुर ने लिंग संवेदीकरण आवश्यकता व चुनौतियां विषय पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने समाज के विकास के लिए महिला-पुरुष की समानता तथा महिला की भूमिका से जुड़ी हुई रूढ़ियों के उन्मूलन की आवश्यकता पर बल दिया। जिला विधिक साक्षरता अभिकरण कुल्लू की ओर से हेमंत ठाकुर ने पोक्सो अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह कानून बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया है। छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए और किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में बिना डरे आवाज उठानी चाहिए। शिक्षा के साथ-साथ कानूनी साक्षरता आज के समय की अनिवार्य आवश्यकता है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. उषा ठाकुर ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी समेकित बाल विकास परियोजनाएं कुंदन लाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## चिट्टे को नेशनल डिजास्टर करना चाहिए घोषित : विकास

**एएसआई** विकास कुमार ने महिलाओं से जुड़े अपराधों तथा महिलाओं के अधिकारों पर जानकारी देते हुए डीप फेक व डार्क वेब के माध्यम से होने वाले साइबर अपराध पर अवगत कराया। चिट्टा को नेशनल डिजास्टर घोषित हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा चिट्टा को जड़ से खत्म करने के लिएवसमज को एकजुट होने की जरूरत है, अकेली पुलिस कुछ नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि कुल्लू में एनडीपीएस एक्ट के बहुत मामले रोजाना सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर चिट्टे को खत्म करना है तो हमें इसकी डिमांड को खत्म करने की दिशा में कार्य करना होगा।अगर डिमांड खत्म होगी तो सप्लाई अपने आप बंद होगी और इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है।

# निरमंड में महाशिवरात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता में वॉरियर ब्वॉयज जुआगी बनी चैंपियन

अनंत ज्ञान



**आनी।** निरमंड उपमंडल की ग्राम पंचायत चायल के युवक मंडल भगीर द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता इस वर्ष भी उत्साह व धूमधाम के साथ संपन्न हुई। प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद वॉरियर ब्वॉयज जुआगी व रॉयजिंग स्टार दवाह की टीमें फाइनल में पहुंचीं।

फाइनल मैच में रॉयजिंग स्टार दवाह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवरों में 79 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए वॉरियर ब्वॉयज जुआगी के बल्लेबाजों ने आक्रामक खेल दिखाया। सलामी बल्लेबाज सुंदर ने शानदार 47 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई व वॉरियर ब्वॉयज जुआगी ने विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। रॉयजिंग स्टार दवाह उपविजेता रही। प्रतियोगिता के उपरांत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि चायल पंचायत के पूर्वउपप्रधान ओम प्रकाश ठाकुर व विशेष अतिथियों कनिष्ठ अभियंता बिजली विभाग निथर जगदीश ठाकुर, प्रगतिशील बागवान कबीर ठाकुर, गिरशाई विद्या मंदिर ठारला के प्रिंसिपल संजीव ठाकुर, दुग्ध संघ ढमार के सचिव दौलत ठाकुर, माता चैलासनी के कारदार पूर्ण ठाकुर तथा पूर्व वार्ड सदस्य घनश्याम ठाकुर द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों व स्कूली बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। लोकनृत्य प्रतियोगिता में स्वयं सहायता समूह ढमार विजेता रहा, जबकि महिला मंडल टिकरू उपविजेता बना। चेष्टा, नमया, तनवी जस्मिन एंड पार्टी व उतम सिंह की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का विशेष मन मोह लिया। मुख्यातिथि ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही महिला मंडल भगीर, ढमार, टिकरू, कलोंट, कलोटी, दवाह व स्वयं सहायता समूह ढमार और भगीर को उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए एक-एक हजार रुपए की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

ओवरलोडिंग, प्रेशर हॉर्न और बिना नंबर प्लेट के डंपर संचालकों पर आरटीओ सिरमौर की कार्रवाई

# 1.69 लाख के चालान, एक डंपर पर फर्जी नंबर प्लेट्स

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

**एसपी जैरथ, नाहन।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सिरमौर ने नियमों की अवहेलना करने वाले भारी वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई है। अनंत ज्ञान ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था। आरटीओ सोना चंदेल ने पांवटा साहिब की ओर जाते वक्त एनएच-07 पर मार्कंडा पुल, नवोदय स्कूल के समीप और सूरजपुर क्षेत्र में खड़े तीन डंपरों के कुल 1.69 लाख रुपये के भारी-भरकम चालान काटे।

इनमें 2 डंपर बिना नंबर प्लेट के मिले, जबकि एक डंपर पर फर्जी नंबर मिला। लिहाजा, परिवहन विभाग ने इस ट्रक को मौके पर ही इंपाउंड (जब्त) कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बता दें कि क्षेत्रीय परिवहन विभाग सिरमौर में स्टाफ की भारी कमी के बावजूद टीम हर वक्त सक्रिय है। फिर भी आरटीओ खुद मोर्चा संभालकर कार्रवाई को अंजाम दे रही हैं। हाल ही में टीम ने हिमाचल और उत्तराखंड की सीमा पर मीनस में विशेष अभियान चलाकर 5.49 लाख रुपए के चालान काटे।

इसमें प्रेशर हॉर्न के साथ-साथ ओवरलोडिंग और बिना टैक्स व परमिट के वाहन शामिल थे। इससे पहले भी क्षेत्रीय परिवहन विभाग सिरमौर की टीम आरटीओ के अगुवाई में समय-समय पर नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। अब आरटीओ ने पांवटा साहिब जाते वक्त 3 डंपरों के चालान काटे।


शहर में ओवरलोड डंपरों का बैखौफ आतंक, प्रशासन मौन

अनंत ज्ञान

पांवटा/नाहन। ओवरलोड डंपरों ...

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के 18 फरवरी 2026 के संस्करण में छपा समाचार। अनंत ज्ञान


इंपाउंड किया गया ओवर लोडिंग डंपर।

> यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए गत माह डीसी सिरमौर को एक प्रस्ताव भी भेजा है। प्रस्ताव में सुझाव दिया गया है कि 21 टन से अधिक भार क्षमता वाले डंपरों के क्षेत्र में प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगाई जाए।
>
> **सोना चंदेल, आरटीओ सिरमौर**

# कंडाघाट बाजार में एनएच पर ओवर फुटब्रिज की मांग पर प्रशासन बेपरवाह, लोग परेशान

अनंत ज्ञान

**प्रेम कुमार, कंडाघाट।** कंडाघाट मैन बाजार के बीच से गुजरने वाले शिमला- कालका राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की अधिक आवाजाही के कारण पैदल चलना और सड़क क्रॉसिंग करना लोगों की बड़ी समस्या का कारण बना हुआ हैं। यंहा फोरलेन निर्माण का कार्य शरू होने के बाद यह समस्या गंभीर रूप ले चुकी हैं।

इस समस्या के समाधान के लिए लोग ओवर फुटब्रिज की मांग कर रहे हैं, इसे सुनने वाला कोई नहीं। इतना ही नहीं सड़क पर पैदल चलने वालों के लिए जेबरा क्रॉसिंग तक नहीं लगाई गई हैं। लोगों की परेशानी और कई हादसे होने पर भी सरकार, प्रशासन और एनएचआई बेपरवाह हैं। कंडाघाट के मैन बाजार से एनएच गुजरता हैं। इसके साथ कंडाघाट-चायल और सोलन, कंडाघाट से सोलन बाया धरोट सड़कों का चौक भी बाजार में है। कंडाघाट उपमंडल मुख्यालय और व्यवसायिक केंद्र है। इसके कारण बाजार में पैदल चलने वाले लोगों की भारी भीड़ रहती हैं। बाजार से स्कूलों, पॉलिटेक्निक कॉलेज, डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों सहित कई शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों का पैदल आना- जाना बाजार से होता हैं। इस गंभीर समस्या के कारण कंडाघाट बाजार में कई लोग हादसों का शिकार हो चुके है। इसके बावजूद किसी ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। यह समस्या इन दिनों बाजार के दोनों तरफ फोरलेन का काम चलते और बढ़ती वाहनों की संख्या के कारण गंभीर रूप ले चुकी है।


कंडाघाट में निर्माणाधीन फोरलेन। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### नौणी में आईसीएआर शीतकालीन विद्यालय में कृषि उद्यमिता एवं वैल्यू चेन पर फोकस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में 'प्रसंस्करण एवं अनुकूलित मूल्य श्रृंखलाओं के माध्यम से बागवानी फसलों में कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देना' विषय पर 21 दिवसीय आईसीएआर प्रायोजित शीतकालीन विद्यालय का हाल ही में समापन हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में ओडिशा, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात और हिमाचल प्रदेश से 10 विश्वविद्यालयों एवं दो कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के कुल 19 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने बागवानी एवं संबद्ध क्षेत्रों में समकालीन शोध योग्य विषयों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम मूल्य संवर्धन, फसलोपरांत प्रबंधन, आपूर्ति श्रृंखला अनुकूलन तथा परिपत्र अर्थव्यवस्था ढांचे पर सार्थक एवं गंभीर विमर्श को प्रोत्साहित करते हैं।

### मनलोग बड़ोग के ग्रामीणों में पंचायत पुनर्गठन को लेकर आक्रोश

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** विकास खंड कुनिहार के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत हनुमान बड़ोग के गांव मनलोग बड़ोग के ग्रामीणों में पंचायत पुनर्गठन को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे आगामी पंचायतीराज चुनावों का बहिष्कार करने पर मजबूर होंगे। जानकारी के अनुसार पंचायतों के पुनर्गठन के तहत ग्राम पंचायत हनुमान बड़ोग के गांव मनलोग बड़ोग, वार्ड संख्या-2 को ग्राम पंचायत दाड़लाघाट में मिलाया गया है। इस निर्णय का ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे हैं। माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार गांव का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल पुनः अपनी समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी कुनिहार के समक्ष उपस्थित हुआ। इस दौरान ग्रामीणों ने विरोध स्वरूप अपना मांगपत्र भी सौंपा। बताया जा रहा है कि करीब 165 ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने अपनी आपत्तियां दर्ज करवाईं। खंड विकास अधिकारी कुनिहार तन्मय कंवर ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार ग्राम पंचायत हनुमान बड़ोग के अंतर्गत आने वाले गांव मनलोग बड़ोग के प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया है तथा आगामी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

### सिरमौर को एचआईवी, क्षय रोग मुक्त बनाने को सभी विभाग मिलकर करें कार्य : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला को एचआईवी तथा क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए संबंधित विभागों को मिलकर कार्य करना होगा ताकि जिला सिरमौर को एचआईवी तथा टीबी मुक्त बनाया जा सके। यह जानकारी उपयुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने उपायुक्त कार्यालय के सभागार में एचआईवी तथा जिला क्षय रोग उन्मूलन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सिरमौर जिला में 100 दिन का विशेष स्क्रीनिंग अभियान 2.0 चलाया जाएगा, ताकि टीबी के मामलों की पहचान के उपरांत उनका उपचार आरंभ कर संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि आमजन को टीबी के लक्षणों के बारे में जागरूक किया जाए ताकि टीबी का प्रारंभिक चरण में ही उपचार हो सके। उन्होंने कहा कि लोगों को स्वेच्छा से एचआईवी टेस्ट करवाने के लिए भी जागरूक किया जाए। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि एचआईवी तथा टीबी मरीजों व आश्रितों को सरकार द्वारा निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही जांच व उपचार सुविधाओं के अतिरिक्त आर्थिक सहायता व अन्य सुविधाओं की जानकारी भी दी जाए।

# शूलिनी विवि ने प्रो. खोसला के जन्मदिन पर मनाया प्रेरणा दिवस


प्रेरणा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रो. खोसला। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने कुलाधिपति प्रो. पीके खोसला के जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले प्रेरणा दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी सदस्य कृतज्ञता, प्रेरणा और उत्कृष्टता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति नवप्रवर्तित प्रतिबद्धता की भावना से एकजुट हुए। समारोह का शुभारंभ विश्वविद्यालय मंदिर में हवन के साथ हुआ, जिसके बाद वृंदावन उद्यान में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जो सतत् विकास और पर्यावरण के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। दिन का प्रमुख आकर्षण रतन टाटा गैलरी, टैगोर सेमिनार हॉल और पहल फाउंडेशन कियोस्क सहित महत्वपूर्ण सुविधाओं का उद्घाटन था। कुलाधिपति प्रो. पीके खोसला ने एसआईएलबी की अध्यक्ष और उनकी धर्म पत्नी सरोज खोसला के साथ मिलकर शूलिनी पहल फाउंडेशन के सहयोग से सेंटर फॉर लीडरशिप कोचिंग की एक पहल, प्रोजेक्ट प्रगति कियोस्क का उद्घाटन किया। प्रो. चांसलर विशाल आनंद ने आशावाद और सकारात्मकता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रो. पीके खोसला ने हमेशा यह दिखाया है कि सार्थक सफलता के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण और आंतरिक प्रसन्नता आवश्यक हैं। शूलिनी विवि के कुलपति प्रो. अतुल खोसला ने प्रो. पीके खोसला को प्रेरक नेता व मार्गदर्शक बताया।

सोलन शहर के नालों को कवर करने में नगर निगम ने नहीं दिखाई गंभीरता

# टाइट ग्रांट मंजूर, पर नहीं बनी डीपीआर प्रदूषित नाले स्वास्थ्य के लिए बने खतरा

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**आर मोहन चौहान, सोलन।** पर्यावरण और स्वास्थ्य की दृष्टि से खतरा बन चुके खुले में बह रहे शहर के नालों को कवर करने में नगर निगम ने गंभीरता नहीं दिखाई। निगम के पास करीब 5 करोड़ की टाइड ग्रांट होने के बावजूद पार्षदों की तरफ से एस्टीमेट ही नहीं बन पाए। नगर निगम के हालिया हाउस में इसको लेकर लंबी चर्चा के बाद शहर को नालों को कवर करने के लिए संयुक्त डीपीआर बनाने की सहमति बनी है। अब देखना रोचक होगा कि नगर निगम चुनाव से पहले टाइड ग्रांट का पैसा खर्च पाएगी या नहीं।

प्रदूषित होते नालों को लेकर वार्ड-17 के पार्षद सरदार सिंह ठाकुर ने कहा कि उनके वार्ड में कई नाले हैं, जिनका निर्माण किया जाना आवश्यक है। आयुक्त ने सुझाव दिया कि पूरे शहर की एक संयुक्त डीपीआर तैयार की जाए और प्राथमिकता के आधार पर 2-3 वार्डों में नालों का निर्माण किया जाए। हालांकि पार्षदों का कहना था कि सभी वार्डों के लिए अलग-अलग डीपीआर बनाई जानी चाहिए।


हाउसिंग कॉलोनी में नाले में बहती गंदगी। अनंत ज्ञान

### प्रदूषित माहौल में जीने को मजबूर लोग

**शहर** में नालों के प्रदूषण से लोगों को प्रदूषित माहौल में जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। नगर निगम अब इस दिशा में गंभीर नजर आ रही है। योजना के मंजूर होने से जहां शहर के नालों को कवर कर प्रदूषण मुक्त बनाया जा सकेगा, वहीं सड़क व पार्किंग के विकल्प भी बनेंगे। शहर में कई दशकों से खुले में बह रही नालों की गंदगी से जहां पर्यावरण का नुकसान पहुंच रहा है। नालों में डाली गई सीवरेज की पाइपों से तो समस्या और भी गंभीर हो चुकी है। विश्व स्वास्थ्य मानकों के मुताबिक आवासीय कॉलोनियों के आसपास खुले में बहते नालों को कवर करना जरूरी होता है। नालों में सीवरेज को छोड़ना भी प्रतिबंधित है।

### बरसात में बंद पड़ जाते हैं नाले

**नियमित** साफ-सफाई नहीं होने से बारिश की स्थिति में नालों का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। शहर में इस समय करीब एक दर्जन से अधिक नाले बह रहे हैं। इसमें अधिकांश खुले पड़े है। योजना के तहत नालों को कवर कर आसपास के घरों तक सड़क व पार्किंग की सुविधा प्रदान की जानी है। धोबीघाट, डीसी ऑफ से सरदार मौहल्ला की तरफ जाता नाला, माल रोड से कथेड़ की तरफ बहता नाला, मोहन कॉलोनी का नाला, गंज बाजार का नाला, चंबाघाट का नाला, माल रोड से कलीन, सन्नी साइड से कलीन का नाला, हाउसिंग कॉलोनी नाला, लक्कड़ बाजार का नाला, शूलिनी कॉलोनी का नाला, चौक बाजार का नाला, रेलवे स्टेशन से बस स्टेंड तक जाता नाला इस समय काफी प्रदूषित हो चुका है।



> **शहर** के नालों को कवर कर चैनेलाइज करने के लिए पार्षदों से डिमांड मांगी गई थी इसके तहत कुछ ही पार्षदों के एस्टीमेट मिल पाए। अब शहर के सभी नालों के लिए संयुक्त डीपीआर बनाने की सहमति बनी है। यह कार्य सरकार की तरफ से मिलने वाली टाइड ग्रांट से किए जाएंगे।
>
> **उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम, सोलन।**

# नाहन टैक्सी ऑपरेटरों की स्थायी स्टैंड की मांग तेज, आंदोलन की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान

**नाहन।** नाहन शहर में टैक्सी स्टैंड की कमी को लेकर टैक्सी ऑपरेटरों का रोष खुलकर सामने आने लगा है। सिरमौर टैक्सी-मैक्सी ऑपरेटर सोसायटी ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि उनकी लंबे समय से लंबित मांग को नजरअंदाज किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर होंगे। सोसायटी के अध्यक्ष आकर्षण शर्मा ने कहा कि शहर में टैक्सियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन स्थायी स्टैंड न होने से उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि पुराने कॉलेज भवन वाली सड़क के किनारे निजी वाहनों की पार्किंग संभव है, तो टैक्सियों के लिए निर्धारित स्थान क्यों नहीं दिया जा सकता। लंबे समय से मांग उठाई जा रही है, लेकिन फाइल की स्थिति तक की जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई जा रही। ऑपरेटरों का कहना है कि स्टैंड न होने के कारण उन्हें मजबूरन गाड़ियां पार्किंग स्थलों या सड़कों के किनारे खड़ी करनी पड़ती हैं, जहां चालान का खतरा बना रहता है। इससे उनकी सीमित आय पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

बस स्टैंड से शहर और आसपास के क्षेत्रों, धार्मिक स्थलों, अस्पतालों, कार्यालयों और पर्यटक स्थलों तक पहुंचने के लिए टैक्सियां प्रमुख साधन हैं, लेकिन स्टैंड के अभाव में यात्रियों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। सोसायटी पदाधिकारियों ने कहा कि नाहन एक ऐतिहासिक शहर है जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग विभिन्न कार्यों से पहुंचते हैं। इस अवसर पर सचिव संदीप सिंह, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार, उपप्रधान विशाल सैनी सहित ललित, विजय,प्रथम, यशपाल, सुनील और प्रकाश सहित कई सदस्यों ने प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि टैक्सी स्टैंड के लिए जल्द स्थान चिन्हित नहीं किया गया तो सोसायटी सामूहिक रूप से सख्त निर्णय लेने पर मजबूर होगी।

### शैक्षणिक संस्थानों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** तंबाकू मुक्त स्वस्थ्य विद्यालय कार्यक्रम के तहत अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट द्वारा सलाम मुंबई फाउंडेशन के तकनीकी मार्गदर्शन में शैक्षणिक संस्थानों में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय परिसरों के अंदर तंबाकू पदार्थों के उपयोग को पूर्णतः प्रतिबंधित करना तथा तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित सभी 9 मानकों को पूरा करने के लिए संस्थानों को प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान यह बताया गया कि तंबाकू मुक्त विद्यालय अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम स्तरीय एवं व्यक्तिगत प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। समुदाय और अभिभावकों के सहयोग से ही इस पहल को स्थायी रूप से लागू किया जा सकता है।

# मेडिकल लीव लेकर राजस्थान घूमने गए कर्मी, फेसबुक पोस्ट से खुली पोल

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर के पांवटा साहिब उपमंडल की माजरा उपतहसील में प्रशासनिक लापरवाही का मामला सामने आया है। माजरा के नायब तहसीलदार इंद्र कुमार सहित तहसील स्टाफ मेडिकल लीव लेने के बाद राजस्थान में घूमते पाए गए। कर्मचारियों की राजस्थान यात्रा की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया, विशेषकर फेसबुक पर सामने आने के बाद मामला प्रशासन के संज्ञान में आया। कार्यालय में कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण दूर-दराज से आए लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी और कई लोग बिना काम करवाए लौटने को मजबूर हुए।

◆ **माजरा नायब तहसीलदार सहित स्टाफ को एसडीएम का नोटिस**

स्थानीय लोगों ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। स्टाफ को अवकाश स्वीकृत करने के मामले में तहसीलदार रविंद्र सिसोदिया से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है।

> **सभी** संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से जवाब मांगा गया है। जवाब मिलने के बाद नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **गुंजित सिंह चीमा, एसडीएम, पांवटा साहिब**

# जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक का 88वां वार्षिक अधिवेशन आयोजित

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की 88वीं वार्षिक आम साधारण सभा सोलन में आयोजित की गई। इसमें वित्त वर्ष 2024-25 की वित्तीय स्थिति, उपलब्धियों एवं भावी चुनौतियों पर विचार-विमर्श हेतु बुलाई गई थी। बैठक में विभिन्न सहकारी समितियों के 209 प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 87वीं आम सभा में प्रस्तुत किए सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैंक के चेयरमैन एडवोकेट मुकेश शर्मा ने सभी प्रतिनिधियों का हार्दिक स्वागत करते हुए अपने संबोधन में वित्त वर्ष 2024-25 के विस्तृत वित्तीय आंकड़े एवं उपलब्धियां प्रस्तुत कीं। उन्होंने बताया कि बैंक ने चालू वित्त वर्ष में सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

◆ **बैठक में विभिन्न सहकारी समितियों के 209 प्रतिनिधि रहे मौजूद**

चेयरमैन मुकेश शर्मा ने बैंक के कुशल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स, प्रबंधन, कर्मचारियों एवं लाखों खाताधारकों का बैंक को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर असिस्टेंट रजिस्ट्रार, सोलन गिरीश नड्डा, निदेशकगण योगेश भारतीय, संजीव कौशल, रोशन वर्मा, लाजकिशोर, लक्ष्मी ठाकुर, विजय ठाकुर, पीताम्बर नेगी, प्रबंध निदेशक पंकज सूद सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### वित्तीय मुख्य बिंदु (वित्त वर्ष 2024-25)

**इस** दौरान बैंक की वित्तीय स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसके तहत कुल व्यवसाय (जमा+ऋण) में उल्लेखनीय वृद्धि। बैंक का कुल साइज 2139 करोड़ कुल जमा राशि में वृद्धि दर्ज। 1427 करोड़ ऋण वितरण में सुदृढ़ विस्तार, विशेषकर कृषि, एमएसएमई एवं स्वरोजगार क्षेत्रों में। कुल ऋण 711 करोड़ एनपीए अनुपात में सुधार एवं वसूली प्रक्रिया में तेजी। नेट एनपीए बीते 3 सालों में शून्य% ग्रास एनपीए 2.78% शुद्ध लाभ में सकारात्मक वृद्धि। बैंक का शुद्ध लाभ 20.02 करोड़। डिजिटल बैंकिंग सेवाओं एवं ग्राहक सुविधा में विस्तार। इस साल नेट बैंकिंग शुरू की जाएगी।

### आरजीडी राशि बंद किए जाने पर युकां का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश को मिलने वाली आरडीजी राशि बंद किए जाने के विरोध में सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में मंगलवार को युवा कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने बाजार बड़ा चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंक कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर की अगुआई में कार्यकर्ता हाथों में आरडीजी विरोधी पोस्टर लेकर बाजार की ओर बढ़े। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, जिससे कुछ देर धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी। बावजूद इसके कार्यकर्ता पुतला दहन करने में सफल रहे। छतर सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश को आरडीजी बंद करना पूरी तरह गलत निर्णय है।

# सोलन-सुबाथू-अर्की मार्ग की दुर्दशा पर भाजपा का हल्ला बोल 23 को

अनंत ज्ञान

**सोलन।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर सनी ने सोलन से सुबाथू और अर्की जाने वाले मुख्य मार्ग की खस्ता हालत पर गहरा रोष प्रकट किया है। उन्होंने प्रदेश सरकार और विभाग को चेतावनी देते हुए कहा है कि सड़क पर बने गहरे गड्ढे दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं, जिससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों का जीवन खतरे में बना हुआ है।

◆ **सड़क पर बने गहरे गड्ढे दुर्घटनाओं को दे रहे दावत : भूपेंद्र ठाकुर सनी**

भूपेंद्र ठाकुर सनी ने कहा कि ऐसा लगता है कि सरकार सोलन की जनता को भूल चुकी है। जिस सड़क पर हजारों लोगों का आवागमन होता है, वह आज तालाबों में तबदील हो चुकी है। प्रशासन को चेताने के लिए अब भारतीय जनता पार्टी 23 फरवरी को एक विशाल धरना प्रदर्शन करने जा रही है। उन्होंने कहा कि खराब सड़क के कारण आए दिन वाहन खराब हो रहे हैं और लोग चोटिल हो रहे हैं। भूपेंद्र ठाकुर सनी ने इस सड़क के किनारे रहने वाले सभी निवासियों, व्यापारियों और युवाओं से अपील की है कि वे अपनी हक की लड़ाई के लिए 23 को होने वाले धरने में भारी संख्या में शामिल हों।

# कमजोर वर्गों का कल्याण प्रदेश सरकार का लक्ष्य : कुलदीप

अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों का कल्याण, समग्र विकास और आर्थिक सशक्तिकरण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 के अंतर्गत 79 पीड़ितों को 48 लाख 9 हजार 250 रुपए की राहत राशि प्रदान की गई है। यह सहायता पीड़ितों को त्वरित न्याय और आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वे सोलन में जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में पिछले तीन वर्षों में अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं, स्वीकृत बजट, व्यय की गई धनराशि तथा अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी लक्षित वर्ग तक पहुंच सकता है, जब प्रशासनिक स्तर पर समन्वय, संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य किया जाए।

◆ **कहा- 79 पीड़ितों को 48 लाख 9 हजार 250 रुपए की राहत राशि की प्रदान**


बैठक की अध्यक्षता करते आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान। अनंत ज्ञान

बैठक में अवगत कराया गया कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले में अनुसूचित जाति की जनसंख्या 29.60 प्रतिशत है। वर्ष 2023 से 2025 तक अधिनियम के तहत 73 मामले दर्ज हुए, जिनमें से 33 न्यायालयों में लंबित हैं, 25 मामलों का निराकरण हो चुका है, 9 में धाराएं हटाई गई हैं तथा 6 मामलों की जांच जारी है।

अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 113 दंपतियों को 56 लाख 50 हजार रुपए प्रदान किए गए हैं तथा प्रोत्साहन राशि 50 हजार से बढ़ाकर 2 लाख 50 हजार कर दी गई है। स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत 232 लाभार्थियों को 3 करोड़ 48 लाख आवास निर्माण के लिए प्रदान किए गए।

# बिजली वितरण व्यवस्था निजी हाथों में देकर जनता को लूट रही सरकार : रणवीर

अनंत ज्ञान

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने बिजली के स्मार्ट मीटर लगाकर आम लोगों को लूटने का काम किया है। यह आरोप लगाते हुए सिरमौर जिला भाजपा महामंत्री रणवीर ठाकुर ने बताया कि इस सरकार ने बिजली वितरण व्यवस्था निजी हाथों में सौंप कर आम लोगों को स्मार्ट मीटर के माध्यम से भारी भरकम बिल जारी करके गरीबों-मजदूरों का खून चूसने का काम किया है।

जिला महामंत्री ने कहा कि जब से इस सरकार ने गांव-गांव में तथाकथित नए स्मार्ट मीटर लगाने का गोरखधंधा शुरू किया है तब से आम लोगों को पहले की अपेक्षा कई गुना अधिक बिजली के बिलों का भुगतान करना पड़ रहा है। जिला महामंत्री ने कहा की एक तरफ तो इस सरकार ने सत्ता में आते ही प्रदेश की जनता को 300 यूनिट बिजली मुफ्त में देने का लॉलीपॉप दिया था और दूसरी तरफ स्मार्ट मीटर के माध्यम से भारी भरकम बिजली के बिल थमा कर आम जनता की कमर तोड़ दी है।

रणवीर ठाकुर ने कहा कि जब से गांव-गांव में स्मार्ट मीटर लगे हैं लोगों को कई गुना अधिक बिजली बिलों का झटका लगाया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार को चेतावनी दी कि यदि इन स्मार्ट मीटरों के माध्यम से आम लोगों की लूट बंद नहीं की तो इस सरकार को इसका खामियाजा आने वाले पंचायती राज और विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

# अमेरिका के 50 फाइटर जेट मिडिल ईस्ट रवाना

## इनमें एफ-22, एफ-35 और एफ-16 शामिल, अमेरिका बोला- ईरान शर्तें नहीं मान रहा, हमारे पास दूसरे रास्ते मौजूद

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में पिछले 24 घंटों में 50 से ज्यादा फाइटर जेट भेजे हैं। इंडिपेंडेंट फ्लाइट-ट्रैकिंग डेटा और मिलिट्री एविएशन मॉनिटर्स ने कई एफ-22, एफ-35 और एफ-16 फाइटर जेट को मिडिल ईस्ट की ओर जाते हुए रिकॉर्ड किया है।



यह जानकारी अमेरिका और ईरान के बीच मंगलवार को जिनेवा में हुई दूसरी दौर की बातचीत के दौरान सामने आई है। दोनों देशों के बीच परमाणु समझौते से जुड़े मुद्दों को लेकर मतभेद बने हुए हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तय की गई शर्तों को ईरान मानने को तैयार नहीं है।

फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में वेंस ने कहा कि बातचीत के कुछ हिस्से सकारात्मक रहे, लेकिन कई अहम मुद्दों पर अब भी सहमति नहीं बनी है। इन बयानों से साफ है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही बातचीत अभी भी नाजुक दौर में है। ट्रंप पहले ही कह चुके हैं कि अगर ईरान अमेरिकी मांगें नहीं मानता, तो अमेरिका ताकत का इस्तेमाल करेगा।

**रिफ्यूलिंग टैंकर भी मिडिल ईस्ट भेजे :** अमेरिकी फाइटर जेट्स के साथ कई एरियल रिफ्यूलिंग टैंकर भी मिडिल ईस्ट की ओर जाते देखे गए हैं। इससे संकेत मिलता है कि विमान लंबे समय तक ऑपरेशन की तैयारी में हैं। इस बीच, अमेरिकी अधिकारी ने मीडिया को बताया कि यूएसएस जेराल्ड आर फोर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप कैरिबियन से रवाना होकर मिड-अटलांटिक में पहुंच चुका है और मिडिल ईस्ट की ओर बढ़ रहा है। अगले चार-पांच दिन में उसके पहुंचने की उम्मीद है। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक, सुरक्षा कारणों से नाम न बताने की शर्त पर अधिकारी ने कहा कि फोर्ड के साथ तीन गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर, स्स माहान, यूएसएस बैनब्रिज और यूएसएस विन्सटन चर्चिल भी हैं। इससे पहले यूएसएस अब्राहम लिंकन और अन्य महत्वपूर्ण अमेरिकी एयर और नेवल एसेट्स भी इस साल की शुरुआत में क्षेत्र में तैनात किए जा चुके हैं। इससे अमेरिका की मिडिल ईस्ट में सैन्य मौजूदगी और मजबूत हुई है। (अनंत ज्ञान)

### ईरान ने ऑपरेशनल क्षमताओं की जांच के लिए नौसैनिक अभ्यास शुरू किया

**ईरान** ने मंगलवार को दुनिया के सबसे अहम तेल मार्गों में से एक हॉर्मुज जलडमरूमध्य के कुछ हिस्सों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया। यह कदम लाइव-फायर सैन्य अभ्यास के दौरान उठाया गया। ईरान ने सोमवार को इस नए अभ्यास की घोषणा की थी। इसे 'स्मार्ट कंट्रोल ऑफ द स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' नाम दिया गया। ईरानी न्यूज एजेंसियों के मुताबिक, फारस की खाड़ी के संकरे हिस्से में मिसाइल परीक्षण किए गए। ईरानी मीडिया ने सुरक्षा और समुद्री कारणों का हवाला देते हुए कहा कि यह बंदी कुछ घंटों के लिए रहेगी। एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक, इसका मकसद खुफिया और ऑपरेशनल क्षमताओं की जांच करना है। समुद्री सुरक्षा कंपनी ईओएस रिस्क ग्रुप ने कहा कि इस इलाके से गुजरने वाले जहाजों को पहले ही रेडियो पर चेतावनी दी गई थी। जनवरी के अंत में हुए इसी तरह के अभ्यास के दौरान अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कड़ा बयान जारी किया था। उसने कहा था कि ईरान को अंतरराष्ट्रीय हवाई और समुद्री क्षेत्र में पेशेवर तरीके से काम करने का अधिकार है, लेकिन वह अमेरिकी वॉरशिप या ट्रेड जहाजों को परेशान न करें।

# सेंसेक्स 283 अंक बढ़कर 83,734 पर बंद, निफ्टी भी 94 अंक चढ़ा

**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार में बुधवार को बढ़त रही। सेंसेक्स 283 अंक की तेजी के साथ 83,734 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 94 अंक की बढ़त है, ये 25,819 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 शेयरों में बढ़त रही। वहीं निफ्टी-50 के 31 शेयरों में बढ़त रही। मेटल, बैंकिंग और एफएमसीजी शेयर्स में बढ़त रही। वहीं आईटी शेयर्स में गिरावट रही।




जापान का निक्केई इंडेक्स 1.02% चढ़कर 57,143 पर बंद हुआ। दक्षिण कोरिया का कोस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स आज बंद हैं। वहीं, डाउ जोन्स 32 अंक (00.7%) की बढ़कर 49,533 पर बंद हुआ। टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 0.14% बढ़कर 22,578 पर बंद हुआ। विदेशी निवेशकों ने 999 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। 17 फरवरी को शेयर बाजार में बढ़त रही थी। सेंसेक्स 173 अंक चढ़कर 83,450 पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी में करीब 42 अंक की तेजी रही, ये 25,725 पर बंद हुआ था। विदेशी निवेशकों ने 17 फरवरी को 999 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 375 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे थे। इस महीने अब तक FIIs ने 1,350 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। इस दौरान DIIs ने 11,630 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। (अनंत ज्ञान)

## मणिपुर में 2 उग्रवादी गिरफ्तार, भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद, 4 बंकर नष्ट

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर के अलग-अलग हिस्सों में पुलिस एवं सुरक्षाबलों की ओर से चलाए गए अभियान में दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। मणिपुर पुलिस मुख्यालय के अनुसार, मंगलवार को सुरक्षाबलों ने इंफाल ईस्ट जिले के लामलाई थाना क्षेत्र के चाना मायाई लेइकाई से आरपीएफ/पीएलए के एक कैडर अथोकपम मनाओटन मैतेई उर्फ तामानाओ उर्फ मालेम उर्फ अमुजाओ (42) को सवोमबुंग इलाके से गिरफ्तार किया। एक अन्य अभियान में इसी दिन सुरक्षा बलों ने इंफाल ईस्ट जिले के याइंगांगपोकपी थाना क्षेत्र के याइंगांगपोकपी बाजार से पीएलए के स्वयंभू लेफ्टिनेंट निंगथौजम इबुंगोचा उर्फ साथौबा मैतेई (38) को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किया गया। अभियान की अन्य कड़ी में सुरक्षा बलों ने इंफाल वेस्ट जिले के पाटसोई थाना क्षेत्र अंतर्गत लोंगा कोइरेंग की ओर न्गाइरंगबाम तनौखुल रोड के किनारे से भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया। बरामद सामान में एक डबल बैरल बंदूक, एक देसी पिस्तौल और एक मैगजीन, विभिन्न कैलिबर के 181 जिंदा कारतूस, तीन मैगजीन, दो हैंड ग्रेनेड (36 नंबर), एक डेटोनेटर, एक बाओफेंग वायरलेस हैंडसेट और चार्जर शामिल हैं। सुरक्षा बलों ने एक अन्य अभियान के दौरान उखरुल जिले के लिटन थाना क्षेत्र के मोंगकोट चेपू में बनाए गए चार बंकरों को भी नष्ट कर दिया। इस दौरान 24 खाली कारतूस (ईएफसी) भी बरामद किए गए, हालांकि इस अभियान में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। (अनंत ज्ञान)

# चांदी 4 हजार रुपए बढ़कर 2 .37 लाख पर पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सोने-चांदी की कीमत में बुधवार को बढ़त दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, एक किलो चांदी 4 हजार रुपए बढ़कर 2.37 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले मंगलवार को यह 2.33 लाख रुपए पर थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 98 रुपए महंगा होकर 1.52 लाख रुपए पर पहुंच गया है। सर्राफा बाजार में 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। इक्विनॉमिक्स रिसर्च के फाउंडर और एमडी जी. चोक्कालिंगम ने कहा कि सोने-चांदी के साथ ही कॉपर जैसे इंडस्ट्रियल मेटल्स अत्यधिक अस्थिर रहेंगे। अगले 6 महीनों में इनके दाम कम से कम 10% और घट सकते हैं। वैश्विक आर्थिक विकास में मंदी, क्रिप्टोकरेंसी और टेक्नोलॉजी शेयरों में भारी गिरावट जैसे जोखिम कमोडिटी की कीमतों पर असर डाल सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### 2025 में 57 हजार रुपए महंगा हुआ था सोना

**2025** में सोना 57 हजार (75%) बढ़ा है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76 हजार रुपए का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1.33 लाख रुपए हो गया। चांदी इस दौरान 1.44 लाख (167%) बढ़ी। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी 86 हजार रुपए की थी, जो साल के आखिरी दिन 2.30 लाख रुपए प्रति किलो हो गई।

## श्रीनगर-बारामूला राजमार्ग पर आईईडी निष्क्रिय, आतंकियों की साजिश नाकाम

**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर-बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को आतंकवादियों की ओर से लगाया गया तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) सुरक्षाबलों ने समय रहते निष्क्रिय कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक, सुबह लगभग 7 बजे, नरबल के पास राजमार्ग किनारे एक ब्रीफकेस रखा हुआ देखा गया। इसे संदिग्ध मानते हुए सुरक्षाबलों ने तुरंत इलाके को घेर लिया और राजमार्ग पर यातायात को अस्थायी रूप से रोक दिया। फौरन बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया। इलाके को पूरी तरह सुरक्षित करने के बाद बम निरोधक दस्ते ने कोई नुकसान हुए बिना आईईडी को निष्क्रिय कर दिया। राजमार्ग पर यातायात कुछ समय बाद पुनः बहाल कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच चल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आईईडी किसने और किस उद्देश्य से लगाया था। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस सांसद गोगोई बोले सीएम हिमंता असम के जिन्ना

**एजेंसी, गुवाहाटी**

**◆ नेताओं को 'हिंदू सर्टिफिकेट' देना बंद करें, जो भी भाजपा में गया, वह गैरजरूरी हुआ**

**असम** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई ने असम सीएम हिमंता बिस्व सरमा और कांग्रेस छोड़कर भाजपा ज्वॉइन करने जा रहे भूपेन कुमार बोरा पर कमेंट किया है। उन्होंने बुधवार को गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हिमंता ने बोरा को कांग्रेस का आखिरी हिंदू नेता बताया है।

हिमंता 'असम के जिन्ना' हैं, उन्हें नेताओं को 'हिंदू सर्टिफिकेट' देना बंद करना चाहिए। गोगोई ने यह भी कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले नेता अपनी पार्टी के लिए गैरजरूरी हो जाते हैं। ऐसा ही हाल असम कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा का होगा, जो 22 फरवरी को भाजपा में शामिल होंगे। कांग्रेस सांसद ने कहा कि जो नेता भाजपा में गए हैं, वे अप्रासंगिक हो गए हैं। सर्बानंद सोनोवाल इसका उदाहरण हैं। असम गण परिषद (एजीपी) भी लगभग खत्म होने की कगार पर है। भूपेन बोरा के भाजपा में जाने से कांग्रेस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। आगामी विधानसभा चुनाव में मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं, बल्कि असली कांग्रेस और पुरानी कांग्रेस के बीच होगा। भाजपा में कई ऐसे नेता हैं, जो पहले कांग्रेस में थे और राज्य में 15 साल के शासन के दौरान भ्रष्टाचार से जुड़े रहे। इधर, कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने पार्टी नेतृत्व, खासकर गौरव गोगोई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बोरा ने कहा कि उन्होंने विभिन्न दलों के साथ गठबंधन वार्ता शुरू की थी, लेकिन 11 फरवरी को गौरव गोगोई ने उन्हें एआईयूडीएफ नेता रकीबुल हुसैन को बातचीत में शामिल करने को कहा। (अनंत ज्ञान)

## कोलकाता में अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलकाता।** कोलकाता पुलिस की विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने बिहार पुलिस के सहयोग से एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। यह कार्रवाई खुफिया सूचना के आधार पर की गई। एसटीएफ के डीसी आईपीएस वी सोलेमन नेशाकुमार ने बुधवार को बताया कि कोलकाता पुलिस एसटीएफ द्वारा विकसित खुफिया सूचना के आधार पर एसटीएफ कोलकाता, बिहार एसटीएफ और मधुसूदनपुर थाना, भागलपुर की संयुक्त टीम ने बिहार के भागलपुर जिले के रहमतबाग, कबरिपुर स्थित एक मकान पर छापा मारा। मकान के भूतल पर स्पिनिंग मिल की आड़ में पहली मंजिल पर अवैध तरीके से देशी आग्नेयास्त्र बनाने की फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। छापेमारी के दौरान पांच लोगों को गिरफ्तार किया , जिनमें एक सह-मालिक और चार हथियार निर्माता शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

## पूरे पंजाब से लोग इकट्ठा किए, फिर भी कुछ बड़ा हासिल नहीं हो सका : जगरूप

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के सीनियर नेता जगरूप सिंह सेखवां ने विधायक गुरदीप सिंह के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया से बात करते हुए कादियां में शिरोमणि अकाली दल (बादल) द्वारा की गई रैली की कड़ी आलोचना की।



उन्होंने कहा कि यह समारोह चुनाव क्षेत्र या पंजाब को बचाने के लिए नहीं, बल्कि एक परिवार के राजनीतिक हितों की रक्षा के लिए थी। जगरूप सिंह सेखवां ने कहा कि कादियां में बादल दल की ओर से की गई रैली चुनाव क्षेत्र के लोगों या पंजाब को बचाने के लिए नहीं थी। यह पूरी तरह से सुखबीर बादल और बादल परिवार को की मुहिम थी। उन्होंने कहा कि हालांकि, रैली को कादियां के कार्यक्रम के रूप में पेश किया गया था, लेकिन लोगों को पूरे पंजाब से लाया गया था, जिसमें गुरदासपुर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के साथ-साथ रोपड़, लुधियाना, होशियारपुर, तरनतारन व अमृतसर जैसे जिलों के लोग शामिल थे। उन्होंने कहा कि पूरे पंजाब से लोग इकट्ठा हुए थे। यूथ विंग के नेतृत्व ने पूरे राज्य से युवाओं को इकट्ठा किया था, फिर भी वहां कुछ भी बड़ा नहीं किया जा सका। जगरूप सिंह सेखवां ने आगे कहा कि बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की बार-बार घोषणाओं के बावजूद, शिरोमणि अकाली दल एक भी सार्थक बढ़ोतरी करने में विफल रहा। उन्होंने कहा कि वे घोषणा करते रहे कि 25 सरपंच शामिल होंगे, 30 सरपंच शामिल होंगे, लेकिन एक भी पंचायत मेंबर अकाली दल में शामिल नहीं हुआ। वे सिर्फ अपने पुराने कैडर को लाए थे, वही लोग जिन्हें वे पंजाब में जहां भी रैलियां करते हैं, अपने साथ ले जाते हैं।

शिरोमणि अकाली दल में बढ़ रही अंदरूनी फूट की ओर इशारा करते हुए जगरूप सिंह सेखवां ने कहा कि बिक्रम मजीठिया रैली में शामिल नहीं हुए। उन्होंने कहा कि माझा में यह पहली रैली थी। बिक्रमजीत मजीठिया माझा का बड़ा अकाली चेहरा हैं और कादियां में उनका न होना यह साबित करता है कि अकाली दल में अंदरूनी दरारें आ गई हैं। दो बड़े पावर सेंटर बन गए हैं।

## नेक्सस एलांते में क्षेत्र का सबसे बड़ा ज्वेल सूक लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** ट्राइसिटी का लोकप्रिय शॉपिंग व लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन नेक्सस एलांते ने क्षेत्र का सबसे बड़ा ज्वेल सूक शुरू किया है। यह एक खास प्रीमियम ज्वेलरी जोन है, जहां भारत व अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई प्रमुख ज्वेलरी ब्रांड्स एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। इसे खास तौर पर शादी के सीजन को ध्यान में रखकर शुरू किया गया है। शादी, त्योहारों व खास अवसरों की खरीददारी के लिए एक वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित यह ज्वेल सूक सोने, हीरे, पोलकी, ब्राइडल व आधुनिक आभूषणों की विस्तृत रेंज प्रस्तुत करता है। इस अवसर को और भव्य बनाने के लिए अभिनेत्री व स्टाइल आइकन सोनम बाजवा नव-प्रस्तुत ज्वेलरी ज़ोन के लॉन्च अवसर पर उपस्थित रहीं। ज्वेल सूक में तनिष्क, मालाबार, इंद्रिया, ब्लूस्टोन, कैरेटलेन, फॉरएवरमार्क, जीवा, ज़ेन डायमंड (लैब-ग्रोउन डायमंड ज्वेलरी), ओरिजेम, सैनको गोल्ड एंड डायमंड्स और मिया बाय तनिष्क जैसे प्रसिद्ध ब्रांड शामिल हैं।

## बजट एनालिसिस प्रतियोगिता में 14 टीमों ने विभिन्न सेक्टर्स पर प्रस्तुतियां दीं

**अनंत ज्ञान**




**गुरनाम सागर, मोहाली।** चंडीगढ़ बिजनेस स्कूल ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन (सीबीएसए), सीजीसी लांडरां के एमबीए डिपार्टमेंट ने बजटकॉन '26 -पॉलिसी टू पॉकेट' नाम से दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य यूनियन बजट 2026 और इकॉनमी के अलग अलग सेक्टर्स पर उसके प्रभाव का विश्लेषण करना था। बीकॉम, बीबीए और एमबीए के 300 से ज्यादा स्टूडेंट्स की भागीदारी के साथ, इस पहल का लक्ष्य सीबीएसए के स्टूडेंट्स में इकनोमिक अवेयरनेस विकसित करना व नीतिगत समझ को सुदृढ़ करना रहा। इनॉगरल सेशन की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद प्रो. (डॉ.) रमणदीप सैनी, डायरेक्टर प्रिंसिपल, सीबीएसए लांडरां द्वारा स्वागत संबोधन दिया गया। उन्होंने कहा, 'बजट लिटरेसी सिर्फ नंबर्स तक सीमित नहीं है। यह देश की प्राथमिकताओं को समझने व हमारे स्टूडेंट्स को भारत की इकनोमिक जर्नी में सार्थक योगदान देने के लिए तैयार करने से जुड़ी है।

'इस प्रोग्राम के पहले दिन बजट एनालिसिस प्रेजेंटेशन कंपटीशन का आयोजन किया गया। इसमें सीबीएसए लांडरां के स्टूडेंट्स की 14 टीम्स ने भाग लिया। इन टीम्स ने हेल्थकेयर एवं फार्मास्यूटिकल, डिफेन्स एंड एनर्जी, एमएसएमई एंड स्माल बिजनेस, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी तथा मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रांसपोर्टेशन जैसे क्षेत्रों पर इनसाइट प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता ने स्टूडेंट्स की एनालिटिकल एबिलिटी और फिसल पालिसी की प्रैक्टिकल समझ को सुदृढ़ किया। प्रतियोगिता में अनमोल, खुशी और आराधना (एमएसएमई एवं स्माल बिजनेस) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# 12 साल बाद बैलगाड़ी दौड़ें फिर से शुरू होना ऐतिहासिक मील का पत्थरः कुलतार

**अनंत ज्ञान**



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** किला रायपुर ग्रामीण ओलंपिक के दूसरे दिन उत्साह का एक अभूतपूर्व उछाल देखने को मिला, हजारों लोग, खासकर युवा, पंजाब की समृद्ध ग्रामीण खेल विरासत का जश्न मनाने के लिए ऐतिहासिक स्टेडियम किला रायपुर में एकत्र हुए।

दूसरे दिन की खेलों ने दर्शकों के मन को मोह लिया क्योंकि ऐतिहासिक बैलगाड़ी दौड़ें 12 साल के अंतराल के बाद पुनर्जीवित हुईं हैं, जो दर्शकों का ध्यान का केंद्र बनी। स्टेडियम में बैठे दर्शकों/लोगों ने जोरदार जयकारों की गूंज के साथ पारंपरिक बैलगाड़ी दौड़ों का स्वागत किया। दर्शकों ने न केवल बैलगाड़ी दौड़ों का उत्साह से समर्थन किया बल्कि पारंपरिक खेलों और एथलेटिक मुकाबलों की एक जीवंत श्रृंखला का भी समर्थन किया। जिसमें हॉकी मैच, कबड्डी मुकाबले, शॉट पुट थ्रो, 100 मीटर स्प्रिंट, टग ऑफ वॉर मुकाबले, लंबी छलांग के मुकाबले, बाजीगर शो और कई अन्य ग्रामीण एथलेटिक खेल शामिल थे। खेल मैदान परिवारों, किसानों, युवा समूहों, राज्य और बाहर के दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था, जिससे एकता, उत्साह और भाईचारे की भावना का एक अलग ही माहौल पैदा हुआ। पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने उत्साही दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि बैलगाड़ी दौड़ें फिर से शुरू होना एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुई है। यह उपलब्धि पंजाब पशु क्रूरता निवारण (पंजाब संशोधन) अधिनियम, 2025 में दर्ज सोच-समझकर किए गए विधायी सुधारों और पशुओं की भलाई एवं सुरक्षा के माध्यम से संभव हुई।

उन्होंने जोर देकर कहा कि इस पारंपरिक खेल की वापसी न केवल पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखती है बल्कि युवा पीढ़ी में पारंपरिक ग्रामीण खेलों के लिए नया उत्साह भी जगाती है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि ये खेल युवाओं को खेल के मैदानों की ओर वापस खींचेंगे और उन्हें नशों तथा अत्यधिक मोबाइल उपयोग से दूर रखेंगे। उन्होंने इन खेलों से लोगों के गहरे भावनात्मक संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि ये खेल पंजाब की संस्कृति, विरासत को जीवंत और बनाए रखने में सहायता करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम युवाओं को इन परंपराओं से फिर से जोड़ें, खासकर ऐसे समय में जब रील संस्कृति और डिजिटल भटकाव ने उन्हें असली पंजाबी जड़ों से दूर कर दिया है।

**रैली** उचाना में मुख्यमंत्री ने 103 करोड़ 31 लाख की विकास परियोजनाओं की दी सौगात

# सरकार ने उचाना का हक सूद समेत लौटाने का किया काम

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार की नीयत, नीति और अंत्योदय के संकल्प पर ही प्रदेश में तीसरी बार डबल इंजन की सरकार बनी है। उचाना के विकास के पहिए को अब और भी तीव्र गति दी जाएगी और यहां की खुशहाली में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रहने दी जाएगी।



मुख्यमंत्री जींद के उचाना में बुधवार को धन्यवाद रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली में पहुंचने पर आयोजक एवं उचाना विधानसभा से विधायक श्री देवेन्द्र चतुर्भुज अत्री ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का स्वागत किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने 103 करोड़ 31 लाख रुपए लागत की 5 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किए हैं। इनमें 28 करोड़ 54 लाख रुपए लागत के 3 उद्घाटन और 74 करोड़ 77 लाख रुपए की लागत के 2 शिलान्यास शामिल हैं। इस दौरान प्रदेश के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, समाज कल्याण व अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी, हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, विधायक पवन खरखौदा भी मौजूद थे।

रैली में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि उचाना की भूमि परिश्रम, परंपरा और प्रगति का संगम है। यह हरियाणा की वह धड़कन है, जहां जब किसान का पसीना मिट्टी में मिलता है, तो देश के अन्न भंडार भर जाते हैं। जब यहां का युवा संकल्प लेता है, तो पूरी दुनिया में भारत की प्रतिभा का परचम लहराता है। उन्होंने कहा कि अन्न भंडार भरने वाले किसानों की भूमि उचाना को लंबे समय से नजर अंदाज किया गया। झूठे वादे करके आपके वोटों की फसल तो दो-दो-तीन-तीन पीढ़ियों तक काटी गई, लेकिन विकास के नाम पर कुछ नहीं किया गया। पिछले लंबे समय से आपको झूठे सपने दिखाकर अपनी पीढ़ियों को आगे बढ़ाने के अलावा कुछ नहीं किया। परिवारवाद की दलदल में फंसे ये लोग आपके बच्चों के भविष्य को लेकर संजीदा नहीं रहे। उन्होंने सिर्फ अपने बच्चों का भविष्य ही सुरक्षित किया है, लेकिन प्रदेश सरकार ने विकास के मामले में इस क्षेत्र का हक सूद समेत लौटाने का काम किया है और आगे भी यह जारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने राजनीति को केवल सत्ता का साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम माना है। उचाना हलके के विकास को गति देने के लिए 11 वर्षो के कार्यकाल में 98 सीएम अनाउंसमेंट हुई। इनमें से 78 का काम पूरा हो चुका और 15 का काम प्रगति पर है। उचाना विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हलके में विकास कार्यों पर पिछले 11 वर्षों में 1 हजार 409 करोड़ रुपये इस सरकार में खर्च किए गए हैं। जबकि, कांग्रेस के 10 साल के शासनकाल में मात्र 386 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। बीजेपी के शासन में उचाना तहसील को उपमंडल और अलेवा उप-तहसील को तहसील का दर्जा दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में भी जनकल्याण के काम गति से कर रही है। बीजेपी का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि जनता का विश्वास जीतना है।

# सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली ने शुरू किया जॉइंट कैंपस प्लेसमेंट प्रोग्राम

**अनंत ज्ञान**



**मोहाली।** सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली ने अपने छात्रों के करियर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए एक क्रांतिकारी पहल 'जॉइंट कैंपस प्लेसमेंट प्रोग्राम' की आधिकारिक शुरुआत की है।

यह पहल शैक्षणिक शिक्षा व औद्योगिक आवश्यकताओं के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य करेगी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों के छात्रों को एक साझा और रणनीतिक प्लेसमेंट ढांचे के तहत लाना है। छात्रों की संपूर्ण करियर तैयारी पर केंद्रित यह कार्यक्रम औद्योगिक प्रशिक्षण, तकनीकी कौशल विकास और सॉफ्ट स्किल्स के समन्वय पर जोर देता है। छात्र विशेषज्ञों के नेतृत्व में वर्कशॉप, लाइव इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स, मॉक इंटरव्यू सत्रों और व्यक्तिगत मार्गदर्शन कार्यक्रमों में भाग लेंगे, ताकि वे वर्तमान वैश्विक भर्ती मानकों पर खरे उतर सकें। इस अवसर पर अपना संदेश साझा करते हुए, सीजीसी यूनिवर्सिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर मिस्टर अर्श धालीवाल ने कहा: 'जॉइंट कैंपस प्लेसमेंट प्रोग्राम का उद्देश्य केवल रोजगार के अवसर पैदा करना नहीं है, बल्कि छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाना है। हम चाहते हैं कि हमारे छात्र शैक्षणिक डिग्री के साथ-साथ उन सभी पेशेवर क्षमताओं को हासिल करें जो आज के आधुनिक कॉर्पोरेट जगत की जरूरत हैं। यह कार्यक्रम उद्योग और शिक्षा जगत के मेल से एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार करेगा जो छात्रों के सफल पेशेवर जीवन की नींव रखेगा।

सीजीसी यूनिवर्सिटी का प्लेसमेंट सेल इस कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों, वैश्विक ब्रांडों और उभरते उद्योगों के साथ संबंधों को और मजबूत कर रहा है। इससे बड़े पैमाने पर कैंपस भर्ती अभियान, इंटर्नशिप के अवसर और प्री-प्लेसमेंट ऑफर उपलब्ध होंगे, जिससे छात्रों के लिए विकास के नए रास्ते खुलेंगे। 'जॉइंट कैंपस प्लेसमेंट' की शुरुआत सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली के उस रणनीतिक दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य उद्योग के लिए तैयार प्रतिभा को निखारना और पेशेवर योग्यता की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

## 5.65 लाख की शुरुआती कीमत में निसान ऑल-न्यू ग्रेवाइट लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 5.65 लाख रुपए की आकर्षक शुरुआती कीमत में ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट को लॉन्च करने का एलान किया। बोल्ड व गेम चेंजिंग 7-सीटर एमपीवी ग्रेवाइट भारत में निसान के सफर के नए अध्याय की शुरुआत है। भारत से प्रेरित मेड इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया ग्रेवाइट भारत में निसान मोटर इंडिया के नवीनतम प्रोडक्ट ऑफेंसिव का पहला प्रोडक्ट है। यह भारत में कंपनी की मजबूत प्रतिबद्धता और मौजूदगी को दर्शाता है। इस मॉडल का नाम 'ग्रेवाइट' भारत के 1.4 अरब लोगों व राष्ट्र की विविधता को आकार देने वाली 19,000 भाषाओं एवं रीति-रिवाजों से प्रेरित है। ग्रेवाइट को भारतीय परिवारों की बदलती महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। इसमें रोड पर शानदार मौजूदगी के साथ स्पेस, वर्सटैलिटी, कम्फर्ट और रोजाना की व्यावहारिक जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। निसान एंड इनफिनिटी के डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट व मिडिल ईस्ट, केएसए, सीआईएस व भारत के प्रेसिडेंट थियरी सबाग ने कहा, 'ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट सिर्फ एक प्रोडक्ट की लॉन्चिंग नहीं है, बल्कि यह भारत में निसान के सतत विकास के नए चरण की शुरुआत है।'

## स्पोर्ट्स विंडो

### डीएलटीए ने भारत की डेविस कप टीम को किया सम्मानित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) ने यहां चल रहे दिल्ली ओपन के दौरान नीदरलैंड पर शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय डेविस कप टीम को सम्मानित किया। भारत ने इस महीने की शुरू में बेंगलुरु में एक रोमांचक मुकाबले में छठी रैंकिंग वाली नीदरलैंड की टीम को 3-2 से हराकर सितंबर में होने वाले क्वालीफायर के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारतीय टीम की तब रैंकिंग 33 थी। डीएलटीए अध्यक्ष रोहित राजपाल ने मंगलवार रात को सम्मान समारोह के दौरान कहा, 'डीएलटीए में हम हर स्तर पर भारतीय टेनिस का समर्थन करने और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' दिल्ली ओपन के दूसरे दौर में पहुंच चुके सुमित नागल ने समारोह के दौरान मीडिया से इस जीत पर बात करते हुए कहा, 'सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। आप कोर्ट में जाकर अपना मैच जीतते हैं तो यह आसान होता जाता है। स्विट्जरलैंड में हमें दो अंक मिले और इस बेंगलुरु मुकाबले में युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश ने सभी अंक हासिल किए। आखिर में डेविस कप मुकाबला टीम के बारे में है और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया।' नागल ने अपने साथी दक्षिणेश्वर सुरेश की भी तारीफ की जिन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ अपने दोनों एकल मैच जीते। (अनंत ज्ञान)

### दिग्गज खिलाड़ी वेस्ली सो नॉर्वे शतरंज में छठी बार लेंगे हिस्सा

**एजेंसी, स्टावांगर।** विश्व शतरंज के दिग्गज खिलाड़ियों में शुमार वेस्ली सो ने नार्वे चेस 2026 में अपनी वापसी की पुष्टि कर दी है। यह उनका इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में छठा सहभाग होगा। महज 14 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल करने वाले वेस्ली सो ने जल्द ही अपनी पीढ़ी के अग्रणी खिलाड़ियों में स्थान बना लिया है। वेस्ली सो ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'मैं नॉर्वे शतरंज में फिर से खेलने को लेकर बेहद खुश हूं। शानदार धूप में यहां आना सुखद अनुभव है। एक मजेदार और चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं।' पूर्व विश्व नंबर दो रह चुके वेस्ली सो पिछले एक दशक से अंतरराष्ट्रीय शतरंज के शीर्ष स्तर पर लगातार अपनी मौजूदगी दर्ज कराते रहे हैं। अपने करियर के शिखर पर उन्होंने 2800 से अधिक रेटिंग हासिल की और 2016 से 2017 के बीच क्लासिकल प्रारूप में 67 मुकाबलों तक अपराजित रहने का अद्भुत रिकॉर्ड बनाया। वेस्ली सो 2019 में फिडे विश्व फिशर रैंडम चैंपियन बने। इसके अलावा वे तीन बार अमेरिकी चैंपियन रह चुके हैं और संयुक्त राज्य अमेरिका की टीम के साथ ओलंपियाड स्वर्ण पदक भी जीत चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### टी-20 विश्व कप के बाद संन्यास लेंगे कनाडा के नवनीत ढालीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कनाडा के पूर्व कप्तान नवनीत ढालीवाल ने जारी आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप में कनाडा के अंतिम मुकाबले के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। कनाडा गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ अपना आखिरी मैच खेलेगा। ढालीवाल ने मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ हार के बाद अपने फैसले की पुष्टि की। इस हार के साथ ही कनाडा की सुपर आठ चरण में पहुंचने की उम्मीदें समाप्त हो गईं। टी-20 विश्व कप 2026 में ढालीवाल अब तक 108 रन बना चुके हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मुकाबले में 49 गेंदों पर 64 रन की शानदार पारी खेली थी। इसके बाद यूएई के खिलाफ 34 रन बनाए। ढालीवाल टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कनाडा के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज के रूप में संन्यास लेने जा रहे हैं। वर्ष 2015 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद उन्होंने 29 टी-20 और 4 एकदिवसीय मैचों में टीम की कप्तानी की। उनकी कप्तानी में कनाडा ने टी-20 प्रारूप में 21 जीत दर्ज कीं। ढालीवाल ने बताया कि उन्होंने विश्व कप में आने से पहले ही यह तय कर लिया था कि यह उनका अंतिम टूर्नामेंट होगा। (अनंत ज्ञान)

### डगलस की खूबसूरती बेमिसाल

**कैथरीन** कैडवालैडर डगलस एक अमेरिकी प्रतिस्पर्धी तैराक हैं। डगलस पांच बार की ओलंपिक पदक विजेता हैं, जिनमें दो स्वर्ण पदक शामिल हैं, और उन्होंने विश्व चैंपियनशिप (लघु और दीर्घ पाठ्यक्रम संयुक्त) में 16 स्वर्ण सहित कुल 34 पदक जीते हैं।



# जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचकर रचा इतिहास

## बंगाल को हराकर 67 साल में पहली बार आखिरी दो में बनाई जगह

**एजेंसी, कोलकाता**

जम्मू-कश्मीर ने बुधवार को यहां सेमीफाइनल के चौथे दिन दो बार के पूर्व चैंपियन बंगाल को छह विकेट से करारी शिकस्त देकर अपने 67 साल के इतिहास में पहली बार रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया। बंगाल ने जम्मू कश्मीर के सामने 126 रन का लक्ष्य रखा था। जम्मू-कश्मीर में 34.4 ओवर में चार विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर दिया। उसकी तरफ से वंशज शर्मा ने नाबाद 43 और अब्दुल समद ने नाबाद 30 रन बनाए।

इससे पहले तेज गेंदबाज आकिब नबी ने मैच में नौ विकेट लेकर बंगाल की जीत की संभावनाओं को पूरी तरह से खत्म कर दिया था। आकिब नबी के शानदार प्रदर्शन और आईपीएल स्टार अब्दुल समद की बेखौफ बल्लेबाजी ने यह सुनिश्चित किया कि जिस टीम को कभी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वाली टीम के रूप में जाना जाता था वह अब खिताब से सिर्फ एक कदम दूर है। समद ने 22 वर्षीय वंशज को विजयी रन बनाने का मौका दिया और इस युवा बल्लेबाज ने



मुकेश कुमार की गेंद पर लॉन्ग ऑन के ऊपर से छक्का मारकर जम्मू कश्मीर की टीम में जबरदस्त जश्न का माहौल बना दिया। मुंबई के खिलाफ शुरुआती हार के बाद जम्मू-कश्मीर ने राजस्थान के खिलाफ पारी की जीत तथा दिल्ली और हैदराबाद के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत हासिल करके नॉकआउट में प्रवेश किया। उसने क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश को 56 रन से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में नबी ने 110 रन देकर 12 विकेट लिए थे।

जम्मू-कश्मीर ने मंगलवार को तीसरे के दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 43 रन बनाए थे। उसने चौथे दिन की शुरुआत में ही कल के अविजित बल्लेबाज शुभम पुंडीर (27) और कप्तान पारस डोगरा (09) के विकेट गंवा दिए, लेकिन वंशज और समद ने बंगाल के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया और 55 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। (अनंत ज्ञान)

### स्टार प्लेयर्स वाली बंगाल की टीम नहीं कर सकी कमाल

**बंगाल** की टीम में मोहम्मद शमी, आकाश दीप, मुकेश कुमार और शाहबाज अहमद जैसे चार भारतीय अंतरराष्ट्रीय स्टार खिलाड़ी और भारत ए के स्टार बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन शामिल थे। इसके अलावा बंगाल को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा भी मिलना था लेकिन जम्मू-कश्मीर ने उसे इससे वंचित कर दिया।

### पहली जीत दर्ज करने में लग गए थे 44 साल

**जम्मू-कश्मीर** ने पहली बार 1959-60 के सत्र में रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया था और तब से लेकर अब तक उसे मजबूत दावेदार नहीं माना जाता था। जम्मू-कश्मीर ने इस सत्र से पहले 334 रणजी मैच खेले थे, जिनमें से उसने केवल 45 जीते थे। उसे अपनी पहली जीत दर्ज करने में 44 साल लग गए, जो उसने 1982-83 में सेना के खिलाफ हासिल की थी। उसके लिए नॉकआउट में पहुंचना कभी आसान नहीं रहा, लेकिन 2013-14 में उसे एक बड़ी सफलता मिली जब उसने नेट रन रेट के आधार पर गोवा को पीछे छोड़कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उसने 2015-16 में परवेज़ रसूल की कप्तानी में वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई को हराकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। हालांकि दशकों तक जम्मू कश्मीर के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही, लेकिन इस सत्र में कोच अजय शर्मा और कप्तान पारस डोगरा के नेतृत्व में उसने अपने विश्वास को परिणामों में तब्दील कर दिया।

# आईसीसी रैंकिंग में ईशान किशन ने लगाई लंबी छलांग

**एजेंसी, नई दिल्ली**



टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपनी दमदार पारी से सुर्खियां बटोरने वाले धाकड़ सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने आईसीसी रैंकिंग में भी धमाका कर दिया है। ईशान ने सीधा टॉप-10 में जगह बना ली है। ताजा रैंकिंग में 17 स्थानों की जबरदस्त छलांग के बाद ईशान किशन टी-20 रैंकिंग में अब आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। 15 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद ईशान किशन को रैंकिंग में यह बड़ा फायदा हुआ है। पाकिस्तान के खिलाफ उनकी मैच जिताऊ पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

दूसरी तरफ पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान 2 स्थान नीचे लुढ़क गए हैं। साहिबजादा अब 5वें स्थान पर खिसक गए हैं। इंग्लैंड के जोस बटलर को भी तीन स्थान का नुकसान हुआ है और अब वह 7वें पायदान पर खिसक गए हैं। न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट और ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड को भी एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है, बावजूद इसके दोनों बल्लेबाज टॉप-10 में बने हुए हैं। अब सीफर्ट 9वें जबकि हेड 10वें स्थान पर खिसक गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### अभिषेक शर्मा नंबर वन रैंक पर बरकरार

**भारतीय** सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा हालिया फॉर्म पर सवालों के बावजूद रैंकिंग में नंबर-1 स्थान पर बने हुए हैं। इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे स्थान पर काबिज हैं। वहीं, श्रीलंका के विस्फोटक बल्लेबाज पथुम निसंका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कैंडी में शानदार शतक जड़कर तीन स्थान की छलांग लगाई और तीसरे नंबर पर पहुंच गए।

# पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में

## नामीबिया को 102 रन से हराया, साहिबजादा ने 58 बॉल पर नाबाद 100 रन बनाए

**एजेंसी, कोलंबो**



पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में प्रवेश कर लिया है। टीम ने बुधवार को खेले गए दिन के दूसरे मैच में नामीबिया को 102 रन से हराया। पाकिस्तान टॉप-8 में पहुंचने वाली 8वीं टीम बनी है। कोलंबो के सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब में पाकिस्तान ने ग्रुप-ए के इस मैच का टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 199 रन बनाए। जवाबी पारी में नामीबिया 17.3 ओवर में 97 रन पर ऑलआउट हो गई। उस्मान तारिक ने 4 विकेट झटके। जबकि शादाब खान को 2 विकेट मिले। ओपनर लॉरेन स्टीनकैंप ने 23 और एलेक्जेंडर वॉल्सचेंक ने 20 रन बनाए। टीम के 9 बैटर्स दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके। पाकिस्तानी ओपनर साहिबजादा फरहान ने 58 बॉल पर नाबाद 100 रन की पारी खेली। उन्होंने 57 बॉल पर शतक बनाया। शादाब खान ने नाबाद 36 रन बनाए। कप्तान सलमान अली आगा 38 रन बनाकर आउट हुए। नामीबिया के लिए जैक ब्रेसल ने 2 विकेट झटके, जबकि जेरार्ड इरास्मस को एक विकेट मिला। पाकिस्तान की जीत के साथ सुपर आठ की सभी आठ टीमें तय हो गई हैं। सात टीमों पहले ही क्वालिफाई कर चुकी थीं, लेकिन अब नामीबिया को हराकर पाकिस्तान भी अगले दौर में पहुंचने में सफल रहा है। 21 फरवरी से सुपर आठ दौर के मुकाबले शुरू होंगे और शीर्ष आठ टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। (अनंत ज्ञान)

# आखिरी लीग मैच में दक्षिण अफ्रीका ने यूएई को 6 विकेट से दी शिकस्त

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कोर्बिन बॉश की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्व कप के अपने आखिरी ग्रुप लीग मैच में बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात को छह विकेट से हराकर सुपर आठ की तैयारी पुख्ता कर ली। पिछली उपविजेता दक्षिण अफ्रीका को सुपर आठ चरण के पहले मैच में 22 फरवरी को अहमदाबाद में मौजूदा चैंपियन और मेजबान भारतीय टीम से खेलना है। वहीं यूएई की टीम ने इस हार के साथ टूर्नामेंट से विदा ली।

पहले गेंदबाजी करते हुए बॉश के तीन विकेट की मदद से यूएई को छह विकेट पर 122 रन पर रोकने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 13.2 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। उसके लिए सबसे बड़ी राहत की बात 'जूनियर एबी डिविलियर्स' कहे जाने वाले डेवाल्ड ब्रेविस का फॉर्म में लौटना रहा जिन्होंने 36 रन बनाए। यूएई ने गेंदबाजी की शुरुआत अच्छी की और पहले ओवर में ध्रुव पाराशर ने सिर्फ एक रन दिया। कप्तान एडेन मार्क्रम ने हालांकि दूसरे ओवर में जुनैद सिद्दीकी को दो चौके जड़कर दबाव हटाया। तीसरे ओवर में उन्होंने हैदर अली शाह को नसीहत देते हुए तीन चौके और एक छक्का लगाया, लेकिन आखिरी गेंद पर बोल्ड हो गए।

मार्क्रम ने 11 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के के साथ 28 रन बनाए। इससे पहले यूएई की पूरी पारी में कुल दस चौके और दो छक्के लगे। अलीशान शराफू (38 गेंद में 45 रन) को छोड़कर कोई बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनने वाली पिछली उपविजेता दक्षिण अफ्रीका के लिए बॉश ने चार ओवर में सिर्फ 12 रन देकर तीन विकेट, जबकि जॉर्ज लिंडे ने चार ओवर में 17 रन देकर एक विकेट चटकाया। एनरिच नॉर्किया ने चार ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम पर्थ में खेलेगी दो मैत्री मैच

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में दो मैत्री मैच खेलेगी। भारतीय टीम 19 फरवरी को पर्थ रेडस्टार फुटबॉल क्लब और 23 फरवरी को पर्थ अज़्ज़ुरी फुटबॉल क्लब के खिलाफ मैदान में उतरेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अनुसार तुर्किये में प्रशिक्षण शिविर समाप्त करने के बाद भारतीय महिला टीम 11 फरवरी को पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया पहुंचीं। टीम अगले महीने होने वाले एशियाई महिला फुटबॉल कप की तैयारियों में जुटी है। पर्थ में पहला मैत्री मैच भारत बनाम पर्थ रेडस्टार फुटबॉल क्लब 19 फरवरी दोपहर 2 बजकर 30 मिनट (भारतीय समयानुसार) और दूसरा मैच 23 फरवरी, शाम 4 बजे (भारतीय समयानुसार) भारत बनाम पर्थ अज़्ज़ुरी फुटबॉल क्लब के बीच होगा। दोनों मुकाबले बंद दरवाजों के पीछे, बिना दर्शकों की उपस्थिति में खेले जाएंगे। भारत ने तुर्किये दौरे के दौरान यूक्रेन, रूस, स्विट्जरलैंड, जर्मनी और रोमानिया के क्लबों के खिलाफ कुल छह अभ्यास मुकाबले खेले, जिनमें तीन में जीत, एक मुकाबला बराबरी पर और दो में हार का सामना करना पड़ा। हालिया मुकाबले में भारतीय टीम को रोमानिया के क्लब एफके चिकसेरेडा मिएरकुरिया चिउक फुटबॉल क्लब के खिलाफ 0-1 से पराजय झेलनी पड़ी। (अनंत ज्ञान)

# टी-20 पंजाब प्रीमियर लीग में दिखेगा गिल, अभिषेक और अर्शदीप का जलवा

**एजेंसी, चंडीगढ़**





पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) जून में पंजाब की घरेलू टी-20 प्रतियोगिता पंजाब प्रीमियर लीग (पीपीएल) का आयोजन करेगा। इस बार टूर्नामेंट नए नाम और नए प्रारूप के साथ आयोजित किया जाएगा। पंजाब प्रीमियर लीग 2026 में कुल छह टीमें भाग लेंगी और सभी टीमें फ्रेंचाइज़ी मॉडल पर आधारित होंगी।

खिलाड़ियों की खरीद नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जाएगी। इस लीग में केवल पंजाब में पंजीकृत खिलाड़ी ही हिस्सा ले सकेंगे। लीग में पंजाब के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आकर्षण का केंद्र होंगे। भारतीय टेस्ट और सीमित ओवरों के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल, भारत के नंबर-1 टी-20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को मार्की खिलाड़ियों के रूप में शामिल किया जाएगा। इनके अलावा रामनदीप सिंह, नेहल वढेरा, नमन धीर, अनमोलप्रीत सिंह, प्रभसिमरन सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी मार्की सूची में शामिल हो सकते हैं। वर्तमान भारत अंडर-19 टीम के सदस्य युवा खिलाड़ी विहान मल्होत्रा भी इस लीग में खेलते नजर आएंगे। सीनियर खिलाड़ियों के साथ-साथ पंजाब की अंडर-23 टीम के खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। मयंक मार्कंडे, अश्वनी कुमार, गुरनूर बराड़, हरनूर सिंह, रमन धीर और हरप्रीत बराड़ जैसे खिलाड़ी भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। इसके अतिरिक्त सलील अरोड़ा, रघु शर्मा और अन्य उभरते खिलाड़ी भी पीपीएल का हिस्सा होंगे। (अनंत ज्ञान)

# भारतीय महिला कबड्डी टीम को बीबीसी स्टार परफॉर्मर्स ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय महिला कबड्डी टीम को विश्व कप में ऐतिहासिक जीत के बाद बीबीसी स्टार परफॉर्मर्स ऑफ द ईयर 2025 सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स वूमेन ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स समारोह में प्रदान किया गया, जिसने महिला कबड्डी की बढ़ती प्रतिष्ठा को राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दी।

भारत की दमदार विश्व कप जीत ने न केवल टीम के दबदबे को साबित किया, बल्कि नई पीढ़ी की खिलाड़ियों को भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। खिलाड़ियों का मानना है कि इस तरह के सम्मान महिला खेलों को आगे बढ़ाने और पारंपरिक भारतीय खेलों को व्यापक मंच देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारतीय महिला टीम की सदस्य ऋतु श्योराण ने कहा कि यह सम्मान न केवल टीम, बल्कि पूरे खेल के लिए अहम क्षण है। उन्होंने महिला कबड्डी को और मजबूत समर्थन देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि युवा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिल सकें। (अनंत ज्ञान)

### यह सम्मान ऐतिहासिक उपलब्धि: पूजा काजला

**टीम** की खिलाड़ी पूजा काजला ने भी इस सम्मान को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा, 'इस मंच पर आमंत्रित और सम्मानित होना हमारे लिए बेहद खुशी की बात है। पहली बार कबड्डी को इस तरह शामिल कर सम्मानित किया गया है, जो हमारे लिए बहुत मायने रखता है।' काजला ने कहा कि इस तरह की पहचान का सामाजिक प्रभाव भी होता है। उन्होंने कहा, 'इससे लड़कियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और परिवारों को भी गर्व महसूस होता है।'

# नेपाल ने स्कॉटलैंड को 7 विकेट से हराया

## दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 50 रन बनाए, सोमपाल कामी ने लिए 3 विकेट

**एजेंसी, मुंबई**



नेपाल ने टी-20 वर्ल्ड कप -2026 में पहली जीत हासिल की है। टीम ने स्कॉटलैंड को 7 विकेट से हराया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में नेपाल ने ग्रुप सी के इस मैच का टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम ने वर्ल्डकप में पहली बार टॉस जीता। स्कॉटलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 170 रन बनाए।

जवाबी पारी में नेपाल ने 19.2 ओवर में 3 विकेट पर चेज कर लिया। दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 23 बॉल पर 50 रन की नाबाद पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। ओपनर कुशल भुर्तेल ने 43 रन बनाए। आसिफ शेख ने 33 और गुलशन झा ने 24 रन बनाए। माइकल लीस्क को 3 विकेट मिले। टीम के शेष गेंदबाजों को विकेट नहीं मिले। इससे पहले स्कॉटलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 170 रन बनाए।

नेपाल की ओर से सोमपाल कामी ने 3 विकेट झटके। नंदन यादव को 2 विकेट मिले। कप्तान रोहित पौडेल और कुशल भुर्तेल ने एक-एक विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)

### स्कॉटलैंड के लिए जोन्स की फिफ्टी

**स्कॉटलैंड** की ओर से ओपनर माइकल जोन्स (71 रन) ने फिफ्टी लगाई। जॉर्ज मुन्से ने 27 और ब्रैंडन मैकमुलेन ने 25 रन बनाए। शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके।

## टेनिस

### विश्व नंबर एक ने पहले दौर में फ्रांस के रिंदरकनेश को 6-4, 7/5 से हराया

# कतर ओपन-2026 में अल्काराज ने की दमदार वापसी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दोहा में खेले जा रहे कतर ओपन-2026 में विश्व नंबर एक कार्लोस अल्काराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने के बाद शानदार वापसी करते हुए पहले दौर में फ्रांस के आर्थर रिंदरकनेश को 6-4, 7-6 (7/5) से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

मेलबर्न में खिताब जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने अल्काराज़ को 30वीं रैंकिंग वाले रिंदरकनेश के खिलाफ कड़ा मुकाबला झेलना पड़ा। दोनों सेट बेहद प्रतिस्पर्धी रहे, लेकिन स्पेनिश स्टार ने निर्णायक मौकों पर संयम बनाए रखा। मैच के बाद अल्काराज ने कहा, 'यह मुकाबला बेहद कठिन था। आर्थर बहुत खतरनाक खिलाड़ी हैं। पहले दौर में कोई भी उनके खिलाफ नहीं खेलना चाहता। मैं खुश हूं कि मैंने कठिन पलों में धैर्य बनाए रखा और सकारात्मक रहकर शानदार टेनिस खेला।' (अनंत ज्ञान)

### दूसरे दौर में वैलेंटिन रॉयेर से होगी भिड़ंत



**अब** अल्काराज का सामना दूसरे दौर में फ्रांस के 60वीं रैंकिंग वाले वैलेंटिन रॉयेर से होगा। पहले सेट में पांचवें गेम में सर्विस ब्रेक हासिल कर अल्काराज़ ने बढ़त बनाई, जबकि दूसरे सेट में रिंदरकनेश ने कड़ा प्रतिरोध किया। हालांकि टाई-ब्रेक में अल्काराज़ ने शानदार फोरहैंड विनर लगाकर मैच अपने नाम कर लिया। अल्काराज के मुख्य प्रतिद्वंद्वी यानिक सिनर ड्रॉ के दूसरे हिस्से में हैं। मई 2024 में मैड्रिड में आंद्रेई रुबलेव के खिताब जीतने के बाद से, इन दोनों खिलाड़ियों की मौजूदगी वाले किसी भी टूर्नामेंट में कोई अन्य खिलाड़ी खिताब नहीं जीत पाया है।

### क्वार्टर फाइनल में पहुंचे तो करेन खाचानोव से हो सकता है मुकाबला

**अल्काराज** यदि अगले दौर में जीत दर्ज करते हैं तो क्वार्टर फाइनल में उनका सामना पूर्व चैंपियन करेन खाचानोव से हो सकता है। सातवीं वरीयता प्राप्त खाचानोव ने जापान के लकी लूजर शिंतारो मोचिज़ुकी को तीन सेटों में हराया। वहीं, ग्रीस के स्तेफानोस सितसिपास ने ट्यूनीशिया के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी मोएज एचारगुई को हराकर 2023 चैंपियन दानिल मेदवेदेव से भिड़ंत तय कर ली है।

### जिरी लेहेका की भी शानदार शुरुआत



**चेक** गणराज्य के जिरी लेहेका, जिन्होंने पिछले साल अल्काराज़ को इसी टूर्नामेंट में बाहर किया था, ने अपने पहले मैच में अमेरिका के जेंसन ब्रूक्सबी को सीधे सेटों में हराकर दमदार शुरुआत की। कतर ओपन में अब दूसरे दौर के मुकाबलों के साथ रोमांच और भी बढ़ने वाला है।